RNI-MPHIN/2005/14721
Po-Malwa Div/244/2023-25
Desp.02 July, 2024

अंक – 01 (मासिक) | वर्ष – 20 | जूलाई, 2024 | मूल्य 20/–

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स



## चहुँ ओर जय महेश

'अटल पुरस्कार' से सम्मानित




रामपाल सोनी



रामकुमार भूतड़ा




एक्सपोर्ट एक्सीलेंस गोल्ड ट्रॉफी से जाजू सम्मानित



फिर बने लोकसभा अध्यक्ष
**ओम बिड़ला**

श्री माहेश्वरी मेलापक

वैवाहिक डायरेक्ट्री
श्री माहेश्वरी मेलापक 2024
का प्रकाशन प्रारंभ

Visit us @
srimaheshwaritimes.com

बात हम सबकी
सुने हर शनिवार

# Contemporary Range of Home Essentials, Crafted by Experts



FANS | LIGHTING
APPLIANCES | SWITCHES

Toll Free : 18001032676 | Email : customercare@rrglobal.com | Website: www.rrglobal.com | Follow us

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

▸▸ अंक-01 ▸▸ जुलाई 2024 ▸▸ वर्ष-20

प्रेरणास्रोत
**स्व. श्री बंशीलाल बाहेती**
**स्व. श्री मदनलाल पलौड़**

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
**श्रीमती सरिता बाहेती**

सम्पादक
**पुष्कर बाहेती**

संरक्षक
**पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)**
**श्री जोधराज लड्ढा (कोलकाता)**
**श्री रामकुमार टावरी (दिल्ली)**

अतिथि सम्पादक
**राजेश कोठारी, सूरत**

परामर्शदाता
**दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर**
**घनश्याम करनानी (कोलकाता)**

कला निदेशक
**अक्षय आमेरिया**

विधि सलाहकार
**राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)**

सम्पादकीय सलाहकार
**बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)**
**रामगोपाल मूंदड़ा (सूरत)**
**प्रो. कल्पना गगडानी (मुम्बई)**

कार्यालय-
90, विद्या नगर (टेढ़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

▸ श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
▸ सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

**Sri Maheshwari Times**
■ PNB A/c. No. : 045900210004371
IFSC- PUNB0045900
■ ICICI A/c. No. : 030005001198
IFSC- ICIC0000300

**Tariff of Membership**
Rs. 900/- for Three years
Rs. 3500/- for Life Time (12 Years)




विचार क्रान्ति

## गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण का फल 'अर्जुन'

महाभारत में आचार्य द्रोण कौरव-पांडवों दोनों के गुरु थे। सौ कौरव, पाँच पांडव, युयुत्सु, अश्वत्थामा, धृष्टद्युम्न और शिखण्डी सहित कोई 110 शिष्यों ने एक ही गुरु से शिक्षा ली किंतु क्या कारण है कि एकमात्र अर्जुन ही तत्कालीन विश्व का सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बन पाया? इस प्रश्न का उत्तर शेष सहपाठियों की तुलना में गुरु के प्रति अर्जुन का पूर्ण समर्पण और सेवा है।

महाकाव्य के आदिपर्व की कथा है कि हस्तिनापुर स्थित अपने गुरुकुल में राजकुमारों की शिक्षा आरम्भ के पहले दिन आचार्य द्रोण ने सब विद्यार्थियों को एकत्र कर कहा कि जिस दिन तुम्हारी शिक्षा पूरी होगी, उस दिन मैं तुम्हें एक आज्ञा दूंगा। तुम सभी को उसका पालन करना होगा। मेरी इस कामना के बारे में तुम्हारा क्या विचार है? द्रोण की वह इच्छा पांचाल नरेश द्रुपद को पकड़कर उनके सम्मुख लाने सम्बन्धी थी क्योंकि द्रुपद ने मित्र होकर भी द्रोण का अपमान किया था।

कथा कहती है कि द्रोण के प्रश्न पर सारे राजकुमार चुप रहे मगर एकमात्र अर्जुन ने आगे बढ़कर कहा, 'हे गुरुदेव! जब भी आपकी जो आज्ञा होगी, मैं उसे पूरा करूँगा।' बस इस एक उत्तर ने द्रोण का हृदय जीत लिया। उन्होंने न केवल उस घडी अर्जुन को गले लगाया बल्कि योजनाबद्ध उसके व्यक्तित्व निर्माण में अपने पुत्र अश्वत्थामा से अधिक ऊर्जा लगाई। भविष्य में उसके सम्भावित प्रतिस्पर्धी एकलव्य से अंगूठा माँगकर अर्जुन की राह निष्कंटक की सो अलग।

एक बार जब गङ्गा स्नान के समय एक मगर ने द्रोण का पैर पकड़ लिया तो किशोर अर्जुन ने ही बाण से मगर को मारकर गुरु की जीवन रक्षा की थी। जिससे प्रसन्न होकर द्रोण ने अर्जुन को ब्रह्मास्त्र तक दे दिया था।

साधो! सार यह कि सर्वथा गुरु की आज्ञा का पालन गुरु के प्रति पूर्ण और निष्काम समर्पण है और रक्षा एक प्रकार की सेवा है। यह भाव केवल अर्जुन में था अतः गुरु कृपा से एकमात्र अर्जुन ही महारथी अर्जुन बन सका।

■ डॉ. विवेक चौरसिया



सम्पादकीय

# महाहर्ष की बेला...

गत 15 जून को देश ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में बसे माहेश्वरी समाजजनों ने अत्यंत उत्साह के साथ शोभायात्रा निकालकर अपनी एकता का प्रदर्शन करते हुए अपना सामाजिक उत्पत्ति पर्व ''महेश नवमी'' महोत्सव के रूप में मनाया। यह उल्लास न सिर्फ आनंदित करने वाला बल्कि गर्वित करने वाला भी था। हम जब इसी तरह उत्साह व एकता का प्रदर्शन करेंगे तभी अपनी आने वाली पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा से जोड़े रख पाऐंगे और वे अपने आपके माहेश्वरी होने पर गर्व कर सकेंगे। वास्तव में इस बार का महेश नवमी पर्व हर्ष का पल बन गया।

महेश नवमी पर्व के हर्ष को महाहर्ष की बेला समाज को मिले सम्मान ने भी बना दी। माहेश्वरी समाज के गौरव कोटा के सांसद व गत लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला पुनः वर्तमान 18वीं लोकसभा के भी अध्यक्ष बने हैं। यह समाज के लिये अत्यंत गर्व की बात है। इतना ही नहीं इस चुनाव की विशेषता यह थी कि श्री बिड़ला का नाम स्वयं प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रस्तावित किया था। श्री बिड़ला के निर्वाचन के पश्चात जब प्रधानमंत्री का उद्बोधन हुआ तो उन्होंने श्री बिड़ला के कृतित्व व योगदानों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। आपको यह जानकर हर्ष होगा कि श्री बिड़ला की जिन अच्छाईयों की प्रधानमंत्री ने प्रशंसा की वे माहेश्वरी समाज के संस्कारों में समाहित हैं। अतः वास्तव में यह हमारे संस्कारों का सम्मान है। श्री बिड़ला का निर्वाचन सही मायने में एक अच्छी, स्वच्छ राजनीति की जीत है। इससे समाज की युवा पीढ़ी में भी यही संदेश जाऐगा कि यदि हम राजनीति को स्वच्छ बनाये रखकर देश के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करना चाहते हैं तो अच्छे लोगों को राजनीति में आना ही पड़ेगा। सिर्फ राजनीति को काजल की कोठरी ही समझेंगे तो फिर कोई परिवर्तन नहीं होना है।

यह हर्ष की बेला यहीं पर समाप्त नहीं हुई। इस बेला में इंदौर के ख्यात उद्यमी व समाजसेवी श्री रामावतार जाजू भी अपने रिजन के सर्वश्रेष्ठ निर्यातक के रूप में सम्मानित हुए हैं। इसके लिये मैं श्री जाजू को बधाई देता हूँ। देश की शीर्ष विभूतियों को सम्मानित करने के लिये भारत सरकार द्वारा ''अटल सम्मान'' गत कुछ वर्षों से प्रदान किया जा रहा है। आपको यह जानकर हर्ष होगा कि इस बार इस सम्मान को प्राप्त करने वालों में समाज की तीन विभूतियाँ शामिल हैं। यह सम्मान इस बार भीलवाड़ा के ख्यात उद्यमी व अ.भा. माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति श्री रामपाल सोनी, उद्यमी व अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष श्री रामकुमार भूतड़ा तथा दिल्ली के समाजसेवी श्री अनिल भक्कड़ को उनके योगदानों के लिये प्रदान किया गया। सभी का मैं अभिनंदन करता हूँ। इनके साथ समाज की अन्य कई प्रतिभाऐं विभिन्न सम्मानों से सम्मानित हुई हैं, वे तो अनगिनत हैं। आखिर यही तो है, महाहर्ष का पल जो हमें भगवान श्री महेश की कृपा से प्राप्त हुआ है।

यह अंक अन्य स्थायी स्तम्भों के साथ ही ''महेश नवमी पर्व'' पर केंद्रीत होकर आपको इस पर्व की झलकियों से सराबोर करेगा। आशा ही नहीं विश्वास है कि आपको यह अवश्य ही पसंद आऐगा। अपनी प्रतिक्रिया से अवगत करवाना भी न भूलें।

जय महेश!



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

## अतिथि सम्पादकीय

निःस्वार्थ समाजसेवी के रूप में अपनी पहचान रखने वाले सूरत निवासी श्री राजेश कोठारी का जन्म 27 जून 1968 को पाली मारवाड़ (राज.) में स्व. श्री रामनिवास कोठारी के यहाँ हुआ था। आप वर्तमान में सूरत भटार माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस संगठन ने आपके ही नेतृत्व में वरिष्ठ दम्पत्तियों के लिये ''गोल्डन कपल अवार्ड'' समारोह आयोजित कर सम्पूर्ण समाज को एक नयी दिशा दिखाई है। इसमें वरिष्ठ दम्पत्तियों को दुल्हा-दुल्हन की तरह तैयार कर परस्पर वरमाला पहनवाकर मनोरंजक कार्यक्रमों का भी ठीक उसी तरह आयोजन किया गया जैसा आमतौर पर विवाह में होता है। इसी तरह सीनियर सिटीजन सम्मान का भी आयोजन हो चुका है। आप 1984 से टेक्सटाईल्स एजेन्ट के रूप में कोठारी एजेंटी के नाम से व्यापार दिल्ली, बरेली, अहमदाबाद, इचलकरंजी, पाली, जयपुर, में अपनी शाखा के माध्यम से विस्तृत व्यापार का संचालन कर रहे हैं। आपकी पहचान समाज में एक ऐसे समाजसेवी के रूप में हैं, जो समाज को हमेशा एकता के सूत्र में पिरोये रखने में जुटे रहते हैं। धर्मपत्नी रेखा कोठारी सहित विवाहित पुत्र व पुत्री भी आपके ही पदचिन्ह्नों पर चलते हुए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समाज को अपना योगदान दे रहे है।



# एकता में ही है शक्ति

जब भी हम किसी के सामने कहते हैं कि हम ''माहेश्वरी'' हैं, तो सामने वाले पर होने वाले सकारात्मक प्रभाव के कारण हमें अपने आपके माहेश्वरी होने पर गर्व हो जाता है। कारण यही है कि आमजन के अंदर ''माहेश्वरी'' शब्द के पीछे एक ऐसे इंसान का स्वरूप होता है, जो ईमानदार, मेहनती व कार्यकुशल है, साथ ही एक ऐसे समाज से जुड़ा है, जो अत्यंत संगठित है। माहेश्वरी होने का अर्थ एक ऐसे समाज से सम्बद्ध होना है, जो अपनी कार्यकुशलता व मेहनत से विश्व की दूसरी सबसे सम्पन्न जाति है। देश ही नहीं बल्कि वर्तमान में तो कई अन्य देशों में भी माहेश्वरी समाजजन अपनी सफलता की पताका फहरा रहे हैं। इन सबके बावजूद समाज ने अपने मौलिक आदर्श सेवा को भी कभी नहीं त्यागा। इसी का नतीजा है कि जहाँ भी माहेश्वरी है, वहाँ मानवसेवी गतिविधियों का आयोजन और सेवा भवनों का संचालन अवश्य ही होता है।

समाज की यह प्रतिष्ठा मात्र कुछ वर्षों नहीं बल्कि सैकड़ों वर्षों का प्रतिफल है। किसी भी समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखने का सबसे बड़ा सूत्र उस समाज के आदर्श हैं और हमारे पूर्वजों ने हर कीमत पर अपने सेवा, समर्पण व सदाचार के आदर्श को अपनाये रखा। इसी का परिणाम रहा कि उन्हें सफलता प्राप्ति की शक्ति मिली और सामाजिक एकता के कारण इसमें सहयोग मिला। याद रखें अकेले अंगुली का कोई बड़ा अस्तित्व नहीं होता लेकिन जब पाँचों अंगुलियाँ मिल जाती हैं, तो ये एक शक्ति बन जाती है। बस यही सब कुछ हमारे साथ भी हुआ। हमारे समाज की संगठनात्मक व्यवस्था सम्भवतः सबसे पुरानी व सबसे मजबूत रही है। इसी ने परस्पर उन्नति के मार्ग को प्रशस्त किया।


दुर्भाग्यवश वर्तमान में हमारी संगठनात्मक व्यवस्थाओं में भी राजनीति हावी होने लगी है। पद की लालसा में प्रत्याशी कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। इसका नतीजा परस्पर कटूता और समाज के विग्रह के रूप में दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में हमारा संगठन भटार माहेश्वरी सभा आदर्श संगठन है। कारण है, इसमें सभी कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलते हैं। हमारे यहाँ कोई भी पदाधिकारी बड़ा या छोटा नहीं है, बल्कि सभी अलग-अल जिम्मेदारी मात्र निभा रहे हैं, अन्यथा सभी मूल रूप से तो कार्यकर्ता ही हैं। याद रखें यदि हम संगठित रहें और सभी के सूर एक हों तो ही हमें सफलता मिलेगी। एकता की इस सोच को अपने घर से प्रारम्भ करना होगी। इसके लिये सबसे जरूरी है, संयुक्त परिवारों को बचाना, जिससे परिवार की सोच बढ़े और इससे संगठित समाज की सोच भी सतत बढ़ती चली जाएगी। आशा ही नहीं विश्वास है कि सभी संगठन के नेतृत्वकर्ता महेश नवमी की इस पावन बेला में यह संदेश अवश्य ही प्रदर्शित करेंगे।

**राजेश कोठारी, सूरत**
अतिथि सम्पादक

With Best Compliments From



स्व. बबली देवी देवपुरा





स्व. लक्ष्मीनारायण देवपुरा

।। श्री नाथ जी ।।

LS
SHREENATHJIWALE

Since 1979

# SHRI SHYAM ALANKAR PVT LTD.

SUHAG DEVPURA
97128 57437


SHUBHAM DEVPURA
7990103698

## Kamakhya Chunri

Wholesaler of : Mukut-Shrinagar, Chunri, Rudraksh-Mala etc.



Shop No.3, Vrajswami Complex, Doshiwada ni Pole,
Kalupur, **Ahmedabad** (Gujrat) 380001
E-mail : shrishyamalankar2010@gmal.com



# श्री सुरल्या माताजी (मानुधणी)

■ टीम SMT

**श्री सुरल्या माताजी जिन्हें मानुधणी या मूणधणी माताजी भी कहा गया है, मुख्य रूप से मानधन्या व भुराड़िया खाँप की कुलदेवी हैं, भंसाली परिवार भी कहीं-कहीं इन्हें अपनी कुलदेवी के रूप में पूजते हैं।**

राजस्थान के नागौर जिले के डीडवाना (बांगड़नगर) शहर के मध्य में कोट मोहल्ला स्थित सुखदेव व्यास (मानधना के कुल गुरू) के निवास पर चलमूर्ति (उत्सव मूर्ति) के रूप में सुरल्या माताजी की प्रतिमा विराजित है।

कोट मोहल्ला डीडवाना बसस्टेण्ड से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर नागौर गेट के पश्चात् कोट द्वार के अन्दर मानधना की पोल में स्थित श्री व्यास का निवास है। अजय (राजेन्द्र) व्यास ने बताया कि पूर्व दिशा में स्थित मंदिर में प्रतिमा का मुखारविंद पश्चिम दिशा में हैं। वर्षो पूर्व (अज्ञात) आश्विन शुक्ल सप्तमी को विराजित यह मूर्ति कलश आकृति में है। प्रतिवर्ष नवरात्रि में सप्तमी का नगर में धूमधाम से सवारी निकलती है। दशमी को पूर्णाहूति होती है। लापसी व चांवल का भोग लगाया जाता है। ठहरने के लिये कुछ दूरी पर ही माहेश्वरी धर्मशाला है। जिसमें 15 कमरे व हॉल आदि की व्यवस्था के अतिरिक्त होटल व अन्य धर्मशाला भी हैं। मंदिर में प्रातः 7 बजे व संध्या 7 बजे आरती पारम्परिक रूप से होती है।

## कैसे पहुँचें

डीडवाना पहुँचने के लिये निकटतम रेलवे स्टेशन यहाँ से 45 कि.मी. दूर स्थित नारायणपुरा है। यहाँ से बस द्वारा डीडवाना पहुँचा जा सकता है। बस स्टेण्ड से माताजी का स्थान (पं. व्यास का आवास) लगभग 1 कि.मी. दूर है। अधिक जानकारी के लिये पं. अजय व्यास 092145-05129 से सम्पर्क किया जा सकता है।

|| सभी समाजबंधुओं को महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ ||

जन्मपत्रिका में अपने ग्रह दशाओं की जानकारी ले
उनका उपाय करें और अपने जीवन को सरल और सुखी बनाए





जन्म कुंडली



गुण मिलन



रत्न मार्गदर्शन



वास्तु मार्गदर्शन

**हेमराज लढ़ा**

( गोल्ड मेडलिस्ट )

(M) 94142 59672

जन्मपत्री द्वारा भविष्य
बिना तोड फोड के वास्तुदोष निवारण

**INDIAN STOCK MARKET MASTERY COURSE**

KING OF NIFTY™
DR. VIKAS LADDHA

- Price Action Course
- Candlestick Analysis
- Trend Analysis
- Price Patterns
- All Important Tools
- FII & DII Reading Ways
- Picking of Stock
- Power of Volume
- Locking of Support &
- Resistance Band
- Detailed Chart Analysis
- EMA Strategy 5/10/50/97/200
- Option Chain & PCR DATA
- Analysis
- Magic of Pivot Point
- Profit Loss Ratio
- Knowledge of Entry & Exit in market
- Application of Retracement
- Money Risk & Emotions Management

Supply & Demand Zone

Hazing Strategy



**DR. VIKAS LADDHA**
(LL.B, D.LL, M.B.A., M.S.W, Ph.D)

*"Meri Pechaan, Students ke Chehre ki Muskaan!"*

+91 97856 09947

C 3051/3052 3RD FLOOR TRP MALL BOPAL, AHMEDABAD (Guj.) 380058

www.kingofnifty.com info@kingofnifty.com

# ओम बिड़ला दूसरी बार बने लोकसभा अध्यक्ष

## देश के इतिहास में दो बार चुने गये श्री बिड़ला दूसरे अध्यक्ष



**कोटा।** गत 26 जून को लोकसभा की बैठक में गत सत्र के लोकसभा अध्यक्ष तथा कोटा के सांसद ओम बिड़ला ध्वनिमत से पुनः अध्यक्ष चुने गये। श्री बिड़ला देश के इतिहास में दोबारा लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने वाले दूसरे सांसद हैं। लगभग 25 वर्ष पूर्व बलराम जाखड़ ही दोबारा लोकसभाध्यक्ष चुने गये हैं।

कोटा (राज.) से लगातार तीसरी बार सांसद चुने गये 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला पुनः वर्तमान 18वीं लोकसभा में भी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाऐंगे। श्री बिड़ला इस पद के चुनाव में एनडीए की ओर से उम्मीदवार थे। श्री बिड़ला का इस पद हेतु स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाम प्रस्तावित किया था, जिसे ध्वनिमत से समर्थन मिला। इस चुनाव के बाद स्वयं प्रधानमंत्री श्री मोदी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी श्री बिड़ला को अध्यक्ष की आसंदी की ओर लेकर पहुँचे। श्री बिड़ला के पद ग्रहण के पश्चात प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्री बिड़ला के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी व अखिलेश यादव आदि ने भी श्री बिड़ला को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

### लोकसभा चुनाव में जीत से भी इतिहास

ओम बिरला वो शख्स हैं, जो 25 साल पुरानी परम्परा तोड़कर राजस्थान के कोटा से बतौर भाजपा सांसद संसद पहुंचे हैं और पुनः लोकसभा अध्यक्ष बने। दरअसल, देश में बीते 25 साल से यह अनूठी परम्परा चली आ रही है कि जो भी लोकसभा अध्यक्ष बनता है तो वो अगली बार लोकसभा चुनाव में दुबारा जीतकर सांसद नहीं बनता, मगर श्री बिड़ला ने इस परंपरा को लोकसभा चुनाव 2024 में तोड़ डाला था। श्री ओम बिरला कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से लगातार 2014, 2019 और वर्तमान वर्ष 2024 में भाजपा सांसद बने हैं। गत सत्र 2019 में पहली बार लोकसभा स्पीकर भी बने। स्पीकर रहते दुबारा सांसद नहीं बनने की परंपरा को उन्होंने वर्तमान चुनाव में तोड़ डाला। लोकसभा चुनाव 2024 में ओम बिरला ने कुल 750,496 वोट हासिल किए, जबकि कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल को 7,08,522 वोट मिले। ओम बिरला की जीत का अंतर 41,974 वोट रहे। इससे पूर्व श्री बिड़ला लगातार तीन बार विधायक चुने जाने का इतिहास भी बना चुके हैं।

### संस्कारवान परिवार के सदस्य

श्री बिड़ला का जन्म 23 नवम्बर 1962 को स्व. श्री श्रीकृष्ण बिड़ला तथा स्व. श्रीमती शकुंतला बिड़ला के यहाँ 6 भाई व 3 बहनों के भरे पूरे परिवार में हुआ था। आप परिवार की तीसरी संतान हैं। परिवार से मिले संस्कारों का ही यह नतीजा है कि श्री बिड़ला ने परिवार की तरह गत 17वीं लोकसभा के दौरान कोरोना काल में दलगत राजनीति से अलग हटकर सभी से सम्पर्क रख परिवार के मुखिया की तरह अपनी जिम्मेदारी निभाई। आपकी धर्मपत्नी डॉ. अनिता बिड़ला ख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। पुत्री आकांक्षा बिड़ला सीए तथा अंजली बिड़ला भारतीय रेल में कार्यरत हैं।




*With Best Compliments From*

**CA सुरेश काबरा**

पूर्व उपाध्यक्ष (दक्षिणांचल)
गुजरात प्रान्तीय माहेश्वरी सभा

॥ कौटिल्य ॥

Plot No. 327,
B/h. Old Sub Jail (Ring Road),
B/h. INS Hospital (BRTS Road),
Opp. Noble Paper, Khatodara,
Surat - 395 002 (Gujarat)
Email,: cakabra@gmail.com
Tel: 0261-2320131, 2320141, 98250 59665

# 65-85 वर्ष के युगल फिर बने ''दुल्हा-दुल्हन''

## सूरत भटार माहेश्वरी सभा ने 55 युगल का किया ''गोल्डन कपल सेलिब्रेशन''



**सूरत। भटार माहेश्वरी सभा ने गोल्डन कपल सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन किया। इसमें 40 वर्ष का वैवाहिक जीवनपूर्ण करने वाले 55 युगल फिर से दुल्हा-दुल्हन की तरह तैयार हुए और उन्हें गोल्डन कपल का सम्मान प्रदान किया गया।**

माहेश्वरी सभा भटार ने एक नयी सोच से कुछ नया करने की सम्पूर्ण समाज को प्रेरणा दी है। इसके अंतर्गत संयोजक विजय धूत, अध्यक्ष राजेश कोठारी तथा सचिव विकास डोडिया के नेतृत्व में सम्भवतः देश में प्रथम बार ''गोल्डन कपल सेलिब्रेशन'' कार्यक्रम का आयोजन यिका गया। सर्वप्रथम सूरत भटार माहेश्वरी सभा द्वारा महेश ज्योत को प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। महेश ज्योत भजन संध्या के साथ जिन कपल की शादी को 40 वर्ष संपन्न हो गये उन्हें गोल्डन कपल का सम्मान दिया गया। समाज बैनर के अन्तर्गत 55 गोल्डन कपल का सेलिब्रेसन किया गया। वे दूल्हे व दुल्हन की वेशभूषा में तैयार भी हुए। समाज की तरफ़ से गोल्डन कपल को दुपट्टे, साफ़ा, ब्रोंज, तिलक लगाकर त्यार किया गया। मंत्रोच्चारण के बीच वरमाला दूल्हे-दुल्हन को दी गईं और फूलों की बारिश के बीच सभी गोल्डन कपल ने एक दूसरे को माला पहनाकर महेश ज्योत के दर्शन किए। पहली बार समाज के इतिहास में ऐसा हुआ कि परिवार समाज के बेटे, बहू, युवा बच्चों के साथ 65 से 85 वर्ष के उम्र के गोल्डन कपल खूब झूमे-नाचे मस्ती की। अनुभूति में खूब दुआ आशीर्वाद के शब्द से समाज के इस माहोल को भाव विभोर कर दिया। सभी गोल्डन कपल को इस मार्मिक चित्रण की तस्वीर प्रतिमा में भेंट की जाएगी।

### सभी ने की प्रशंसा

### दिल छूने वाला कार्यक्रम

सूरत भटार माहेश्वरी सभा की ओर से महेश ज्योत भजन संध्या व गोल्डन कपल सन्मान का दिल छूने वाला कार्यक्रम माहेश्वरी भवन, सिटी लाइट में गत 09 जून को आयोजित किया गया। उसके लिए हार्दिक अभिनंदन एवं बधाई। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों एवं समाजबंधुओं विशेषकर राजेशजी, विकासजी, विजयजी, योगेशजी व सभी ने बहुत मेहनत करके आयोजन को सफल बनाया।

**-नंदकिशोर - भगवतीदेवी तापड़िया**

### अविस्मरणीय, अद्वितीय क्षण

भटार महेश्वरी समाज की अलौकिक रूपरेखा और सुचारू व्यवस्था काबिले तारीफ थी। आप सभी प्रतिभा के धनी सदस्यों ने अपने सफल प्रयास से एक बहुत ही सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। यह वास्तव में सराहनीय है। यह आपका प्रथम प्रयास था और इस प्रथम प्रयास में ही आप सभी निपुण साबित हुए। हमें गर्व है, आप जैसे नवयुवकों पर, जिनका समाज के प्रति वह गहन दृष्टिकोण है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक होगा।

**देवकिशन राठी ( माखन भोग परिवार )**



# जाजू को मिली एक्सपोर्ट एक्सीलेंस गोल्ड ट्रॉफी



**इंदौर।** इंदौर की मशहूर कंपनी आदर्श ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के चैयरमेन राम अवतार जाजू को गत 22 जून 2024 को मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल द्वारा फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन की ओर से अवार्ड से नवाजा गया। यह संस्था भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अन्तर्गत निर्यात संबंधी सुविधाएं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निर्यातको को इस पुरुस्कार से पुरस्कृत कर सम्मानित करती है।

इसके अंतर्गत श्री जाजू को वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 में वेस्ट जोन में सर्वाधिक फोरेक्स अर्निंग अर्थात निर्यात हेतु एक्सपोर्ट एक्सीलेंस अवार्ड गोल्ड ट्राफी से सम्मानित किया गया। श्री जाजू ने अपना व्यावसायिक जीवन सन् 1965 में, मध्यप्रदेश के इंदौर शहर से प्रारम्भ किया। इसके 12वें वर्ष सन् 1977 में महाराष्ट्र राज्य के जलगाँव में प्रथम दाल मिल इकाई की स्थापना की। इस व्यवसाय का सफलता पूर्वक नेतृत्व और संचालन करते हुए न केवल दाल मिलों की संख्या में वृद्धि की बल्कि निर्यात के क्षेत्र में भी अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार विश्व के लगभग 40 देशों तक किया। वर्तमान समय में इनकी दाल मिलों की संख्या 7 है। इंदौर, जलगाँव व मुंबई से संचालित इनके व्यवसाय आदर्श ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज को सामूहिक रूप से आदर्श ग्रुप के नाम से जाना जाता है, वे इस ग्रुप के चेयरमेन पद पर आसीन हैं। आदर्श ग्रुप की प्रमुख कंपनी 'आदर्श ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड' भी है, जिसे भारत सरकार द्वारा एक 'निर्यात सदन' के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस कंपनी के माध्यम से उच्च गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ तथा मसालों आदि का निर्यात भी विश्व के लगभग 40 देशों को किया जाता है। श्री जाजू अनेक विश्व व्यापार सम्मेलनों में भी भाग ले चुके हैं। अपनी इस व्यावसायिक सेवा के लिये श्री जाजू ''राष्ट्रीय निर्यात पुरस्कार'', ''भारतीय उद्योग रत्न'', ''निर्यात श्री गोल्ड ट्रॉफी'', ''रजत ट्रॉफी'' आदि से भी सम्मानित हो चुके हैं। इस अवसर पर पुत्री सुरभी जाजू को भी पुरस्कृत किया गया।

### समाज सेवा में सदैव सक्रिय

महासभा के 23 वें सत्र के अर्थमंत्री के रूप में अपनी पहचान रखने वाले श्री जाजू अ.भा. माहेश्वरी महासभा से 20 वें सत्र में कार्यकारी मंडल सदस्य के रूप में सम्बद्ध हुए और 22 वें तथा 24 वें सत्र में भी अपनी सेवा दी। 21 वें, 25 वें, 26वें, 27 वें सत्र में कार्य समिति सदस्य रहे। तथा वर्तमान में 29 वें सत्र में कार्य समिति सदस्य है। वे श्री आदित्य विक्रम बिड़ला व्यापार सहयोग केंद्र के संस्थापक सदस्य हैं व वर्ष 1999-2007 तक कोषाध्यक्ष रहे। महासभा के 27 वें सत्र में माहेश्वरी बोर्ड नागपुर के चेयरमेन रहे। ए.बी. माहेश्वरी एजुकेशन ट्रस्ट व श्री महेश जनसेवा ट्रस्ट इंदौर के चेयरमेन के रूप में भी सेवा दे रहे हैं। बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केंद्र भीलवाड़ा में न्यासी व श्री जयनारायण जाजू चेरिटेबल ट्रस्ट जयपुर के प्रबंध न्यासी, श्री माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट इंदौर के संस्थापक ट्रस्टी तथा ए.बी. माहेश्वरी एजुकेशन एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट कोटा के सचिव व ट्रस्टी हैं। अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर, श्रीमती केसर बाई सोनी माहेश्वरी छात्रावास मुंबई, श्रीमती लक्ष्मीदेवी बालचंद मोदी बालिका छात्रावास कोटा, श्री रत्नीदेवी काबरा माहेश्वरी महिला सशक्तिकरण ट्रस्ट, म.प्र. पश्चिमांचल माहेश्वरी पारमार्थिक न्यास इंदौर, अ.भा. माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारिका आदि कई संस्थाओं से भी सम्बद्ध हैं।

# नागदा माहेश्वरी समाज की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन





**नागदा।** माहेश्वरी समाज नागदा की नवीन कार्यकारिणी का गठन गत 25 जून को माहेश्वरी भवन, नागदा पर नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम राठी द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं अ. भा. माहेश्वरी महासभा के सदस्य गोविन्दलाल मोहता द्वारा की गई।

बैठक में अध्यक्ष श्री राठी द्वारा सचिव प्रतीक गगरानी, कोषाध्यक्ष सौरभ मोहता, सहसचिव महेश झंवर, सहकोषाध्यक्ष पंकज डांगरा, उपाध्यक्ष आनंदी लाल गगरानी, राज कुमार जी मोहता, अजय माहेश्वरी, प्रचार मंत्री प्रतीक सोडानी, सांस्कृतिक सचिव प्रियेश मोहता, संरक्षक एवं परामर्श दाता ताराचंद मालपानी, प्रहलाद राठी, गोविंद लाल मोहता, मदनलाल गगरानी, डॉ सी. एम मालानी, बंसीलाल राठी, हृदयेश गुप्ता, प्रकाश माहेश्वरी, जगदीश भूतड़ा, बंसीलाल मालपानी, बृजमोहन राठी, जगदीश मोहता, नरेंद्र राठी, गोपाल मोहता, गिरिराज मालपानी, रमेश मोहता, सतीश बजाज, प्रदीप राठी, बृजमोहन मोहता, रमेश राठी, मुरलीधर राठी, मनोज राठी, मनोज राठी (बारदान वाला), देवकरण डांगरा, नाथूलाल बांगड़, महेंद्र बिसानी को नियुक्त किया।

# महेश गौरव सम्मान से किया अलंकृत



**चैन्नई।** महेश नवमी के पावन अवसर पर श्री माहेश्वरी सभा चेन्नई द्वारा तमिलनाडु केरल पुदुचेरी प्रादेशिक स्तर पर 'महेश गौरव सम्मान' का आयोजन गत 16 जून को डी.जी. वैष्णव कॉलेज में सायं 5.00 बजे से हुआ। शुभारम्भ अवसर पर सभाध्यक्ष डॉक्टर अशोक जे. मूंधड़ा ने शाब्दिक स्वागत किया। श्री सीमेंट के वाईस प्रेसिडेंट योगेश मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का सम्मान राम रतन राठी तथा अशोक जे. मूंधड़ा ने किया। कार्यक्रम संयोजक कमल गोयदानी ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि महेश गौरव सम्मान के मुख्य प्रायोजक मालपानी बिसानी व एंडोमेंट के रमेश बिसानी का अशोक लखोटिया ने शाल द्वारा सम्मान किया व स्मृति चिन्ह डॉ. अशोक जे मूंधड़ा ने प्रदान किया। सम्मान समारोह के प्रथम चरण में पद्मश्री बंशीलाल राठी को विशिष्ट सेवा सम्मान दिया गया। उनकी अनुपस्थिति में उनके पुत्रों नवल राठी व अशोक राठी को शाल द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् प्रमुख बिन्दु महेश गौरव सम्मान की ओर कार्यक्रम बढा। कुल 6 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें श्यामसुन्दर राठी, पेशेवर सेवा में चेन्नई के कृष्णकुमार माहेश्वरी, समाज सेवा में कोयंबतूर के श्रीगोपाल माहेश्वरी, पुदुचेरी से जगदीश पोरवाल, चेन्नई से श्रीकुमार फ़ोमरा, एवं कला संस्कृति साहित्य से चेन्नई के गोविंद मूंदड़ा शामिल हैं।

# अशोक माहेश्वरी का किया सम्मान



**उज्जैन।** माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष तथा बम्बाखाना व्यापारी एसोसिएशन सभापति उज्जैन निवासी अशोक माहेश्वरी स्नेह भेंट हेतु श्री माहेश्वरी टाईम्स कार्यालय आये। इस दिन 26 जून को श्री माहेश्वरी का 61वाँ जन्मदिवस होने पर श्री माहेश्वरी टाईम्स परिवार की ओर से श्री माहेश्वरी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्री माहेश्वरी टाईम्स सम्पादक पुष्कर बाहेती, मुनि बाहेती आदि उपस्थित थे।

# विश्व योग दिवस का आयोजन



**जायस ( उ.प्र. )।** पंकज माहेश्वरी स्मृति महाविद्यालय, नन्दग्राम, जायस, अमेठी (उ.प्र.) में विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रबन्धक मनोज माहेश्वरी ने छात्र-छात्राओं को योग के आठों आयाम समझाये। उन्होंने कहा कि अपने तन-मन को स्वस्थ रखने के लिये योगासन और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का आवश्यक बनाना चाहिए। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है मनुष्य का उद्धार कोई और नही कर सकता, उसे स्वयं ही अपना उद्धार करना होगा। अपने को अधोगति से उबार कर सतोगुण पर चलना होगा।



# ऋण सहायता राशि अब 4 से बढ़कर हुई 5 लाख

## श्री आदित्य विक्रम बिरला मेमोरियल व्यापार सहयोग केन्द्र की मेनेजिंग कमेटी बैठक में कई निर्णय



**मुंबई।** श्री आदित्य विक्रम बिरला व्यापार सहयोग केन्द्र की मेनेजिंग कमेटी बैठक गत 08 जून को बिरला सेन्टर, मुंबई में पद्मभूषण राजश्री बिरला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें समाजहित में सहयोग राशि बढ़ाने जैसे कई निर्णय हुए।

राजश्री बिरला ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि गत 14 जनवरी 2024 को चेन्नई में सम्पन्न रजत जयंती शुभारंभ समारोह बहुत ही सुन्दर ढंग से सम्पन्न हुआ। किसी भी सामाजिक संस्था के लिए सफलता की सीढियाँ चढ़ते हुए 25 वर्ष पूर्ण करना बड़े ही गर्व एवं गौरव की बात होती है। योजना ने अपनी उपलब्धि एवं सफलताओं के माध्यम से समाज के मानस पटल पर अमिट छाप छोड़कर इस वर्ष ऋण सहायता वितरण का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2023-24 में केन्द्र द्वारा रू. 711.35 लाख की ऋण सहायता स्वीकृत की गई है, अभी तक निम्न आय वर्ग के 7300 से अधिक परिवार रु. 80.25 करोड़ की ऋण सहायता का लाभ लेकर आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बने हैं। कार्याध्यक्ष - श्री बंशीलाल राठी ने बताया कि स्व. श्री आदित्य बाबू बिरला की स्मृति में 15 अगस्त 1999 को केन्द्र योजना की स्थापना हुई थी, योजना ने इस वर्ष 25 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं। केन्द्र पदाधिकारी एवं मेनेजिंग कमेटी सदस्य योजना को नई ऊँचाईयों की ओर अग्रसर करने में पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं, ऋण सहायता वितरण के साथ साथ बकाया वसूली की ओर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

### केंद्र ने बनाई अपनी अलग पहचान

महामंत्री- श्यामसुन्दर काबरा ने कहा कि 25 वें वर्ष में मुझे केन्द्र महामंत्री के रूप में सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। केन्द्र अध्यक्षा एवं कार्याध्यक्ष की दूरदर्शी सोच एवं मार्गदर्शन सेवा भावी कार्यकर्ताओं को योजना से जुडने के लिए प्रेरित करते हैं। यही वजह है इस योजना ने समाज की श्रेष्ठ सेवी संस्थाओं में अपनी अलग पहचान बनायी है। अर्थमंत्री- आनन्द राठी ने वर्ष 2023-24 का प्रोव्जिनल आय-व्यय पत्रक तथा बेलेन्सशीट प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृती प्रदान की गई। कार्यकारी मंत्री नवलकिशोर राठी ने ऋण सहायता प्रणाली, किश्त वापसी, बकाया वसूली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र को प्राप्त सभी आवेदन पत्र बिना विलम्ब स्वीकृत कर 7 से 10 दिनों के भीतर ऋण सहायता राशि सीधे हितग्राही बन्धुओं के बैंक खाते में ट्रांसफर की जा रही है। केन्द्र द्वारा योजना की शुरूआत से योजना से जुड़े दानदाता सदस्यों को पूर्ण सम्मान दिया जा रहा है। वे केन्द्र के आधार हैं उनके माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों को बिना विलम्ब स्वीकृति प्रदान की जाती है।

### ये हुए महत्वपूर्ण निर्णय

बैठक में लिये गये निर्णयानुसार ऋण सहायता की अधिकतम सीमा रू. 4 से बढ़ाकर 5 लाख की गई। केन्द्र के दानदाता सम्मानीय सदस्यों की सिफारिश एवं अनुमोदन पर ऋण सहायता की स्वीकृति, महिलाओं को 4-4 बहनों के ग्रुप में रू. 10 लाख तक की ग्रुप ऋण सहायता को स्वीकृति, हितग्राही बन्धुओं की व्यवसायिक दिक्कतों के समाधान हेतु मेन्टरशिप कमेटी का गठन, केन्द्र की आगामी वार्षिक साधारण सभा 14 अगस्त 2024 को खींवसर राजस्थान में आयोजित करने का निर्णय हुआ। रजत जयंती का समापन समारोह, आगामी 15 अगस्त 2024 को जोधपुर में होगा जिसमें 25 हितग्राही बन्धुओं का सम्मान होगा। बैठक के अन्त में श्यामसुन्दर काबरा ने आभार व्यक्त किया।

HKL
INDUSTRIES LLP

*With Best Compliments*

*Excellence in Manufacturing*

## FRHC COPPER WIRE RODS

**We Sell**



Copper Wire Rod



Copper-Strips



Bunched-Copper-Wire

**We Buy**



## All kinds of copper scraps
(Only importers are welcomed)



Manufacturers of Continuous Casting
Copper Rod 8mm & 12 mm

Excellent quality of ccr 8 & 12 mm

**Survey No. 99, Village : Pahadiya Ta. Mahemdavad, Haldarvas Nenpur Road, Dist. Kheda-387110. Guj.**
**hklindustriesllp@gmail.com | www.hklindustries.com**

# Shivam Metalloys

Survey No.52, NR. Siddhi Vinayak Estate PIJ Road Tundel Ta: Nadiad Dist. Kheda (Gujarat) India
E-mail : shivammetalloys@yahoo.com

# Shivamkoppar Cast LLP

Shiv Sangeeta Estate Survey No. 282, Vikaspura Village Keraivi, Nadiad Dist. Kheda (Gujarat) India
Mo.: 98250 36895, 97129 14651 Email: shivamkopper@gmail.com

**Kaluram Heda**
94276 10041

**Bharat Heda**
97230 25555
98250 36895

**Mitul Khatod**
70460 59444
97277 59444

**Deepak Heda**
97129 14651

# स्थापना दिवस पर सेवा




**अहमदाबाद।** संकल्पसिद्धा-ग्राम विकास व राष्ट्रोदय समिति के अन्तर्गत सेवा कार्य किया गया। माहेश्वरी सखी संगठन अहमदाबाद द्वारा अपने स्थापना दिवस (19 जून) के उपलक्ष्य में बप्पा मोरिया महा गणपति मंदिर वस्त्रापुर में ग़रीब गर्भवती महिलाओं को पोष्टिक खाद्य सामाग्री के लगभग 50 किट वितरित किये। जिसके लिये 40000 रुपये की धन राशि खर्च की गई। इस सेवा कार्य में संरक्षक सदस्य इंदिरा राठी, अध्यक्ष निक्की राठी, सचिव-सुमन काबरा, कोषाध्यक्ष-सविता जैसलमेरिया, प्रचार प्रसार मंत्री-जया जेठा, निवर्तमान अध्यक्षा अनुराधा अजमेरा सहित 40 सखियों की उपस्थिति रही। योग दिवस पर योगा का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योग सत्र में लगभग 45 सखियों ने भाग लिया।

# निर्धनों को चप्पल वितरित की



**बूंदी।** सामर्थ्य सोसायटी द्वारा बींबनवा रोड पर बस्तियों में रहने वाले 20 निर्धन बच्चों को चप्पल वितरित की। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि भीषण गर्मी में भी बस्तियों के बच्चे नंगे पैर घूमते रहते हैं, जिससे उनके शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। सोसायटी द्वारा बस्तियों में रहने वाले बालकों के अभिभावकों को समझाया गया कि गर्मी के मौसम में बच्चों के खानपान का विशेष ध्यान रखें और जरूरत हो तभी धूप में बाहर जाने दे। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी सदस्य अनीशा जैन, नम्रता शुक्ला, शालिनी सोनी, वर्तिका हाड़ा, नेहा जोशी आदि उपस्थित थीं।

# राठी बने अध्यक्ष व परवाल महामंत्री



**धार।** महेश नवमी के पावन पर्व पर धार माहेश्वरी समाज के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। इसमें अध्यक्ष गोपाल राठी एवं महामंत्री प्रतीक माहेश्वरी चुने गए। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष कृष्णकांत झंवर व कमलेश गिलडा एवं कोषाध्यक्ष गजेश धूत को बनाया गया। पिकनिक स्थल सिद्धनाथ पर भगवान महेश का अभिषेक व श्रृंगार कर समाज जनों ने आरती की गई। साथ ही गौशाला जाकर गौ माता को घास व गुड़ खिलाया गया। माहेश्वरी समाज ने समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश माहेश्वरी के निवास पर जाकर भगवान महेश की जय गूंज के साथ भारत सरकार की केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर का स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर महेश माहेश्वरी, नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल राठी, निवर्तमान राकेश बाहेती, महामंत्री प्रतीक माहेश्वरी, जिलापाध्यक्ष कपिल माहेश्वरी, कमल धूत, कृष्णकांत झंवर आदि उपस्थित थे।

# विजयी भव-संस्कार हमारी धरोहर



**नागपुर।** महेश नवमी-2023 से शुरू हुए 'विजयी भव- संस्कार हमारी धरोहर' कार्यक्रम का महेश नवमी-2024 को समापन हुआ। गीता परिवार के साथ माहेश्वरी महिला संगठन सीताबर्डी द्वारा माहेश्वरी समाज के वंशोतपत्ती दिवस महेश नवमी के पावन पर्व पर बालकों को अपने संस्कारो और संस्कृति से जोड़े रखने के लिए, हमारे मूल्यों की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से 'विजयी भव' इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष निशि सांवल ने बताया कि यह संस्कार वर्ग बच्चो के लिए वर्ष भर हर दूसरे रविवार को लिया गया जिसमें बच्चों को गीता जी के अध्याय के साथ ही हनुमान चालीसा, अपने हिंदु त्योहार, परंपरा के बारे में सिखाया गया। समापन समारोह में गीता परिवार से किरण मूंधडा व कलपना मोहता, के मार्गदर्शन मे श्रीमद्भगवद्गीता (12 वाँ अध्याय) कंठस्थ कर 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों ने पठन कर अद्भुत प्रस्तुति दी। साथ ही महाभारत युद्ध के दौरान भगवान कृष्ण व अर्जुन के संवाद की कनक सांवल (कृष्ण रूप) व कनक झंवर (अर्जुन रूप) ने एक नृत्य के रूप मे प्रस्तुति दी। संयोजिका रेणु नबिरा, ज्योति भूतड़ा, डॉ. पायल बिसानी, शोभा जावंधिया सहित सभी सदस्याओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

## प्रिंस को 99% अंक



**किशनगढ़ (अजमेर)।** समाज सदस्य सुनिल कुमार भराड़िया के पुत्र प्रिंस भराड़िया ने सीबीएसई 12वीं (कॉमर्स) परीक्षा में 99% अंक प्राप्त कर अजमेर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि प्रिंस को दिल्ली के डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (SOF) द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय कॉमर्स ओलंपियाड (2023-24) में इंटरनेशनल स्तर पर द्वितीय रैंक लाने पर भी सम्मानित किया गया व 75,000/- रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया था।

## भूमिका को 89.4% अंक



**झालावाड़।** भवानी मंडी निवासी नितिन व नमिता मालपानी की सुपुत्री भूमिका ने 12वीं बोर्ड (कॉमर्स) की परीक्षा 89.4% अंक से उत्तीर्ण की।

## अदिति को आईपीएम में 94.45%



**इंदौर।** मनीष बजाज एवं सुनीता बजाज की सुपुत्री अदिति बजाज ने आईआईएम रोहतक से आईपीएम की परीक्षा में 94.45% प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किये। अदिति ने इसके पूर्व 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में भी प्रावीण्य प्राप्त किया था।

## राजश्री सीए में अव्वल



**चित्तौड़गढ़।** पहुना निवासी गोविन्द प्रसाद अजमेरा की सुपुत्री राजश्री ने सीए फाउण्डेशन की परीक्षा 72.25% अंकों से उत्तीर्ण की।

## अवि को नीट में 700 अंक



**आगर-मालवा।** समाज सदस्य के रोहित लड्ढा और प्रीति लड्ढा के सुपुत्र अवि लड्ढा ने नीट-2024 की परीक्षा में 700/720 अंक प्राप्त किये। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## गौरी को 93.6% अंक



**लातूर।** समाज सदस्य सतीश व सोनल मूंदड़ा की सुपुत्री गौरी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 93.6% अंकों के साथ उत्तीर्ण की।

## स्वप्निल को 96% अंक



**जयपुर।** प्रतिभावान छात्र स्वप्निल कालिया ने 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 96% अंक प्राप्त किए हैं। स्वप्निल सुनील कुमार और सविता कालिया के सुपुत्र हैं।

## यश आईआईएम में चयनित



**बाग (धार)।** समाज सदस्य दिलीप-जयश्री जाजू के पुत्र यश जाजू ने अपना स्नातक आईआईटी मुंबई से करने के बाद 3 साल Viacom 18 में कार्य किया। इसके पश्चात CAT के अपने पहले ही प्रयास में आईआईएम लखनऊ में प्रवेश प्राप्त किया।

## केशव बी.टेक. में अव्वल



**हैदराबाद।** समाज सदस्य शिवरतन व रेखा झंवर के सुपुत्र केशव ने बी.टेक. (कम्प्यूटर साईंस) की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की। महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत माहेश्वरी सभा दिलसुख नगर द्वारा अभिनंदन पत्र भेंटकर केशव का सम्मान किया गया।

## माधव को सीईटी में 100 पर्सेंटाईल



**इचलकरंजी।** प्रतिभावान छात्र माधव पवनकुमार सोनी ने MHCET 2024 परीक्षा में 100 पर्सेंटाईल अंक प्राप्त किये। यह परीक्षा महाराष्ट्र के इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में पूरे भारत से 7.25 लाख छात्र शामिल हुए थे।



# सोनी एवं भूतड़ा 'अटल पुरस्कार' से सम्मानित

**दिल्ली।** देश की प्रतिष्ठित शख्सियतों के अंतर्गत अ.भा. माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति व उद्यमी रामपाल सोनी, भाजपा राजस्थान के पूर्व कोषाध्यक्ष व अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा तथा दिल्ली के समाज सेवी अनिल भक्कड़ को अटल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। भारत सरकार द्वारा अटल पुरस्कार, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में स्थापित किया गया है, और यह उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है। अटल पुरस्कार की स्थापना का उद्देश्य उन व्यक्तियों और संगठनों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। यह पुरस्कार शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक सेवा, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता को सम्मानित करता है।


रामपाल सोनी


रामकुमार भूतड़ा

## टेबिल टेनिस व शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजित



**भीलवाड़ा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के तहत विभिन्न खेलकुद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा। इसमें शतरंज, बेडमिटन, टेबिल टेनिस, वालीवॉल शूटिंग, महेश प्रो कबडडी, एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता में बच्चें, युवा, पुरूष वर्ग, महिलाओ ने बड़चढ़ कर भाग लिया। शतरंज प्रतियोगिता का समापन महेश स्पोटर्स एकेडमी में किया गया। इसमें अंडर 15 वर्ष से में प्रथम आरव डाड, द्वितीय अनसित डाड, तृतीय तनुष मंडोवरा, तथा 15 वर्ष से ऊपर में प्रथम अथर्व भंडारी, द्वितीय अनुपम बाहेती, तृतीय मयंक रहे। महिला वर्ग में 15 वर्ष से ऊपर में प्रथम चाष्टा माहेश्वरी, द्वितीय रुचि तोषनीवाल, तृतीय छवि माहेश्वरी व गर्ल्स में प्रथम नवी माहेश्वरी, द्वितीय नित्य मन्दडा, व तृतीय रीवा कोगटा रहे। इसी प्रकार शतरंज की चार कैटेगरी में 12 प्रतिभागियों ने अपना स्थान प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे ओम नराणीवाल, राजेंद्र कचोलिया, सत्यनारायण मूंदड़ा, दिलीप तोषनीवाल, केदार गगरानी, अभिजीत सारडा, गोपाल नराणीवाल सहित प्रभारी कैलाश डाड, अजय गुप्ता उपस्थित रहे। अंडर 14 में प्रथम स्थान दर्श समदानी, द्वितीय दैविक समदानी, तृतीय सोहम सोनी, अंडर 20 में प्रथम स्थान ईशान सामरिया, द्वितीय अक्षत सोनी, तृतीय सानिध्य झंवर, 20 से 40 वर्ष में प्रथम स्थान मोहित नुवाल, द्वितीय पुनीत सोनी, तृतीय रोनक झंवर महिला वर्ग मे प्रथम चहक लढा, द्वितीय छवि माहेश्वरी, तृतीय जिया कचोलिया, डबल 20 से 40 वर्ष मे प्रथम शोभित न्याति व मोहित नुवाल, द्वितीय अनुराग डाड एवं कार्तिक डाड, तृतीय अक्षत सोनी एवं पुनित सोनी रहे। अंत मे टेबल टेनिस प्रतियोगिता के प्रायोजक एयरस्पन फ्रेबिक्स प्राईवेट लिमिटेड के राजू शाह द्वारा पारितोषिक दिये गये। समापन कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, सचिव संजय जागेटिया, संयोजक राधेश्याम सोमानी, मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा, अर्चित मून्द्रड़ा, कमलेश सोमाणी, मंगल समदानी उपस्थित थे।

## राज्यपाल को भेंट किया काव्य संग्रह




**अजमेर (राजस्थान)।** अम्बिका हेडा ने राजस्थान राज्यपाल महामहिम कलराज मिश्र के साथ राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपना काव्य संग्रह 'मन के मोती' राज्यपाल को भेंट किया।

## डॉ. राठी हुई सम्मानित



**नागपुर।** प्रतिष्ठित NIDACON 2024 में डॉ. बरखा राठी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। मध्य भारत का यह सबसे बड़ा दंत सम्मेलन है। 15वीं बार IDA नागपुर शाखा ने मध्य भारत के सबसे बड़े डेंटल सम्मेलन NIDACON का आयोजन किया है।

# आरोग्य किट का किया वितरण



**राजसमंद।** जिला माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष विष्णु गोपाल सोमानी ने बताया कि वर्तमान में 25 वर्ष से 45 वर्ष की आयु के युवाओं को भी अचानक हार्ट अटैक आ जाता है और घर पर प्राथमिक उपचार नहीं मिलने से उनकी असामयिक मृत्यु हो रही है। ऐसे में दक्षिण प्रांत माहेश्वरी महासभा की पहल पर पहली बार महेश आरोग्य किट का निःशुल्क वितरण सर्व समाज सर्व जनहितार्थ हेतु राठासेन माताजी मंदिर के सामने बस स्टैंड पर सीएमएचओ राजसमंद के निर्देशानुसार किया गया। प्रादेशिक सचिव राम गोपाल सोमानी व संयुक्त सचिव केदारमल न्याती ने बताया कि इस समारोह में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सत्यप्रकाश काबरा, राजसमंद जिलाअध्यक्ष विष्णु गोपाल सोमानी, जिला सचिव खूबचंद झंवर, संगठन मंत्री भगवतीलाल असावा, लक्ष्मीलाल ईनाणी, श्रीनाथ माहेश्वरी समाज नाथद्वारा अध्यक्ष नंदकिशोर बंग सहित कई समाज जन मौजूद थे। मीडिया प्रभारी लक्ष्मीलाल ईनाणी ने बताया कि मुख्य बाजार के कई दुकानदारों को भी विधिवत समझा कर निःशुल्क किट प्रदान किए गये।

# योग शिविर का किया आयोजन



**नागदा।** माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी कपल ग्रुप के तत्वावधान में एक भव्य योग शिविर ''स्नेह कुंज गार्डन'' में लगाया गया। इसकी अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य जगदीश भूतड़ा द्वारा की गई। कार्यक्रम संयोजक देवकरण डांगरा, बंसीलाल गट्टानी एवं प्रतिक सोडानी थे। इंदौर से आयी योगाचार्य अर्चना माहेश्वरी एवं मोनिका लड्ढ़ा का स्वागत अनिता राठी एवं सीमा मालपानी द्वारा किया गया। योग कार्यक्रम के अंतर्गत सभी को योग का अभ्यास कराया गया। साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग के बारे में भी बताया गया। अध्यक्ष घनश्याम राठी, गोविंदलाल मोहता, सचिव प्रतीक गगरानी, कोषाध्यक्ष सौरभ मोहता, रमेश राठी, गिरिराज मालपानी, राजेंद्र मालपानी, मनोज राठी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के पूर्व अध्यक्ष सतीश बजाज द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन आनंद गगरानी द्वारा किया गया।


With Best Compliments

Mohit Dodiya
+91 9904634900

Shyam Bhandari
+91 98241 34900

COMPUTECH
ENGINEERS
STRUCTURAL CONSULTANTS

HG-10, ITC, Majuragate, Ring Road Surat-395 002. (Guj.) INDIA
Phone: +91 74053 00340 shyam_computech@yahoo.com

श्याम भण्डारी
सूरत
अर्थमंत्री, गुजरात प्रान्तीय माहेश्वरी सभा

वन्दना भण्डारी
सूरत
अर्थमंत्री, सूरत जिला माहेश्वरी महिला संगठन

## उन्नति बनी पीस एम्बेसडर 2024



**पुणे।** जापान में आयोजित एशियन पेसिफिक चिल्ड्रन कन्वेंशन के लिए ब्रिज क्लब इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के मार्गदर्शन में जेसीआई नेशनल हेड क्वार्टर द्वारा हर वर्ष समूचे भारत से केवल एक ही बच्चे का चयन पीस एम्बेसडर के रूप में होता है। इसमें वर्ष 2024 के लिए उन्नति सीताराम राठी इस वर्ष भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्नति ने अभी सावित्री बाई फुले पुणे विद्यापीठ के कॉलेज (पी आय सी टी), पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी से आय टी इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष की परीक्षा दी है। इसके पहले 2016 में भी उन्नति राठी जूनियर एम्बेसडर बनकर जापान गई थी। उसके बाद ब्रिज क्लब इंडिया से जुड़कर कई प्रकल्पों को अंजाम दिया।

## योग शिविर का किया आयोजन



**निजामाबाद।** जिला माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग शिविर का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। भारत सरकार के आयुष्मान मंत्रालय द्वारा प्रायोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत निजामाबाद जिला माहेश्वरी, युवा संगठन द्वारा योग शिक्षक बालकिशन बंग के मार्गदर्शन में 21 जून को प्रातः 6:31 बजे, माहेश्वरी भवन में इसका आयोजन हुआ। श्री बंग ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शिष्टाचार के अंतर्गत योगासन प्राणायाम और ध्यान मुद्राएं करवाई जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया। निजामाबाद जिला माहेश्वरी सभा के मंत्री राजेश डालिया ने योग शिक्षक श्री बंग का स्वागत एवं सम्मान किया और निजामाबाद जिला माहेश्वरी युवा संगठन के उपाध्यक्ष गोविंदा मालू एवं गोपाल मुंदड़ा ने सहयोगी योग शिक्षक श्रीनिवास गौड़ का सम्मान किया।

## शीतल जल प्रकल्प का समापन



**बूंदी।** शहर के रघुवीर भवन पर चले शीतल जल प्रकल्प का जन व जीव सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के संकल्प के साथ समापन हुआ। जिला माहेश्वरी सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजेन्द्र माहेश्वरी व माहेश्वरी पंचायत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष जगदीश जैथलिया ने बताया कि जिला माहेश्वरी सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष रेवती रमन बिरला, पूर्व कोषाध्यक्ष द्वारका प्रसाद जाजू, कैलाश बहेड़िया, महेश क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. के अध्यक्ष संजय लाठी, सचिव नारायण मंडोवरा, जगदीश लड्ढा आदि के परोक्ष व अपरोक्ष सहयोग से पूरे एक माह तक निर्बाध रूप से जल सेवा का संचालन हुआ।

## इंडोनेशिया में भाविका का रिसर्च पेपर वाचन



**सूरत (गुजरात)।** विश्व में सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में आज भी राम वहाँ की संस्कृति में बसे हुए हैं। वहाँ की बाली यूनिवर्सिटी में हिन्दू नेगरी आईं गस्ती बगुस सुग्रीव देनपसार तथा साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन में राम' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी तथा साहित्य महोत्सव आयोजित हुआ। इंडोनेशिया में हुए इस कार्यक्रम में गुजरात सूरत से स्कॉलर इंग्लिश एकेडमी की 10 वीं की विद्यार्थी 15 वर्षीय भाविका माहेश्वरी ने अपना रिसर्च पेपर पढ़ा। इस अवसर पर मॉरीशस, नेपाल, इंडोनेशिया, वियतनाम सहित कई देशों के साहित्यकार की उपस्थिति रही। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## योग दिवस का हुआ आयोजन



**रायपुर।** योग दिवस के अवसर पर अशोका रतन, शंकर नगर के तबला गार्डन में योगा मस्ती ग्रुप एवं शिवाजी प्रभात शाखा द्वारा संयुक्त रूप से योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मनप्रीत सिंग बग्गा ने योग के कुछ आसनों का प्रदर्शन भी किया। श्रीमती नीमा मूंधड़ा ने बतलाया कि इस अवसर पर श्री आदित्य विक्रम बिड़ला व्यापार सहयोग केंद्र के छगनलाल मूंधड़ा, माहेश्वरी सभा के सह मंत्री सूरज प्रकाश राठी, भारत विकास परिषद रायपुर के अध्यक्ष मुरारी काबरा, सुभाष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, श्रीनिवास चांडक, विकास अग्रवाल, प्रज्ञा राठी, रमा मित्तल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

*फैसला सही लेना समझदारी है लेकिन लिए हुए फैसले को सही साबित करना ये हजारों समझदारी पर भारी है।*

## किशोरी विकास शिविर का हुआ आयोजन



**बुलढाणा।** विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में बुलढाणा जिला द्वारा किशोरी विकास शिविर का आयोजन 28, 29, 30 अप्रैल को सहकार विद्या मंदिर बुलढाणा में हुआ। इस कार्यक्रम के साथ ही विदर्भ प्रदेश की तृतीय कार्यकारणी सभा का भी आयोजन हुआ। उद्घाटन और समापन सत्र में अतिथि के रूप में अनीता जांवदिया अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की मध्यांचल संयुक्त मंत्री, डा. सुकेश झंवर चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर बुलढाणा अर्बन बैंक, ज्योति बाहेती मध्यांचल सह प्रभारी संस्कृति सिद्धा समिति, कोमल झंवर अध्यक्ष बुलढाणा अर्बन चेरिटेबल सोसाइटी, सीए दामोदर सारडा अध्यक्ष विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी संगठन, सागर लोहिया अध्यक्ष विदर्भ प्रादेशिक युवा संगठन, निशा चांडक मोटिवेशनल स्पीकर, आदि उपस्थित थे। सुकेश झंवर ने शिविर का उद्घाटन करते हुए मोबाइल तथा सोशल मीडिया के वीडियो कितने घातक है, इस पर प्रकाश डाला। दामोदर सारडा, अनीता जांवधिया ने मार्गदर्शन दिया। प्रमुख वक्ताओं में नीना भंडारी (लव यू जिंदगी), निशा चांडक, (छू लो आसमान), चितरंजन राठी (दिल की बात अपनों के साथ - लव जिहाद), डॉ. दीपक लद्धड़, (सामाज एक गुलदस्ता है), रेखा मुंदड़ा धुलिया, (माइक से कैसे करें दोस्ती) डॉ. संगीता लद्धड़, (स्वस्थ तन, सुंदर मन) ने किशोरियों को अपने विचारों से लाभान्वित किया। तुषार डोडिया और ऋतुजा डोडिया ने (खेल-खेल में संस्कारों से मेल तथा लड़की क्यों न जाने क्यों, लड़को सी नहीं होती) द्वारा बच्चों को खेल खेल में संस्कार दिए। माधुरी मोदी मध्यांचल सहसंयोजिका अष्टसिद्धा समिति द्वारा बच्चों को ट्रेजर हंट, स्वयं को पहचानो गेम द्वारा शिक्षा दी।

## योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सीकर।** लक्ष्मणगढ़ में सभी वर्ग के लोगो ने योग दिवस पर सौल्लास भाग लिया। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अनिलकुमार सोमाणी ने बताया कि योगगुरु अंकित कुमावत द्वारा योग करवाये जाने के उपलक्ष्य में उनका सम्मान माहेश्वरी समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के संरक्षक रामस्वरूप सोमाणी, मंत्री प्रेमप्रकाश सोमाणी, आनंदकुमार सोमाणी, संतोष काबरा,सोनू सोमाणी, सर्व समाज के पप्पू खाटूवाला, संदीप बजाज, बबलू पांडे, मुकेश शर्मा आदि कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

## धार्मिक यात्रा का आयोजन



**महीसागर ( गुजरात )।** माहेश्वरी समाज बालासिनोर जिला महीसागर (गुजरात) द्वारा तिरुपति, रामेश्वरम्, पद्मनाभन, मल्लिकार्जुन साउथ की यात्रा का आयोजन 6 जून से 21 जून तक किया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। यह जानकारी परमेश्वर बाहेती द्वारा दी गई।

## श्रद्धांजलि

### श्री गिरधरदास मूंधड़ा



**भाटापारा ( छत्तीसगढ़ )।** वरिष्ठ समाज सदस्य श्री गिरधरदास मूंधड़ा का 75 वर्ष की आयु में गत 24 जून 2024 को देहावसान हो गया। आप अपने पीछे पुत्र अजय, पुत्री अलका अटल, रेणु डागा सहित पौत्र-पौत्री व नाति-नातिन का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

### श्रीमती रामकन्या सोमानी




**भीलवाड़ा।** जिला माहेश्वरी समाज भीलवाड़ा के पूर्व अध्यक्ष एवं आदित्य विकम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केन्द्र चैन्नई के वर्किंग कमेटी मेम्बर समाजसेवी जगदीश प्रसाद सोमानी की पत्नी श्रीमती रामकन्या देवी का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सोमानी दम्पति वर्ष में अधिकांश समय ऋषिकेश एवं वृंदावन में धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते थे।

### श्री कृष्णगोपाल राठी



**ब्यावर।** समाज के वरिष्ठ कृष्णगोपाल राठी का गत 5 जून को देहावसान हो गया। आप अपने पीछे धर्मपत्नी शारदा राठी, पुत्र सचिन व दीपक सहित भाई, भतीजे, पौत्र-पौत्री आदि का भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

### श्री ओमप्रकाश फोफलिया




**जोधपुर।** माहेश्वरी समाज पश्चिम क्षेत्र जोधपुर के पूर्व अध्यक्ष, मैसर्स सिग्मा मिनरल्स के निर्देशक एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री ओमप्रकाश फोफलिया का गत 25 जून को देहावसान हो गया। आप परिवार परिवेदना निराकरण समिति के बीजचिंतक थे। आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। 75 वर्षीय श्री फोफलिया ने 15 वर्ष पूर्व नेत्र दान करने का संकल्प लिया था। उनकी पत्नी आशा फोफलिया व पुत्र संदीप फोफलिया तथा परिजनों की उपस्थिति में आई बैंक ने दिवंगत के दोनो नेत्रों के कॉर्निया प्राप्त किए।

# गरिमा को यूपीएससी सीएससी में 80वीं रैंक



**बीकानेर।** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा गरिमा मूंधड़ा का पुष्प गुच्छ, शॉल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। बीकानेर मूल की नापासर निवासी गरिमा ने यूपीएससी सीएससी-2023 में 80वीं रेंक प्राप्त कर समाज व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। बीकानेर जिला सभा अध्यक्ष ललित झँवर ने गरिमा की प्रशंसा करते हुए बताया कि इस अवसर पर मन्त्री बाबूलाल लाहोटी, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य व नोखा पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर, रामेश्वर भूतड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज बजाज, उपाध्यक्ष पुरषोत्तम तापड़िया, करणीदान राठी, संयुक्त मन्त्री शिवप्रकाश चाण्डक संगठन मन्त्री डॉ.राधेश्याम लाहोटी, नोखा सभा अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती सहित अनेक समाजबन्धुओ ने भी उपस्थित होकर गरिमा को बधाईयां दी।




# दरक बने बैंक संचालक



**वर्धा।** विगत दिनों वर्धा नागरिक सहकारी अधिकोष बैंक लि. के चुनाव संपन्न हुए। इसमें अनेकों संस्थानों में कार्यरत कपड़ा व्यवसायी दामोदर दरक संचालक निर्वाचित हुए। श्री दरक अनेक सामाजिक संस्थाओं से पदाधिकारी के रूप में सक्रियता से जुड़े हुए हैं, जिनमें माहेश्वरी मंडल वर्धा ट्रस्ट, कपड़ा व्यापार संघ, रोटरी सार्जेंट, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन बिजनेस सेल वर्धा आदि शामिल है। आपके निर्वाचन पर वर्धा जिला संघ चालक जेठानंद राजपूत, शहर संघ चालक डा. प्रसाद देशमुख, जिले के सांसद रामदास तडस, विधायक डॉ. पंकज भोयर, विख्यात अधिवक्ता परमानंद टावरी, ख्यात सनदी लेखाकार परमानंद तापड़िया, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सुहास जाजू आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# मतदाता चेतना अभियान का हुआ आयोजन


**अकोला।** मतदान के प्रति सजगता निर्माण के उद्देश्य से ''संस्कार सिध्दा समिति मध्यांचल'' द्वारा 'मेरा वोट- मेरे देश का भविष्य' इस शीर्षक अंतर्गत एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें हर एक प्रतिभागी को 90 सेकंड का एक वीडियो बनाकर भेजना था, जिसके अंतर्गत मतदान कौन, कैसे और क्यों करें? यह भाव गद्य या काव्य में प्रस्तुत करना था। इस प्रतियोगिता को मध्यांचल अंतर्गत विदर्भ, गुजरात, छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्यप्रदेश एवं पश्चिमी मध्यप्रदेश आदि सभी प्रदेशों से अच्छा प्रतिसाद मिला। प्राप्त वीडियो में से सर्वोत्तम का चयन भाग्यश्री चांडक मुंबई एवं अनुराधा जाजू हैदराबाद द्वारा किया गया। इसके परिणाम राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे रेनबो पार्ट - 2 ऑनलाइन कार्यक्रम में राष्ट्रीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष किरण लड्ढा द्वारा घोषित किए गए। इसमें प्रथम अदिति गांधी छत्तीसगढ़, द्वितीय भव्या राठी पश्चिम मध्यप्रदेश, तृतीय राशि बंग विदर्भ प्रदेश रही। मतदाता सजगता अभियान की संकल्पना ज्योति बाहेती, सह प्रभारी, मध्यांचल की थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजु बांगड़, महामंत्री ज्योति राठी, उपाध्यक्ष उर्मिला कलंत्री एवं अनिता जावंधिया रा. समिति प्रदर्शक अनुसूया मालु, रा.समिति प्रभारी अंजली तापड़िया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के तत्वाधान में दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के अंतर्गत श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के आतिथ्य में 1 एवं 2 जून को पृथ्वी पैलेस, दुर्ग में जीवनसाथी चयन : माहेश्वरी विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कमलकिशोर बियानी, दुर्ग व सहसंयोजक ओमप्रकाश टावरी, दुर्ग थे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रभारी व सम्पादक परिचय पुस्तिका राजकुमार गाँधी, दुर्ग एवं जगदीश चाण्डक, दुर्ग थे। सम्मेलन में छग, विदर्भ -महाराष्ट्र, मप्र, ओड़िसा, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश सहित देश के सभी क्षेत्रों से 580 युवक-युवतियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था जिसमें से 300 से अधिक ने सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी। साथ ही सम्मेलन के दिन भी 35 से अधिक प्रत्याशियों की उपस्थिति के साथ स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया गया। इस प्रकार कार्यक्रम में 335 से भी अधिक प्रत्याशी अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र 1 जून को हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसभापति-मध्यांचल अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा विजय राठी, महामंत्री अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन ज्योति राठी, संयुक्त मंत्री सभापति कार्यालय-अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा नारायण राठी, बधाई संयोजक महासभा विवेक मोहता प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मूंधड़ा, स्वागत अध्यक्ष विट्ठल भूतड़ा, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष रामरतन मूंधड़ा, प्रदेश मंत्री नंदकिशोर राठी, संगठन मंत्री गजेन्द्र चाण्डक, अर्थमंत्री सीए मनोज राठी, संयोजक कमल किशोर बियानी, सहसंयोजक ओमप्रकाश टावरी, राजकुमार गाँधी दुर्ग, सहमंत्री जगदीश चाण्डक दुर्ग, अध्यक्ष माहेश्वरी पंचायत दुर्ग अशोक राठी, सचिव डॉ. शंकर दम्मानी आदि उपस्थित थे।

# प्रादेशिक एवं ज़िला युवा संगठन का गठन



**हैदराबाद।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा, तेलंगाना आंध्र प्रादेशिक एवं हैदराबाद-सिकंदराबाद (जिला) माहेश्वरी सभा के अंतर्गत तेलंगाना आंध्र प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन एवं हैदराबाद- सिकंदराबाद जिला माहेश्वरी युवा संगठन का गठन किया गया। नव गठित प्रादेशिक एवं ज़िला युवा संगठन सुचारू रूप से प्रादेशिक एवं ज़िला सभा के अन्तर्गत कार्यरत रहेगा एवं प्रादेशिक एवं ज़िला सभा के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों में अधिक से अधिक में युवाओं एवं युवतियों को जोड़ने का पूर्ण प्रयत्न करेगा। 16 मई को हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में तेलंगाना आंध्र प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के लिए अध्यक्ष-राहुल फोफलिया, मंत्री-सुनील भट्टड़, कोषाध्यक्ष- अजय मूंदड़ा, उपाध्यक्ष-रोहित कुमार इन्नाणी, रमाकांत जाजू, राघव शारदा (विशाखापट्टनम), श्रीराम डालिया (वरंगाल), सहमंत्री-अनिल मंत्री, वेणुगोपाल बंग, निखिल डोडिया (करीमनगर), शुभम लोया (सिरपुर काग़ज़नगर), संगठन मंत्री-श्रीकांत झंवर (निज़ामबाद), प्रचार मंत्री-गोपाल राठी, सांस्कृतिक मंत्री - विष्णुकांत बजाज, खेल मंत्री -मुकेशकुमार गिल्डा, संचार मंत्री-अमित मूंदड़ा एवं कार्यालय मंत्री - हरदीप खटोड़ का चयन किया गया। हैदराबाद सिकन्दराबाद जिला युवा संगठन हेतु अध्यक्ष-अभिषेक इन्नानी, मंत्री-रौनक गट्टानी, कोषाध्यक्ष-शुभम काबरा, उपाध्यक्ष-अभिषेक सारड़ा, प्रशांत तोष्णीवाल, सहमंत्री-भरत मर्दा, पीयूष सोनी, संगठन मंत्री-श्रीकांत लोया, प्रचार मंत्री राहुल दरक, सांस्कृतिक मंत्री-कृष्णा तोष्णीवाल, खेल मंत्री-महेश मूंदड़ा, संचार मंत्री-मारुति नंदन बल्दवा एवं कार्यालय मंत्री-आशीष लोया का चयन किया गया।

# मिशन आईएएस 100 सेमिनार आयोजित



**भीलवाड़ा।** रेरा चेयरमैन एवं पूर्व मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश डॉ. श्रीकांत बाल्दी ने आयोजित मिशन आईएएस 100 को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज एवं देश में परिवर्तन करना चाहते हैं तो राजनीतिक पद या प्रशासनिक पद पर होना चाहिए। यह बात पहली बार आयोजित जिला माहेश्वरी सभा के सान्निध्य में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत महेश शिक्षा सदन स्कूल, नेहरू रोड पर एजुकेशनल सेमिनार मिशन आईएएस 100 में मुख्य वक्ता के रूप में कही। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को मेहनत, जज्बा एवं पॉजिटिव सोच रखकर प्रशासनिक सेवा में आगे आना चाहिए। इस वर्ष 7 विद्यार्थी प्रशासनिक सेवा में आए हैं जिन्हें बद्रीलाल शिक्षा सहयोग केंद्र द्वारा 50 हजार रुपए स्कॉलरशिप दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अ. भा. माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि माहेश्वरी समाज यहूदी समाज के बाद काफी टैलेंट रखता है, समाज का प्रशासनिक सेवा की ओर ज्यादा ध्यान नहीं होकर अधिकतर का सीए, डॉक्टर, इंजीनियरिंग में जाने की ओर ध्यान है लेकिन समाज को माइंडसेट बदलने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बद्रीलाल सोनी शिक्षा सहयोग केंद्र द्वारा प्रशासनिक सेवा में जाने के लिए 1 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। आरएएस राजेश डागा, आरएएस सुनीता डागा ने बताया कि एटीट्यूड व एप्टीट्यूड बदलकर परीक्षा को पास किया जा सकता है।

*इंसान को कभी हिम्मत नहीं हारना चाहिये, क्योंकि पहाड़ों से निकली हुई नदी ने आज तक रास्ते में किसी से पूछा नहीं कि समुद्र कितनी दूर है।*

# विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों दान




**पंचकुला।** माहेश्वरी सभा ट्राइसिटी द्वारा माहेश्वरी समाज के सदस्यों के आर्थिक सहयोग से वर्ष 24-25 के कार्यों के अंतर्गत पंचकूला निकटवर्ती ग्रामीण इलाकों के सरकारी विद्यालयों में कक्षा नवमी से ग्यारहवी तक के कुछ विद्यार्थी, जिन्हें पाठ्य पुस्तकों की आवश्यकता है, उन्हे पुस्तकों का दान किया गया। इसके अंतर्गत माहेश्वरी समाज ने सरकारी विद्यालय कोट बरवाला तथा सरकारी विद्यालय गगर बीर चंडीमंदिर के विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई। इसमें माहेश्वरी समाज की तरफ से अविनाश करवा, गौतम गगर, बसंत राठी, योगेश माहेश्वरी, नीतू राठी, आराधना लड्डा, शीतल पेरीवाल ने भाग लिया। सरकारी विद्यालय गगर बीर शाला की प्रधानाध्यापिका श्रीमती राजवन्त ने धन्यवाद दिया। इस कार्य में माहेश्वरी सभा अध्यक्ष मुकेश सारडा का मार्गदर्शन तथा उपाध्यक्ष अविनाश करवा तथा सचिव बसंत राठी का सक्रिय योगदान रहा।

# रक्तदान शिविर हुआ आयोजित



**भीलवाड़ा।** श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2024 कार्यक्रम के तहत चतुर्थ रक्तदान शिविर एमपीएस स्कूल आजादनगर में आजाद नगर, चन्द्रशेखर आजाद नगर, बसंत बिहार गांधीनगर, बापू नगर और क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में 105 युनिट रक्त संग्रहण किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ महेश सेवा समिति सचिव राजेन्द्र कचोलिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया, उपाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा, निदेशक केदार जागेटिया, दिलीप तोषनीवाल, दिनेश शारदा, चन्द्रप्रकाश काल्या, जिला मंत्री रमेश राठी, जिला उपाध्यक्ष रामकिशन सोनी, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, सचिव संजय जागेटिया, मुख्य संयोजक व पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी द्वारा किया गया। समाजसेवी लादुराम बांगड़, गोपाल राठी, सुरेश कचोलिया, अभिजीत शारडा, महावीर समदानी, शशांक बिड़ला, नगर युवा सगंठन अध्यक्ष अर्चित मूंदड़ा, सचिव अंकित लाखोटिया सहित नगर व क्षेत्रिय सभा के विभिन्न प्रदाधिकारीयों द्वारा रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया। शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक रक्तदाता को प्रशस्ती पत्र के साथ ही विशेष उपहार प्रदान किया गया। विनय माहेश्वरी, मनोज नवाल, दिनेश राठी, दिनेश हेड़ा, संजय राठी, अरविंद चांडक, अंकित सोमाणी, हर्ष राठी, प्रदीप जागेटिया आदि का सहयोग रहा।

# मोतियाबिंद जाँच शिविर सम्पन्न



**रतनगढ़।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट द्वारा संस्थापक ट्रस्टी स्व. श्री हरिप्रसाद झंवर की स्मृति में उनके परिजनों व शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन पोद्धार गेस्ट हाऊस में हुआ। शिविर प्रभारी नरेंद झंवर ने बताया कि शिविर में 101 मरीजों की मोतियाबिंद जांच कर 32 मरीजों का चयन नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। माहेश्वरी महिला मंडल की संरक्षिका शारदा देवी झंवर, तहसील अध्यक्ष मंजू देवी लढा, मंजू पेड़ीवाल व सुनीता झंवर ने दीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारंभ किया। माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष राकेश जाजू ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

# निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर सम्पन्न



**ब्यावर।** श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड ब्यावर के तत्वाधान में श्री माहेश्वरी महिला परिषद एवं श्री माहेश्वरी सेवा संगठन द्वारा निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। मंत्री - पुरुषोत्तम जाजू ने बताया कि गत 2 जून को स्थानीय माहेश्वरी भवन में अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध डॉक्टर विजय बंग (माहेश्वरी) वरिष्ठ जोड़ प्रत्यारोपण, रोबोटिक व आर्थोस्कोपिक सर्जन गोल्ड मेडलिस्ट व सहयोगी अनिल शर्मा ब्यावर ने निःशुल्क परामर्श सेवाएं दी। इसमें लगभग 110 रोगियों को परामर्श दिया और साथ ही रियायत दर 50 प्रतिशत की छूट पर दवाईयां भी दी गई। कार्यवाहक अध्यक्ष - नरेंद्र झंवर, सहयोजक- राजेंद्र काबरा व मनीष दरक ने बताया कि कार्यक्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष - नरेन्द्र झंवर, मंत्री - पुरषोत्तम जाजू, सहयोजक राजेन्द्र काबरा, मनीष दरक, सूर्यप्रकाश झंवर, नवनीत भराड़िया, विठ्ठल राठी, अनिल कांकाणी, सुनील इनानी, पवन बिहानी, कैलाश झवर, अनिल सोमानी सहित सदस्य उपस्थित रहे।

# वाटर कूलर किया भेंट



**नांदेड़।** स्व. श्री श्यामलाल बंकटलालजी काबरा की स्मृति में पत्नी सरस्वतीदेवी श्यामलाल काबरा द्वारा नांदेड के प्रसिद्ध गोविंद बाग में 200 लीटर पानी का वाटर कूलर भेंट किया गया। स्व. श्री श्यामलाल एवं सरस्वतीदेवी नांदेड शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी, संत श्री मोतीराम महाराज पंढरपुर मंदिर संस्थान कोषाध्यक्ष, नांदेड़ माहेश्वरी भवन के पदाधिकारी, गंगा गोदावरी सेवा ट्रस्ट के सदस्य, गौ सेवा समिति नांदेड के प्रथम सदस्य आनंद काबरा के माता-पिता हैं। इस अवसर पर गोविंद बाग के पदाधिकारी एवं मित्र परिवारों की उपस्थिति रही।

# मासिक धर्म स्वच्छता दिवस



**बूंदी।** सामर्थ्य सोसायटी द्वारा माटूंडा रोड पर बस्तियों में रहने वाली महिलाओं को मासिक धर्म के संबंध में धारणाओं, प्रथाओं और चुनौतियों के लिए जागरूक किया। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस जिसे 'मासिक धर्म स्वच्छता दिवस' के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में जागरूकता लाना तथा मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन की उचित प्रथाओं को बढ़ावा देना है। सोसायटी द्वारा सभी महिलाओं को सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने की शपथ दिलाई। साथ ही उन्हें मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की समझाइश दी।

# मिशन आईएएस 100 को लेकर बैठक



**भीलवाड़ा।** महेश नवमी महोत्सव 2024 के उपलक्ष्य पर होने वाले मिशन आईएएस 100 को सफल बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक माहेश्वरी भवन नागोरी गार्डन पर महेश नवमी महोत्सव के संयोजक राधेश्याम सोमानी एवं जिला माहेश्वरी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप बल्दवा के आतिथ्य में आयोजित की गई। इसमें विभिन्न समितियो को दायित्व देकर आयोजन को सफल बनाने पर परिचर्चा की गई। बैठक में जिला मंत्री रमेश राठी, जिला अर्थ मंत्री सुशील मरोटिया, नगर मंत्री संजय जागेटिया, नगर कोषाध्यक्ष गोपाल नराणीवाल, नगर संगठन मंत्री प्रमोद डाड, सहसंयोजक कृष्ण गोपाल राठी आदि उपस्थिति रहे।

# मोदानी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क जांच



**जयपुर।** रामजीदास मोदानी फाउंडेशन, नरा नरायना-जयपुर द्वारा आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर में विभिन्न प्रकार की जांचे करवाकर 200 लोग लाभान्वित हुए। रामजीदास मोदानी फाउंडेशन के अध्यक्ष सत्यनारायण मोदानी ने बताया कि शिविर में जयपुर के इटर्नल हॉस्पिटल द्वारा बीपी, सुगर, बीएमआई, बीएमडी (हड्डियों की जांच) जांचों के साथ ईसीजी की गई। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, कैंसर केयर द्वारा मेमोग्राफी (स्तन जांच), पेप स्मीयर टेस्ट (गर्भाशय जांच), एक्स रे (फेफड़ों की जांच), सीए 125 (ओवरी जांच), पीएसए (प्रोस्टेट जांच) जांचों सहित अन्य रक्त परीक्षण किये गये। एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा नेत्र सम्बंधित जांचे की गई। इस दौरान रामजीदास मोदानी फाउंडेशन के अध्यक्ष सत्यनारायण मोदानी, मंत्री रवि मोदानी, लक्ष्मीनारायण मोदानी, सोनू मोदानी, राधेश्याम काबरा, रमेश कुमार भैय्या, राजकुमार अजमेरा, विष्णु असावा, पुष्पकांता मोदानी, उमा सोमानी, रेखा धूत, उमा परवाल, अंजू तापड़िया, निर्मला राठी आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# रितेश्वर महाराज का अभिनंदन



**भीलवाड़ा।** देश-विदेश में सनातन धर्म का परचम लहराने वाले, ओजस्वी वाणी से जनजागरण करने वाले श्री रितेश्वर जी महाराज का भीलवाड़ा आगमन के तृतीय दिवस पर संतों, भक्तो और विभिन्न संगठनो द्वारा अभिनंदन किया गया। सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक मूंदड़ा ने बताया कि सद्गुरू श्री रितेश्वर जी महाराज ने पिछले 20 दिनों से उदयपुर में स्वास्थ लाभ लेने के बाद जयपुर जाते समय भीलवाड़ा के भक्तो के विशेष आग्रह पर 4 दिवसीय विश्राम प्रवास भीलवाड़ा को दिया। अस्वस्थ होने के बाद भी प्रतिदिन आप सायंकाल भक्तो को आशीर्वाद देने कार्यक्रम स्थल पधारे। सभी अतिथियों का स्वागत महेश लड्ढा ने किया।

**सही समय पर खड़े होकर बोलना एक साहस है, उसी प्रकार खामोशी से बैठकर दूसरों को सुनना भी एक साहस है।**

## महेश नवमी पर खेल महोत्सव



**निजामाबाद।** जिला माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा महेश नवमी के पावन अवसर पर खेल महोत्सव 2024 धूमधाम से संपन्न हुआ। इसमें छोटे बच्चों के लिए म्युजिकल चेयर, नींबू चम्मच, रनिंग रेस, युवतियों एवं महिलाओं के लिए महिला माहेश्वरी प्रीमियर लीग -2 (WMPL-2), बैडमिंटन, कैरम, चेस, टेबल टेनिस, युवक एवं पुरुषों के लिए: माहेश्वरी प्रीमियर लीग -6 (MPL-6), बैडमिंटन, कैरम, चेस, टेबल टेनिस आदि जैसे इनडोर गेम आयोजित किए गए। निजामाबाद जिला माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंद झंवर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि राजेश बंग व मुख्य अतिथि डॉक्टर सुरेश जाजु थे।

## यूपीएससी परीक्षा में चयनित को सम्मान राशि



**सूरत।** बद्रीलाल सोनी ट्रस्ट द्वारा यूपीएससी परीक्षा में चयनित बच्चों को सम्मान राशि प्रदान की गई। मिशन आईएएस 100 कार्यक्रम में बद्रीलाल सोनी ट्रस्ट द्वारा इस साल जो 6 बच्चे यूपीएससी 2024 परीक्षा में चयनित हुए उन सभी को 50000/– के चेक वितरित किये। ये चेक सभापति संदीप काबरा, प्रदेश अध्यक्ष सुरश मूंदड़ा, जिलाध्यक्ष पवन बजाज, ट्रस्ट के सचिव जगदीश कोगटा व कैलाश कोठारी ने प्रदान किये।

## खेल महोत्सव का हुआ आयोजन



**निजामाबाद।** माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य में खेल महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें निजामाबाद माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा क्रिकेट खेला गया। 10-10 मेंबर की चार टीम बनी। बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ क्रिकेट खेला गया। इस खेल में सभी को बचपन की याद आ गई।

## मिशन आईएएस 100 का आयोजन




**सूरत।** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा समाज के बच्चे कैसे प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हो इसी विषय पर कॅरियर गाईडेंस सेमिनार 2 जून को संजीव कुमार आडिटोरियम में महेश नवमी उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। सूरत जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पवन बजाज ने बताया कि इसके लिए समाज के करीब ८०० बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। मिशन आईएएस 100 माहेश्वरी महासभा की फ्लेगशिप योजना के पश्चिमांचल संयोजक कृष्णकांत भट्टड़ ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के रेरा अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी, मिशन आईएएस 100 के राष्ट्रीय प्रभारी किशन दरक व पुनीत डागा IRS ने समाज द्वारा चलाई जा रही इस योजना पर प्रकाश डाला। 2023 में सिविल सेवा में चयनित गरिमा मूंदड़ा, डॉ. तेजस सारडा, अभय डागा ने इस सेवा में आने के लिए किस तरह तैयारी करनी चाहिए उसके बारे में बताया। मुम्बई से आए मोटिवेशनल स्पीकर धवल गांधी ने बच्चों को अपनी क्षमता पहचाने एवं अपना लक्ष्य निर्धारित करने के बारे में जानकारी दी। इस सेमिनार में सभापति संदीप काबरा, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा व उनकी पूरी टीम, महासभा कार्यसमिति सदस्य मुरली सोमानी, गिरधरगोपाल मुंदड़ा, सूरत जिला सभा के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य व अन्य संस्थाओ के पदाधिकारी उपस्थित रहें। मंच संचालन स्वेता आनंद जाजू नें किया।

## जरूरतमंदो को भोजन कराया



**भरतपुर।** माहेश्वरी मंडल समिति के जिलाध्यक्ष ओपी माहेश्वरी ने बताया की भरतपुर आयल मिलर्स एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे भोजन प्रकल्प से प्रेरित होकर माहेश्वरी समाज द्वारा भी समय समय पर ऐसी गतिविधियों में भाग लेने का निर्णय लिया गया। इसके फलस्वरूप राजकिशोर माहेश्वरी द्वारा अपने जन्मदिन पर राधिका होटल नई मंडी स्टेशन रोड भरतपुर पर जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर श्री राजकिशोर को पटका पहना कर जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुए इस पुनीत कार्य हेतु धन्यवाद दिया गया। इस अवसर संरक्षक मोहनलाल, राजकिशोर, पदमकिशोर, लक्ष्मीनारायण, संजय, दीपक, प्रहलाद एवं महामंत्री मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कन्या छात्रावास का हुआ उद्घाटन



**मुम्बई।** माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल पुणे द्वारा संचलित नुवाल अॅन्ड पनपालिया कन्या छात्रावास ऐरोली, नवी मुंबई का उद्घाटन समारोह गत 9 जून को विशेष अतिथि पद्मश्री बंशीलाल राठी - भूतपूर्व अध्यक्ष - अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा एवं आ.ए.एस. सुरेश काकाणी सचिव - चुनाव आयोग - महाराष्ट्र के करकमलों द्वारा हुआ। वर्तमान में संस्था महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे, सोलापूर, अहमदनगर जैसे महानगरों में अपना कार्य कर रही है। समारोह का आयोजन नुवाल अॅन्ड पनपालिया कन्या छात्रावास के प्रांगण में किया गया। समारोह के विशेष अतिथि एवं प्रमुख अतिथि के साथ छात्रावास के मुख्य दानदाता राजेश नुवाल एवं हेमंत पनपालिया तथा मंडल के विश्वस्त माणकचंद काबरा, मंडल के अध्यक्ष अतुल लाहोटी ने मंच साझा। मुख्य अतिथि सुरेश काकाणी के अपने मनोगत में कहा कि, किसी भी संस्था को आगे बढ़ाना है तो समय देने वाले कार्यकर्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेष अतिथि बंशीलाल राठी ने कहा कि हर माहेश्वरी को अपनी आय में से कुछ हिस्सा दान करना चाहिए। मंडल के विश्वस्त माणकचंद काबरा ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। मुख्य दानदाता श्री जुवाल एवं श्री पनपालिया ने भी अपना मनोगत व्यक्त किया। मंडल के अध्यक्ष अतुल लाहोटी ने भी सभी दानदाताओं का आभार प्रदर्शित किया।

## स्कूल भवन के लिए आर्थिक सहयोग



**कासगंज।** श्री गौरी शंकर शारडा जूनियर हाई स्कूल के मुख्य द्वार एवं प्रांगण में टीन शेड डलवाने हेतु राजकुमार जाखेटिया व मनोज जाखेटिया द्वारा श्री डीडू माहेश्वरी युवक मंडल (रजि.) के अध्यक्ष अरविंद कवरा व मंत्री सुनील कान्त दरक को तीन लाख की धनराशि अपने माता-पिता रामवती जाखेटिया एवं स्व. श्री रघुनंदन प्रसाद जाखेटिया की पुण्य स्मृति में प्रदान की। समाज सेवी राजकुमार जाखेटिया पश्चिमी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष, लायन्स क्लब कासगंज के रीजन चेयर पर्सन, गौ सेवा समिति कासगंज के संयोजक तथा श्री डीडू माहेश्वरी युवक मंडल (रजि.) कासगंज सभा की सभी संस्थाओं के सदस्य हैं। उल्लेखनीय है कि डीडू माहेश्वरी युवक मंडल (रजि.) के अंतर्गत कासगंज माहेश्वरी समाज की सभी संस्थायें जिनमें श्री गंगा देवी माहेश्वरी भवन, श्री सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज, श्री गौरी शंकर शारडा जूनियर हाई स्कूल, श्री रामस्वरूप बिडला चमेली देवी जूनियर हाई स्कूल तथा श्री आनंदी लाल बिडला जूनियर हाई स्कूल आदि सभी संस्थायें आती हैं।

## पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण




**उज्जैन।** श्री माहेश्वरी मेवाडा थोक पंचायत महिला मंडल द्वारा पर्यावरण दिवस पर मंगलनाथ रोड स्थित माहेश्वरी फार्म पर मंडल अध्यक्ष संगीता भूतड़ा व सचिव संध्या हेड़ा की उपस्थिति में नीम, आंवला, गुलमोहर आदि के पोधे लगाकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष उषा सोडाणी, जिला सचिव मनीषा राठी सहित मंडल की वरिष्ठ शांता मंडोवरा, तेजू देवी तोषनीवाल, शोभा मूंदड़ा, ज्योति राठी, ममता बांगड़ आदि उपस्थित थी। कार्यक्रम में विशेष सहयोग सीमा पलोड़ का रहा।

## बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम संपन्न



**भीलवाड़ा।** मेवाड़ माहेश्वरी मंडल द्वारा 30वां मासिक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम गत 02 जून को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राधेश्याम सोमानी संयोजक महेश नवमी कार्यक्रम नगर सभा भीलवाड़ा, रमेश राठी मंत्री भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा, सुरेश बिडला सहसंयोजक महेश नवमी,, कृष्ण गोपाल राठी सहसंयोजक महेश नवमी, गोपाल नराणीवाल, सुशील मरोठिया, प्रमोद डाड, सम्पत माहेश्वरी, श्रवण समदानी, सुनील मूंदड़ा व औम प्रकाश सोमानी, प्रदीप बल्दवा, संजय जागेटिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुनील मूंदड़ा, ओम प्रकाश मालू,, सत्यनारायण तोशनीवाल, कैलाश सामरिया, सुरेश जाजू, कैलाश लढा, मधुसुदन बागला कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया। श्रवण समदानी व सुनील मूंदड़ा ने बताया कि कार्यालय में युवको के 3400 व युवतियों के 5500 बायोडाटा संजोकर रखे गए है। 1500 से अधिक संबंध होने के उपलक्ष्य में केक भी काटा गया। मुख्य संयोजक सुनील मूंदड़ा, श्रवण समदानी, सम्पत माहेश्वरी आदि ने सबका आभार व्यक्त किया।

## युवा संघ की हुई स्थापना

**बिल्सी।** यूपी के जिला बदायूं के बिल्सी में महेश नवमी उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान जेवर नगर पंचायत अध्यक्ष पहलवान नारायण माहेश्वरी मौजूद रहे। उत्सव के दौरान ही संस्थापक आयुष असावा ने माहेश्वरी समाज के युवाओं के साथ मिलकर माहेश्वरी युवा संघ स्थापना की घोषणा की। इससे आयुष असावा, प्रियश माहेश्वरी, शिवम माहेश्वरी, प्रदीप माहेश्वरी, विख्यात माहेश्वरी, कुशाग्र माहेश्वरी, पार्थ माहेश्वरी, हर्षित माहेश्वरी, दिव्यांश माहेश्वरी, देवांश असावा, रिषभ माहेश्वरी, मुदित असावा, दक्ष माहेश्वरी, नमन माहेश्वरी, श्रेयांश माहेश्वरी, तनिष्क माहेश्वरी, ध्रुव राठी, दिलीप माहेश्वरी आदि कई युवा सम्बद्ध हुए।

# टवाणी की पुस्तक का विमोचन



**किशनगढ़।** श्री निम्बार्क पीठ काचरिया मंदिर प्रांगण में काचरिया पीठाधीश्वर जयकृष्ण देवाचार्य के कर कमलों द्वारा ज्ञानमंदिर किशनगढ़ के संस्थापक श्री कृष्णचन्द्र टवाणी द्वारा रचित पुस्तक 'अध्यात्म और आरोग्य' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक शर्मा द्वारा मंगलाचरण कर किया गया। श्री कृष्णचन्द्र टवाणी, घनश्याम अग्रवाल, रामकिशोर बाहेती, कंचन मणि भट्टड़, किशनगोपाल मालापानी ने काचरिया पीठाधीश्वर जय कृष्ण देवाचार्य का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। शास्त्री श्री बालमुकुंद सेवदा ने पुस्तक का परिचय प्रस्तुत किया।

# मिशन आईएएस-100 का आयोजन



**अहमदाबाद।** देश के लिए नीति निर्माण का कार्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जाता है। उक्त विचार वरिष्ठ आयकर आयुक्त संजय पुंगलिया ने व्यक्त किए। श्री पुंगलिया गत 9 जून को अहमदाबाद जिला माहेश्वरी सभा एवं युवा संगठन द्वारा उड़ान 2024 अंतर्गत महासभा की आईएएस 100 समिति के सहयोग से आयोजित प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन शिविर में मार्गदर्शन कर रहे थे। पूर्व एवं उत्तर पूर्व के हवाई अड्डों के सुरक्षा प्रमुख डी. आई. जी. हरिओम गांधी ने कहा कि केंद्रीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा चयनित आधिकारियों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इसलिए उन्हें पद, प्रतिष्ठा और अधिकारों के साथ ही अत्यधिक सुरक्षित भविष्य भी मिलता है। मिशन आइएएस 100 समिति के प्रॉजेक्ट कोर्डिनेटर किशन प्रसाद दरक ने प्रशासनिक सेवाओं में आने के लिए युवा एवं उनके परिवारजनों के मन मे उभरती शंकाओं का समाधान किया। आदर्श बसेर (उप जिलाधिकारी, पोरबंदर) और कु. गरिमा मूंदड़ा (भारतीय विदेश सेवा - 2023 बैच) ने यूपीएससी तैयारी के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन किया। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पद पर कार्यरत आईसीएलएस अधिकारी अंकिता लाहोटी, मिशन आइएएस 100 के गुजरात प्रांत प्रभारी कृष्ण कुमार भट्टड और प्रवक्ता श्वेता आनंद जाजू ने भी मार्गदर्शन दिया। इस शिविर से 450 से अधिक युवा और लगभग 200 अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकर्ता 3 घंटे से अधिक समय तक जुड़े रहे। जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश कासट, जिलामंत्री अरविन्द जाजू, उपाध्यक्ष जीतमल जाजू, संगठन मंत्री विनोद पोरवाल, प्रचार मंत्री राजेश खटोड़, निवर्तमान अध्यक्ष तथा प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र पेरीवाल सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# महेश क्रेडिट कोऑपरेटिव की बैठक सम्पन्न



**बूंदी।** श्री महेश क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. के संचालक मण्डल सदस्यों की बैठक सहकारी विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न विषयों एवं सोसायटी के कार्यों की बिन्दुवार चर्चा के साथ सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष संजय लाठी ने कहा कि लोगो को आत्मनिर्भर बनाने में सहकारिता भी मुख्य आधार है। इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष श्री लाठी ने विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत विनोद कुमार मंत्री व लक्ष्मीकांत माहेश्वरी को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उपस्थित संचालक मंडल सदस्यों ने सामूहिक रूप से पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। बैठक का संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वर मंडोवरा ने तथा धन्यवाद सचिव नारायण मंडोवरा ने ज्ञापित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष चतुर्भुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोहन बाहेती, निदेशक रमेश माहेश्वरी, धर्मेन्द्र जैथलिया, मीनाक्षी काबरा, नीलम हल्दिया आदि उपस्थित रहे।

# महारुद्राभिषेक का आयोजन



**जयपुर।** गत 09 जून को सिविल लाइन्स स्थित केशवनगर जनोपयोगी भवन में जिला माहेश्वरी सभा द्वारा महारुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 54 युगलों ने सहभागिता की। युगल यजमान को अलग-अलग विद्वान पंडितों द्वारा मंडप पूजन एवं रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया। कुल 65 विद्वान पंडितों ने कार्यक्रम में महा रुद्राभिषेक को सम्पन्न कराया। परिसर मे स्थित भोलेनाथ के मंदिर में केदारनाथ धाम की बर्फ की झांकी सजायी गयी। महाआरती के प्रायोजक अरुण मालपानी एवं भक्ति संध्या के प्रायोजक तेज प्रकाश रांदड रहे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आलोक झंवर, सह संयोजक दामोदर लोहिया, ललित समधानी, गोविन्द तोतला, हिमांशु कोगटा एवं कमल लाहोटी थे। श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के अध्यक्ष केदारमल भाला, पूर्व अध्यक्ष बजरंग लाल जाखोटिया, बजरंग लाल बाहेती, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र बजाज, जिला मंत्री गोविंद परवाल, अर्थ मंत्री राधेश्याम काबरा, प्रचार मंत्री कौशल सोनी, महासभा कार्य समिति सदस्य कैलाश सोनी आदि समारोह में उपस्थित रहे।

## चिकित्सालय में किया गया कूलर भेंट



**बीकानेर।** स्थानीय मुरलीधर व्यास नगर निवासी स्व. श्रीमती शांता देवी राठी धर्मपत्नी चांदरतन राठी की स्मृति में स्थानीय जस्सूसर गेट स्थित एस.डी.एम. राजकीय जिला चिकित्सालय (सेटेलाईट अस्पताल) में भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों के लिए अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष की उपस्थिति में एक फाईबर का कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर परिवार की ओर से चांदरतन राठी, पवन कुमार राठी एवं मनोज कुमार राठी उपस्थित थे।

## गर्मी में मस्ती और सेवा



**निजामाबाद।** माहेश्वर महिला मंडल निजामाबाद द्वारा, 8 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को आध्यात्मिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, कार्टून कैलीग्राफी, डांस, फायरलेस कुकिंग, मोटिवेशन गेम्स इत्यादि सिखाया गया। ये शिविर मंडल के अध्यक्षा निशा छापरवाल व सचिव सपना काबरा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसी प्रकार सेवा गतिविधि में माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा इस चिलचिलाती धूप में राहगीरों के लिए 2 महीने फ्री ठंडी-ठंडी छांछ का स्टाल लगाया गया। यहां रोज 70 लीटर छांछ वितरण हुई, साथ ही साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, गवर्नमेंट हॉस्पिटल में भी 150 लीटर छांछ वितरित की गई।

## राहगीरों के लिए लगाई प्याऊ



**बूंदी।** गर्मी में सामर्थ्य सोसायटी द्वारा रामद्वारा में राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए प्याऊ लगवाया गया। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। प्याऊ लगाने से प्रतिदिन आसपास के गांवो, कस्बों से आने वाले लोग, राहगीरों, ग्रामीणों व व्यापारियों को दिन भर शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा।

## रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन




**भीलवाड़ा।** महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वाधान में नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा 12 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए 'ट्रेजर हंट' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन शास्त्री नगर महिला संगठन और पथिक नगर महिला संगठन द्वारा किया गया। प्रभारी गायत्री मूँदडा, मोना डाड और निर्मला बाहेती रहें। सचिव सोनल माहेश्वरी ने बताया कि 8 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए मदर किड्स एण्ड टेक्नोलॉजी विषय पर रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन की संयोजक आरके आरसी महिला संगठन और सुभाष नगर महिला संगठन था। प्रभारी रीना डाड, उर्मिला अजमेरा और कुसुम गट्टानी थीं। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष संध्या आगीवाल व अंकिता राठी, जिला उपाध्यक्ष निशा काकानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**सीकर।** महेश नवमी महोत्सव के सात दिवसीय आयोजन के तहत रविवार को माहेश्वरी समाज का रक्तदान शिविर लगा, जिसमें 400 युवाओं ने रक्तदान किया। समाज सचिव गिरीश सोमानी ने बताया कि स्व. श्याम सुंदर बियाणी की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में सर्व समाज के लोगों ने सहयोग किया। समाज अध्यक्ष - पन्नालाल सारडा, सतीश बियाणी, महेश होलानी, श्रीगोपाल सोमानी, मणिशंकर काबरा, दिनेश बियानी, मंच अध्यक्ष अभिषेक तापड़िया, मनोज सोडानी, आलोक बियाणी महेश काबरा, विष्णु काबरा आदि ने भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। युवा मंच सचिव नितेश काबरा ने बताया कि शिविर में युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर में डॉ जीएल राठी, शेर सिंह सुंडा, बीएल मील ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन कर प्रमाण पत्र वितरित किए।

*तन की खूबसूरती एक भ्रम है, सबसे खूबसूरत तो आपकी वाणी है, चाहे तो दिल जीत ले, चाहे तो दिल चीर दे।*

# समाज संगठन के चुनाव संपन्न



**वरंगल।** स्थानीय माहेश्वरी समाज के सत्र 2024 - 27 के लिए चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी हरीश लोया, घनश्याम दरक एवं नवीन मोदानी थे। इस चुनाव में प्रहलाद सोनी अध्यक्ष, श्यामसुंदर जाखोटिया उपाध्यक्ष, नंदकिशोर लाहोटी उपाध्यक्ष, रामकिशोर मनियार मंत्री, नवलकिशोर मुंदड़ा सह मंत्री, गोपाल दरक सह मंत्री, जितेंदर मुंदड़ा कोषाध्यक्ष, विशाल बंग सह कोषाध्यक्ष, दामोदर लाहोटी सांस्कृतिक मंत्री, वेणुगोपाल काबरा सह सांस्कृतिक मंत्री, सीए हरीश लोया संगठन मंत्री सर्वसम्मति से चुने गये।

# समाज के चुनाव संपन्न




**वरंगल।** स्थानीय माहेश्वरी समाज के सत्र 2024 - 27 के लिए चुनाव निर्विरोध चुनाव अधिकारी हरीश लोया, घनश्याम दरक एवं नवीन मोदानी के नेतृत्व में हुए। प्रहलाद सोनी अध्यक्ष, श्यामसुंदर जाखोटिया उपाध्यक्ष, नंदकिशोर लाहोटी उपाध्यक्ष, रामकिशोर मनियार मंत्री, नवलकिशोर मुंदड़ा सह मंत्री, गोपाल दरक सह मंत्री, जितेंदर मुंदड़ा कोषाध्यक्ष, विशाल बंग सह कोषाध्यक्ष, दामोदर लाहोटी सांस्कृतिक मंत्री, वेणुगोपाल काबरा सह सांस्कृतिक मंत्री, हरीश लोया संघटन मंत्री चुने गये। चुनाव के पश्चात सभी ने सह भोज में भाग लिया एवं सह मंत्री द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# विचार मंथन प्रतियोगिता का आयोजन



**इचलकरंजी।** स्वकेंद्रित होता युवा वर्ग - 'मेरा जीवन, मेरा अधिकार' सामाजिक एवं पारिवारिक परिपेक्ष में कहां तक उचित'' विषय पर महेश नवमी महोत्सव अंतर्गत विचार मंथन प्रतियोगिता एवं चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखें।

# प्रतिभाओं का किया सम्मान




**देवास।** माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा एवं प्रचार मंत्री प्रदीप लाठी ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव के समापन पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। यह सम्मान स्व. कन्हैयालाल दाड़, स्व. गोपालदास मूंदड़ा एवं स्व. प्रहलाददास परवाल की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा प्रदान किया जाता है। मुख्य अतिथि जिम्मी बाहेती सीईओ जनपद पंचायत तिल्लोर थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कैलाश डागा ने की। विशेष अतिथि के रूप में महिला संगठन की जिलाध्यक्ष मंगला परवाल, प्रादेशिक सभा से पधारे प्रतिनिधि श्रीराम तोतला एवं अष्ट सिद्धा समिति सहप्रमुख रंजना परवाल तथा समाज अध्यक्ष मनोज बजाज, महिला संगठन अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी, युवा संगठन अध्यक्ष नितिन चांड़क एवं सखी संगठन अध्यक्ष अलका भूतड़ा उपस्थित थीं। अतिथियों का स्वागत समाज अध्यक्ष मनोज बजाज ने किया।

# शीतल जल मशीन का लोकार्पण



**चंद्रपुर।** शीतल जल मशीन का लोकार्पण चंद्रपुर रेलवे स्टेशन पर गत 5 मई को अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी और अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के संयुक्त मंत्री (मध्यांचल) दिनेश राठी के करकमलों द्वारा हुआ। माहेश्वरी युवक मंडल के अध्यक्ष शक्ति धूत ने अपने सम्बोधन में जल संरक्षण करने की अपील भी आम जनता से की। इस नेक सामाजिक काम में रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म 1 में पानपोई का सौजन्य ओमप्रकाश झंवर परिवार ने किया। इस में सुशील मुंधड़ा, दामोदर सारडा, सुनील भट्टड़, शिव सारडा, दामोदर मंत्री, उमेश चांडक, ऋषिकांत जाखोटिया, आनंद झंवर, सचिन सोनी, मुकेश भट्टड़, अनूप मालपानी, श्रीकांत भट्टड़, गौरव लाहोटी, दिनेश कोठरी, धीरज राठी आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार मंत्री रुपेश राठी द्वारा दी गयी।

**इंसान कहता है अगर पैसा हो तो मैं कुछ करके दिखाऊं और पैसा कहता है कि तुम कुछ करके दिखाओ तो मैं आऊं।**

## सफाई अभियान का किया आयोजन



**कोयंबटूर।** माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने गायत्री चेतना केंद्र के साथ मिलकर विगत सप्ताह कुमार स्वामी पार्क एंव झील के क्षेत्र में सफाई अभियान आयोजित किया एवं पार्क के पाथवे को सुंदर रुप दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और साफ रखने की मुहीम चलाई गई थी, उसी दिशा निर्देश का पालन करते हुए इस अभियान की शुरुआत की गई। माहेश्वरी समाज की ओर से सभा के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश चांडक, गिरीराज चांडक, गोविंद मण्डोवरा, मनोज गग्गड़ आदि ने इस अनुकरणीय कार्य मे विभिन्न समाज के सदस्यो के साथ मिलकर भाग लिया।

## महेश रत्न व महेश भूषण सम्मान



**सूरत।** गत 15 जून महेश नवमी के उत्सव पर सूरत जिला माहेश्वरी सभा द्वारा माहेश्वरी भवन सिटीलाइट में महेश रत्न 2024 सम्मान दिए गए। इसमें महेश रत्न से घनश्यामदास रामकिशन चांडक, सत्यनारायण मांगीलाल दरगड व महेश भूषण से जगदीशप्रसाद शंकरलाल कोठारी व महेंद्र नारायणप्रसाद झंवर को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में सूरत माहेश्वरी सभा के जिलाध्यक्ष पवन बजाज, सचिव अतिन बाहेती, कोषाध्यक्ष रामसहाय सोनी, संगठन मंत्री मुरली लाहोटी, प्रचार प्रसार मंत्री नारायण पेरीवाल, उपाध्यक्ष विजय भट्टड, परसराम मुंदड़ा व टीकम असावा, सहसचिव महेश खटोड, विजयराज चांडक व कार्यालय मंत्री विष्णुप्रसाद राठी आदि ने महेश रत्न एवं महेश भूषण का सम्मान किया। माहेश्वरी भवन समिति द्वारा पूरे साल भर में जिन्होंने नेत्रदान किया, उन सभी चक्षुदाताओ के परिवार का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया।

*अभिमान तब आता है जब हमें लगता है कि हमने कुछ किया है, सम्मान तब मिलता है जब दुनिया को लगता है कि आपने कुछ किया है।*

## बुजुर्गों का किया सम्मान



**देवास।** माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी एवं सचिव अनीता मंत्री ने बताया कि रघुकुल रीत सिद्धा समिति एवं पारिवारिक समरसता समिति के अंतर्गत बुजुर्गों की चौपाल में समाज के ८० वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के 13 समाजसेवियों मनोरमा परवाल, चंद्रकांता बजाज, कमला भूतड़ा, सुबोधिनी मालू, प्रहलाद दास माहेश्वरी, पुष्पा डागा, लीला मूंदड़ा, शांता गांधी, प्रहलाददास तापडिया, कमला तापडिया, नारायणदास चौधरी, एम.एल गगरानी, मनोरमा परवाल आदि का सम्मान भेरूगढ़ स्थित श्रीराम मंदिर पर किया गया। मध्यांचल सहप्रभारी रंजना परवाल, सहसंयोजिका मीनाक्षी झंवर एवं समिति सदस्य अमिता मालू ने बताया कि सर्वप्रथम बुजुर्गो का पुष्पवर्षा कर स्वागत कर पाद प्रक्षालन एवं पूजन किया गया। रूपल सोमानी एवं अलका भूतड़ा ने चारधाम यात्रा की शानदार नाट्य प्रस्तुति दी। भजन गायक द्वारका मंत्री ने माता-पिता के भजनों की प्रस्तुति दी।

## महेश नवमी पर खेल स्पर्धा



**देवास।** माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा एवं युवा संगठन के मीडिया प्रभारी आयुष भूतड़ा ने बताया कि महेश नवमी आठ दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत युवा संगठन द्वारा एलएनबी क्लब में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें समाजजनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष कैलाश डागा, महिला जिलाध्यक्ष मंगला परवाल, नगर अध्यक्ष मनोज बजाज, सचिव अनिल झंवर, महिला संगठन अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी, सचिव अनिता मंत्री, युवा संगठन अध्यक्ष नितिन चांडक, सचिव प्रतीक झंवर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। महोत्सव के अंतर्गत बद्रीधाम नगर गार्डन में बद्रीश्वर महादेव मंदिर के पास पौधारोपण किया गया। सभी ने पौधों की देखभाल कर उन्हें बड़ा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में घनश्याम माहेश्वरी का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष मनोज बजाज, सचिव अनिल झंवर, अशोक सोमानी, कल्याण भूतड़ा, गोपाल झंवर, प्रदीप साबू, शिवाजी माहेश्वरी, प्रदीप लाठी, आशीष लाठी आदि ने पौधारोपण किया।

# खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन




**गुरुग्राम।** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य पर खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज में भाग लिया। गुरुग्राम के खेल मंत्री शिव रतन माहेश्वरी ने बताया कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि मनित जाजू (समाजसेवी व व्यवसायी), माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष शरद शारदा, सचिव महेश जाखेठिया, युवा संगठन के अध्यक्ष मनीष मोहता, सचिव दिनेश बाहेती, उपाध्यक्ष शरद बिहानी और सांस्कृतिक मंत्री सुमंत बंग थे।

# मिशन आईएसएस 100 का आयोजन



**वड़ोदरा।** माहेश्वरी समुदाय के बच्चों को सिविल सेवा में शामिल करने के लिए मिशन आईएएस 100 के तहत वड़ोदरा जिला माहेश्वरी सभा द्वारा यूपीएससी कॅरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के तत्वावधान में शहर के वेस्वीक ऑडिटोरियम (इंजिनियरिंग भवन) में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रसाद दरक ने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी और उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मिशन आईएएस 100 के चेयरमेन श्रीकांत बाल्दी ने आईएएस की सर्विसिस की महत्ता एवं समाज के लिए उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी सदन के समक्ष रखी। कार्यक्रम समन्वयक अंकुर सोमानी और सह-समन्वयक जितेंद्र कलंत्री ने बताया कि समाज के बच्चे भविष्य में सिविल सेवा में जा सकें, इसके लिए आईएएस, आईआरएस स्तर के वक्ताओं ने 200 से अधिक बच्चों को यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कैसे करें और सिलेबस के साथ ही विषय कहां से चुनें, इसकी जानकारी दी। गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश मूंदड़ा प्रांतीय मंत्री राजराम राठी, संगठन मंत्री राजेन्द्र पेड़ीवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण ईनानी एवं कार्यालय मंत्री मनोहरलाल यह सेमीनार में उपस्थित थे। सेमिनार को सफल बनाने में वडोदरा जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष मोहनलाल डाड एवं मंत्री संजय राठी के नेतृत्व में सभी सदस्य व अन्य संगठनों ने सहयोग दिया।

# नारी स्वास्थ्य मार्गदर्शन शिविर सम्पन्न



**सूरत।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा संजीवनी सिद्धा समिति के अंतर्गत महेश नवमी के उपलक्ष्य में गत 11 जून को महिलाओं के लिए मेनोपॉज और पोस्ट मेनोपॉज सहित नारी स्वास्थ्य को लेकर मार्गदर्शन शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम में प्रांतीय निवर्तमान अध्यक्षा उमा जाजू की विशेष रूप से उपस्थिति रही। लगभग 65 महिलाओं ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया। उक्त जानकारी अध्यक्ष वीना तोषनीवाल, सचिव- प्रतिभा मोलासरिया ने दी।

# आरओ युक्त वाटर कूलर लगाया



**फरीदाबाद।** माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा महेश नवमी 15 जून को जनसाधारण के लिए प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद में वाटर कूलर (ठंडे पानी पीने की मशीन) लगाई। इस कार्यक्रम में महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल आगीवाल, महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के सचिव श्रवण मीमाणी, महेश्वरी मंडल के अध्यक्ष रामकुमार राठी, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के सह सचिव रामनिवास भूतड़ा, महेश्वरी मंडल के सह सचिव राकेश सोनी, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉक्टर अरुण माहेश्वरी, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुशील सोमानी आदि उपस्थित थे।

# डॉ. भागडिया का हुआ सम्मान



**अमरावती।** श्रीमती केशरबाई लाहोटी महा अमरावती के प्राचार्य डॉ. विजयकुमार भागडिया का जन्मगांव हिंगणघाट में श्री माहेश्वरी पंचायत समाज के कार्यक्रम में 'समाज भूषण' पुरस्कार देकर सत्कार किया गया। हिंगणघाट माहेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष राजुबाबू राठी, डॉ. प्रकाश लाहोटी, डॉ. इंद्रकुमार मोहता सहित बड़ी संख्या में समाज परिवार की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. भागडिया की माताजी, काकाजी, काकीजी, भाई, भाभी, बहन भी उपस्थित थीं।

WITH BEST COMPLIMENTS FROM

ECOVIS®

# RKCA ADVISORS LIMITED

(An Affiliation with Ecovis International having offices in 65 countries)

## SERVICE OFFERINGS

Growth and Tax Advisory

Risk and Financial Consulting

Accounting and Legal Services

Management and Marketing

## OUR PRESENCE

Mumbai | Vashi | Powai | Ahmedabad | Chennai | Delhi | Hyderabad | Indore | Kolkata

## OUR GROUP COMPANIES

**RKCA XAT Consulting Pvt. Ltd.**
Far East Advisory

**RKCA Law Associates**
Legal & Compliance

**BM TRADA RKCA Certifications**
Process Consulting

**PCG RKCA Management & Financial Services Pvt. Ltd**
Personal Consulting Group - M&A Support

**Goldberries Technologies**
Tech Enabled

**UICommons Academy India Private Limited**
A Joint Venture with Japan

## INTERNATIONAL JV/PARTNERS

**Exova BM TRADA**
ISO Certifications

**MARCUM**
USA Accounting Partners

**Core Creators**
Growth Consulting

**ECOVIS**
European Network

**GoGetterz**
EduTech Entrepreneurship

Those who want to join us, GET IN TOUCH

Admin Office: C-1903, Kailas Business Park, Off Hiranandani, Powai (Vikhroli West), Mumbai - 400 076
Head Office: 809, Tulsiani Chambers, Nariman Point, Mumbai 400 021 (INDIA)
Tel. +91 22 2204 4737, Email: enquiry@rkca.net



समाज ने अपना उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया। विभिन्न समाज संगठनों ने देश ही नहीं देश की सीमाओं से बाहर भी भगवान श्री महेश का अभिषेक कर रंगारंग कार्यक्रमों आदि के साथ इस महापर्व के उत्साह को नया रंग प्रदान किया।

# समाज के उत्पत्ति दिवस पर उत्साह की धूम



**वरंगल।** उत्सव अध्यक्ष प्रहलाद सोनी की अध्यक्षता में प्रगतिशील मारवाड़ी एवं माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट भवन में महेश नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम शोभायात्रा MGM के पास राज राजेश्वरी माता मंदिर से श्री हनुमान मंदिर, रंगमपेट तक निकाली गई। श्री हनुमान मंदिर में समाज के वरिष्ट सदस्यों द्वारा श्री शिवाभिषेक एवं आरती की गई। महेश नवमी के उपलक्ष्य पर राहगीरी के लिए अन्नप्रसादी का आयोजन भी किया गया। सायंकाल में श्री हनुमान चालीसा का पारायण किया गया और सभी को गोष्टी प्रसाद वितरित किया गया। माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के 65 सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। सांस्कृतिक मंत्री दामोदर लाहोटी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



**लखनऊ।** उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के शुभ अवसर पर माहेश्वरी समाज लखनऊ द्वारा माता आनंदी देवी मंदिर चौक पर एकत्रित होकर प्रभात रैली में भगवान महेश की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें समाज के परिवारों के सदस्यों ने सम्मिलित होकर अत्यंत हर्षोल्लास के साथ भगवान महेश के भजन एवं गीत गाए। कोनेश्वर महादेव मंदिर में सभी ने दर्शन करके समाज द्वारा जन सेवा में आयोजित शरबत सेवा कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। माहेश्वरी समाज लखनऊ के सदस्यों द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। उक्त जानकारी निखिल माहेश्वरी बलदुआ ने दी।



▶▶ **देवास।** समाज के उपाध्यक्ष सुनील माहेश्वरी एवं राजकुमार भूतड़ा ने बताया कि महेश नवमी पर भगवान महेश का रूद्राभिषेक मंत्रोच्चार के साथ पं. अजय शास्त्री ने संपन्न कराया। इस वर्ष प्रभात फेरी की जगह शाम को शोभा यात्रा निकलने के कारण अभिषेक में समाज के ८ जोड़ों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कैलाश डागा, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रहलाद दाड़, समाजजन उपस्थित रहे। भगवान महेश की आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात समाज की साधारण सभा संपन्न हुई।



▶▶ **धामनोद ( धार )।** गत 15 जून को महेश नवमी उत्सव में बालाजी मंदिर में भगवान शिव की पूजा आरती कर शोभायात्रा प्रारंभ हुई। महेश्वर चौराहे पर क्षेत्रीय विधायक कालू सिंह ठाकुर ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उसके पश्चात समाज में कई तरह की खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आम से बने व्यंजन और भजन प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस वर्ष सभी छात्रों को जिन्होंने अपने-अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मराल ओवरसीज के प्रेसिडेंट प्रतीक बल्द्वा एवं एसडीओपी मोनिका सिंह और टी आई अमित कुशवाह मौजूद रहे। समाज अध्यक्ष भगवान दास मूंदड़ा, युवा मंडल अध्यक्ष सुमित परवाल, महिला मंडल उपाध्यक्ष प्रेमलता सोडाणी एवं सखी मंडल अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अनीता मुकेश आगीवाल मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष राठी ने किया। आभार प्रतीक मूंदड़ा एवं श्वेता लड्ढा ने माना। अन्त में सहभोज हुआ।



▶▶ **वर्धा।** स्थानीय माहेश्वरी मंडल ने राममय महेश नवमी पर्व मनाया। इसमें अभिषेक, रक्तदान शिविर, शोभा यात्रा, महेश दीक्षांत समारोह आदि की रही भरमार। विख्यात रेडियोलॉजिस्ट तथा रोटरी प्रांत 3132 के प्रांतपाल डॉक्टर सुरेश साबु समारोह के प्रमुख अतिथि थे। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में ऑल इंडिया रैंक 185 लॉकर आईपीएस बनने वाले अभय डागा का माहेश्वरी समाज की ओर से सत्कार भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन माहेश्वरी मंडल वर्धा के समन्वयक राजकुमार जाजू व आभार प्रदर्शन सचिव प्रोफे ललित राठी ने किया। अतिथि परिचय महिला मंडल की उपाध्यक्ष ललिता राठी तथा नेहा भूतडा ने दिया। स्मृति चिन्ह सनदी लेखापाल परमानंद तापड़िया ने प्रदान किया। इस अवसर पर मंच पर माहेश्वरी मंडल वर्धा के अध्यक्ष अनिल जांवधिया, महिला अध्यक्ष छाया राठी नवयुवक अध्यक्ष आनंद भूतड़ा तथा नवयुवती मंडल की अध्यक्ष निधि राठी उपस्थित थीं।



▶▶ **देवास।** माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा व अध्यक्ष मनोज बजाज ने बताया कि इस वर्ष देवास में पहली बार सायं 5 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा श्री सांवलियानाथ मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीराम मंदिर भेरूगढ़ पर संपन्न हुई। रूपल सोमानी द्वारा विभिन्न वेश भूषा में तैयार किये गये बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। सखी संगठन की अध्यक्ष अलका भूतड़ा के नेतृत्व में महिलाएं लेझिम का प्रदर्शन करती चल रही थीं। भजन गायक द्वारका मंत्री ने पूरे समय साथियों के साथ लगातार 2 घंटे भजनों की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा का स्वागत गणेश देव स्थान, मारवाडी महिला समिति, गणेश काबरा, भीम सोनी, महादेव टेलीकाम संजय ताराणी, राजेश सेन, गणेश विजयवर्गीय, खाटू श्याम सेवा समिति, प्रदीप साहू, पवन विजयवर्गीय, गजेन्द्र सोनी, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, राधेश्याम सोनी, स्वर्णकार समाज, संजय जैन गौरवमयी संस्था, चित्तोड़ा समाज वैश्य महासम्मेलन, जांगड़ा पोरवाल समाज आदि ने किया शोभा यात्रा का नेतृत्व युवा संगठन अध्यक्ष नितिन चांडक एवं साथियों द्वारा किया गया।



▶▶ **सूरत।** सूरत जिला माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में 5157वें माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व के अवसर पर शहर के दो क्षेत्रों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मीडिया प्रभारी सुनील माहेश्वरी ने बताया कि शोभायात्रा प्रातः 7.30 बजे से माहेश्वरी भवन सिटी लाइट एवं पर्वत पाटिया विस्तार के विभिन्न क्षेत्र से माहेश्वरी सेवा सदन तक निकली। सूरत जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पवन बजाज, सचिव अतिन बाहेती, कोषाध्यक्ष रामसहाय सोनी, संगठन मंत्री मुरली लाहोटी सहित अनेक गणमान्य एवं भामाशाह उपस्थित रहें। ''स्वच्छ एवं पर्यावरण बचाओ'' का संदेश दे रही एसबीआर माहेश्वरी विद्यापीठ की झांकी भी इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण थी। सचिव अतिन बाहेती ने बताया कि आज महेश नवमी के दिन 201 शिवलिंग के महाअभिषेक का कार्यक्रम माहेश्वरी भवन सिटी लाइट एवं माहेश्वरी सेवा सदन पर्वत पाटिया पर माहेश्वरी नवयुवक मंडल तथा माहेश्वरी सेवा सदन समिति के सहयोग से तथा रक्तदान महादान का आयोजन भी दोनों भवनों में महेश मित्र मंडल एवं माहेश्वरी सेवा मंडल के सहयोग से आयोजित किया गया। सूरत जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पवन बजाज ने बताया कि समाज उत्थान के लिए उत्कर्ष कार्य करने वाले समाज बन्धुओं में इस वर्ष महेशरत्न घनश्यामदास चांडक एवं सत्यनारायण दरगड़ को तथा महेशभूषण सम्मान महेंद्र झंवर एवं जगदीश कोठारी को प्रदान किया गया।



**▶▶ अहमदनगर।** जिला स्थित प्रवरा परिसर तालुका माहेश्वरी सभा 2024 द्वारा महेश नवमी आश्वी गांव में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रवरा परिसर तालुका सभा अंतर्गत सोनगाव, कोल्हार, आश्वी, लोणी ऐसे चार विभाग है। इस वर्ष का यजमान पद आश्वी माहेश्वरी समाज के पास था। अमृत वाहिनी प्रवरा नदी तट पर अमृतेश्वर मंदिर में महाआरती से प्रारंभ हुई शोभायात्रा का समापन विठ्ठल मंदिर में हुआ। प्रवरा परिसर तहसील के युवा, युवती, समाजबंधु इसमें शामिल हुए।



**▶▶ बैंगलुरू।** 50वें स्वर्णिम वर्ष तथा माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर भगवान महेश का संगीतमय रुद्राभिषेक हुआ। रुद्राक्ष से बने शिवलिंग की मनमोहक झांकी बनाई गई और साथ ही बच्चों के खेलने वाले क्ले से बने छोटे-छोटे 12 ज्योतिर्लिंग भी उस शिवलिंग के आसपास रखे गए। स्थानीय माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष नवल किशोर मालू धर्म पत्नी अनुश्री मालू के साथ-साथ 11 यजमान सहित माहेश्वरी सौहार्द्र क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, माहेश्वरी फाउंडेशन एवं माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने रुद्राभिषेक में बैठकर अनुष्ठान संपन्न किया। रुद्राभिषेक के पश्चात भवन परिसर में राहगीरों को अन्नदान किया गया। माहेश्वरी सभा ने सुरेंद्र थिरानी परिवार के सौजन्य से दीनोधारा ट्रस्ट फॉर डिसेबल्ड के बच्चों को बैग, बुक, पेंसिल इत्यादि पाठ्य सामग्री 70 बच्चों के लिए वितरित की गई। माहेश्वरी सौहार्द क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड ने भव्य अन्नदान बैंक परिसर में आयोजित किया व सैंकड़ों राहगीरों को भर पेट भोजन वितरित किया गया। महेश नवमी के शुभ दिन समाज के सक्रिय सदस्य नारायण मंत्री ने स्वेच्छा से देहदान देने का संकल्प किया। अगले दिन सुबह 10:30 बजे से रक्तदान शिविर, छोटे बच्चों के लिए चित्रकला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के आयोजन के साथ समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया।



**▶▶ निजामाबाद।** जिला माहेश्वरी युवा संगठन ने निजामाबाद जिला माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित महेश नवमी 2024 शोभायात्रा का स्वागत गणेश कॉलोनी के पास किया गया। इसमें भगवान महेश की पूजा व भगवान का स्वागत पटाखो के साथ किया गया। सभी समाज बंधुओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजकः महेश राठी, संदीप कुमार राठी, उपाध्यक्ष गोविंदा मालू, मंत्री रामगोपाल बंग, उपमंत्री मोहित बजाज, कोषाध्यक्ष गोपाल मूंदड़ा, खेल मंत्री मयूर बंग आदि उपस्थित थे।



**▶▶ बागोर।** महेश उत्पति दिवस हर्षोल्लास एवम उत्त्साह के साथ मनाया गया। प्रातः भगवान शिवजी का अभिषेक किया गया व सायंकाल 5 बजे डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आदिदेव महादेव की झांकी रथ में सजाई गई। शोभायात्रा बड़े मन्दिर से शुरु होकर मन्दिर पर भगवान आशुतोष की आरती के साथ सानन्द सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी युवान अध्यक्ष नारायण (नरेन्द्र) सेठिया ने दी।



**जायस ( अमेठी )।** स्थानीय उदप्रद के एकल, माहेश्वरी संयुक्त परिवार द्वारा महेश नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञान प्रश्नोत्तरी व विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समाजजनों ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भागीदारी की।



**बिल्सी।** माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में कछला रोड स्थित श्री माहेश्वरी भवन में समाज के लोगों ने भगवान महेश का हवन पूजन किया। इसके बाद यहां एक भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों ने लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री सुभाष बाहेती, सुधीर सोमानी, राकेश माहेश्वरी, आदित्य माहेश्वरी सभासद प्रखर माहेश्वरी, अखिल मालपाणी, विवेक राठी, अमित माहेश्वरी, प्रफुल्ल मालपाणी आदि बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।



**बाग।** श्री माहेश्वरी युवा संगठन ने महेश नवमी के उपलक्ष्य में नगर को हरा-भरा करने के संकल्प के साथ पौधारोपण किया। सभी उपस्थितजनों ने गंगाकुई धाम गो शाला में गो सेवा कर महेश नवमी पर्व मनाया। इस कार्यक्रम में सभी समाजजनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। युवा संगठन अध्यक्ष रजत मानधन्या ने बताया कि हमारी पूरी टीम ने कई दिनों से पौधारोपण कार्यक्रम की रूपरेखा बना रखी थी। जगदीश तापड़िया, आतुर लड्ढा, रजत अगाल, गोलू राठी, नितिन बाहेती, आदर्श अगाल, वेदांश अगाल, गोविंदा शारदा, अर्पित जाजू, गौरव तापडिया, तुषार जाजू, हरीश बाहेती, ऋषभ झंवर सहित सभी समाजजनों का विशेष सहयोग रहा।



**बठिंडा।** माहेश्वरी सभा बठिंडा ने नई पहल करते हुए इस वर्ष महेश नवमी कार्यक्रम को हमारे उत्पत्ति स्थल लोहार्गल धाम में मनाया। संपूर्ण यात्रा अत्यंत आनंदमय रही एवं यात्रा में शामिल अधिकांश लोगों ने प्रथम बार अपने उत्पत्ति स्थल के दर्शन किए। सूर्य पीठ के पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज, माहेश्वरी माताजी मंदिर के पुजारी जी आदि से मिलकर हमारे उत्पत्ति के बारे में प्राचीन इतिहास की जानकारी एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। लोहार्गल में नवनिर्मित माहेश्वरी भवन में रहने की उत्तम व्यस्था रही। अभी वहां पर माहेश्वरी समाज की सभी गोत्र/खांप की कुलदेवियों के एक भव्य मंदिर का निर्माण जारी है, जिससे सभी कुलदेवियों के दर्शन एक साथ करने का सौभाग्य भी मिलने लगेगा। उक्त जानकारी प्रदेश सचिव जगदीश मंत्री ने दी।



**ग्वालियर।** बृहत्तर ग्वालियर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य में 8 जून को साड़ी वाकेथान का आयोजन किया गया। इसमें महिलाऐं सुषमा स्वराज, अहिल्या बाई, रानी लक्ष्मी बाई, जीजा बाई, सरोजिनी नायडू आदि महिला किरदारो में आयी। महिला त्रिदिवसीय लिप्पन आर्ट वर्कशॉप का आयोजन 11-13 जून को किया गया। भजनामृत एवं स्वरचित काव्य पठन का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका रेणु झंवर व किरण परवाल थीं। इस अवसर पर सरप्राईज गेम्स भी आयोजित किए गए। बड़ी धूमधाम से भगवान महेश की रथ यात्रा निकालकर महेश नवमी का समापन किया गया। इस अवसर पर रेणु झंवर, डॉ. प्रियदर्शिनी नागोरी, किरण परवाल, सुनीता नागोरी, ऐश्वर्या गोदानी, रिद्धि परवाल, आरती परवाल आदि उपस्थित थीं।




▶▶ **बेंगलुरु।** माहेश्वरी सभा, बेंगलुरु ने 50वाँ स्वर्णिम स्थापना वर्ष एवं 5157 वाँ वंशोत्पती दिवस महेश नवमी महोत्सव ओखलीपुराम स्थित माहेश्वरी भवन में बहुत ही धूमधाम से मनाया। माहेश्वरी सभा कार्यसमिति सदस्य राजीव समरिया, माहेश्वरी सभा संगठन मंत्री सत्यनारायण मालानी, माहेश्वरी युवा संघ, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट कोषाध्यक्ष भगवान बलदवा, अध्यक्ष दीपक मंत्री, माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्षा श्वेता बियानी, माहेश्वरी फाउण्डेशन चेयरमेन राजगोपाल भुतड़ा, माहेश्वरी सौहार्द क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डागा, माहेश्वरी सभा अध्यक्ष नवलकिशोर मालु वरिष्ठ सदस्य जयकिशन झंवर एवं सभा पूर्वाध्यक्ष रामगोपाल मुंधरा ने भगवान महेश की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अध्यक्ष नवलकिशोर मालु ने स्वागत उद्बोधन दिया। चित्रकला प्रतियोगिता तथा समाज के बच्चों में समाज के प्रति रुझान के उद्देश्य से फैंसी ड्रेस कंपटीशन प्रतिवर्ष की भांति रखा गया। समाज के वरिष्ठ अनुभवी तीन दंपतियों हरिनारायण एवम सरलादेवी अट्टल, इंदरचंद एवम सुशीलदेवी बागड़ी और नंदकिशोर एवम सावित्रीदेवी मालू का सम्मान किया गया। विशिष्ट उपलब्धि सम्मान के अंतर्गत वैष्णवी गिलड़ा को कराटे एवं तैराकी सहित विभिन्न खेल आदि में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक एवं विभिन्न पुरस्कार पाने के लिए सम्मान दिया गया। माहेश्वरी सभा, महिला एवं युवा संगठन ने अपोलो हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमे 63 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



▶▶ **गुरुग्राम।** स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में 300 से अधिक समाजजनों की उपस्थिति रही। महिलाओं ने भारी संख्या में साड़ी वाकेथान में हिस्सा लेकर संस्कृति बचाओ – संस्कार अपनाओ का संदेश दिया। 51 से अधिक जोड़ों ने सामुहिक भगवान उमा महेश का महारुद्राभिषेक पूजन विधि-विधान से किया। इस अवसर पर समाज के देह-दानी, नेत्र-दानी न 25 से अधिक रक्त-दानियों का सम्मान व अभिनंदन किया गया। मुख्य आकर्षण का केंद्र एक वरिष्ठ दम्पत्ति थे जिन्होने विवाह के 75 वर्ष पूर्ण किये। इस अवसर पर युवा संगठन द्वारा 'स्पोर्ट्स डे' का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के उत्तरांचल क्षेत्र के उपसभापति विनीत केला और विशिष्ट अतिथि हरियाणा पंजाब हिमाचल जम्मू-कश्मीर प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष राजेंद्र कलंत्री, प्रादेशिक युवा संगठन के अध्यक्ष व सचिव सन्योग माहेश्वरी व पुनीत साबू थे। ज़िला सभा अध्यक्ष शरद शारदा, सचिव महेश जाखेटिया, महिला संगठन अध्यक्ष अनामिका कलंत्री, सचिव निधि माहेश्वरी व युवा संगठन अध्यक्ष मनीष मोह्ता, सचिव दिनेश बाहेती सहित समस्त सदस्यों का सहयोग रहा।



▶▶ **दिल्ली।** मध्य दिल्ली माहेश्वरी सभा व महिला संगठन द्वारा 16 जून को 180 सदस्यों की उपस्थिति में महेश नवमी मिलन का आयोजन रविदास मंदिर, देव नगर, करोल बाग में किया गया। इसमें श्याम जाजू पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, प्रदीप गांधी पूर्व लोकसभा सांसद, ओम तापड़िया उत्तरांचल संयुक्त मंत्री मा. महासभा, महेश रांदड कार्यसमिति सदस्य महासभा, मंजू मांधना उत्तरांचल उपाध्यक्ष मा. म. सं., शर्मिला राठी राष्ट्रीय प्रभारी युगल सिद्धा समिति, नीरज पलतानी निवर्तमान अध्यक्ष दिल्ली प्र. मा. सं., आशीष टावरी, मनीष भंसाली, सचिव दिल्ली प्र. मा. सं., श्यामा भांगड़िया, अध्यक्ष दिल्ली प्र. मा. म. सं., लक्ष्मी बाहेती, सचिव दिल्ली प्र. मा. म. संगठन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। मध्य जिला सभा संरक्षक विकास माहेश्वरी, अध्यक्ष सुरेंद्र माहेश्वरी, सचिव अंशुल माहेश्वरी, महिला संगठन अध्यक्ष मंजु शारदा, सचिव सुधा टावरी आदि ने योगदान दिया। मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ स्नेहभोज का भी आयोजन हुआ।



▶▶ **नागपुर।** भव्य शोभायात्रा का आयोजन वाड़ी से 15 जून 2024 को सुबह 7:00 बजे शिव मंदिर राहुल होटल के पास हुआ। आरती के पश्चात शोभा यात्रा की शुरुआत हरेश सोनी (अध्यक्ष, जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), सतीश बियानी (सचिव, जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), योगेश राठी (महेश नवमी संयोजक, नागपुर जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), अनिल मंत्री (जिला संगठन मंत्री), शिवदास राठी (अध्यक्ष-माहेश्वरी पंचायत सीताबर्डी, नागपुर), गोपाल चांडक (सचिव- माहेश्वरी पंचायत सीताबर्डी, नागपुर), सुरेश गांधी (संगठन मंत्री, नगर माहेश्वरी सभा, नागपुर) आदि ने की। शोभा यात्रा के आयोजन को भव्य बनाने में संयोजक मनोज मूंधड़ा, श्याम काबरा, सह-संयोजक विक्रम कोठारी, गौरव जाजू, सह-संयोजिका पल्लवी सोमाणी और तृप्ति जाजू ने योगदान दिया। माहेश्वरी मंडल से ओमप्रकाश राठी (अध्यक्ष), दीपक चांडक (सचिव), उज्जवल चांडक, सीए राजेश राठी, पुरषोत्तम चांडक, प्रशांत मूंधड़ा, रवि मंत्री, विवेक चांडक, हेमंत सुरेश राठी, अमित राठी और माहेश्वरी महिला मंडल वाड़ी आदि ने विशेष योगदान दिया।



▶▶ **रतनगढ़।** माहेश्वरी समाज द्वारा सुबह महेश नवमी पर प्रभातफेरी निकाली गई और भगवान शंकर की पूजा की गई। शाम को माहेश्वरी भवन में विभिन्न कार्यक्रम हुए जिसमें महिला मंडल ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी व विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस मौके पर समाज के नरेश पेड़ीवाल, नरेंद्र झंवर, रजनीकांत सोनी, राकेश जाजू, महेश जाजू, योगेश लड्ढा, प्रदीप लढ़ा, अर्चित झंवर, कृत्यये लढा, सुरेश लाखोटिया, सरिता चाण्डक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा लड्ढा ने किया।



▶▶ **सागर।** माहेश्वरी महिला मण्डल नगर इकाई अध्यक्ष ममता चांडक के नेतृत्व में महेश नवमी पर प्रभातफेरी निकाली गई उसमें महिला-पुरूषों दोनों ने खूब बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उसके बाद शंकर जी का प्रसादी अभिषेक व पूजा की गई। कई प्रतियोगिता भी रखी गई। अंत में भोजन रखा गया। महिला मण्डल की पूरी टीम का इसमें सहयोग रहा। अध्यक्ष ममता चांडक व सचिव कविता जैथल्या ने सभी का आभार व्यक्त किया।



▶▶ **चेन्नई।** श्री माहेश्वरी सभा के तत्त्वावधान में 15 जून को माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश के मंत्रोच्चार सहित रुद्राभिषेक से हुआ। तत्पश्चात् महा आरती के बाद महाप्रसादी रखी गई जिसमें लगभग 200 सदस्यों ने महाप्रसादी ली। मद्रास माहेश्वरी चैरिटेबल के प्रबंध न्यासी अशोक लखोटिया, श्री माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष प्रेमलता टावरी, सभा सह सचिव सुरेश भट्टर, सभा कोषाध्यक्ष अनुराग माहेश्वरी, श्री माहेश्वरी क्लब अध्यक्ष रविंद्र डागा, माहेश्वरी युवा मंडल के अध्यक्ष मदन राठी, श्री माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष किशन झंवर आदि गणमान्यजन उपस्थित थे। खान-पान की व्यवस्था कमल किशोर गोयदानी एवं उनकी टीम द्वारा की गई। सचिव संजय मूंदड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसी अवसर पर हॉस्पिटल स्पेशल हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया।




**जयपुर।** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के महामंत्री मनोज मूंदड़ा ने बताया कि महेश नवमी पर्व को इस बार चार दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया गया। इसमें जयपुर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के सहयोग से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। साथ ही श्री माहेश्वरी महिला परिषद की तरफ से सांस्कृतिक संध्या ''मधुरम'' का आयोजन भी किया गया। महेश नवमी के पावन पर्व का शुभारंभ चैड़ा रास्ता स्थित माहेश्वरी बालिका विद्यालय भवन में प्रातः 8:30 बजे माहेश्वरी समाज की स्थापना के समय वर्ष 1925 से विराजित राजा सेठ बलदेव दास जुगल किशोर बिड़ला परिवार द्वारा प्रदत्त भगवान महेश के चित्र की पूजा अर्चना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि गौरीशंकर आगीवाल (रिटायर्ड), विशिष्ट अतिथि राजकुमार झंवर (समाजसेवी एवं प्रमुख व्यवसायी), स्वागताध्यक्ष शम्भू प्रसाद बियानी (सिंगापुर प्रवासी) तथा विशेष अतिथि आर. डी. बाहेती (समाज संरक्षक एवं पूर्व समाज अध्यक्ष) थे। इस अवसर पर श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी सहित अनेकों गणमान्य व प्रबुद्धजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



**रतलाम।** स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर 8 जून से 15 जून तक 8 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला साड़ी वाकेथन, क्रिकेट प्रीमियर लीग, महेश मैराथन, सुंदर काण्ड,प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम, महेश मेला, अ. भा. कवि सम्मेलन आदि आयोजित हुए। महेश नवमी को प्रातः भगवान महेश का अभिषेक हुआ, जिसके बाद भगवान महेश की विशाल शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई माहेश्वरी भवन पहुंची, जहां महेश सभा हुई। महेश सभा के मुख्य अतिथि सेवा निवृत जिला एवम् सत्र न्यायाधीश भरत पी. माहेश्वरी (भोपाल) व विशेष अतिथि माधव काकानी थे। अध्यक्षता सेवा निवृत प्रधान अध्यापक राजा देवी राठी ने की। इस अवसर पर रतलाम जिला सभा अध्यक्ष कमल नयन राठी व समाज अध्यक्ष शैलेंद्र डागा भी मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेघावी विद्यार्थियों एवं नेत्रदानी परिवार का सम्मान किया गया। स्वागत भाषण समाज अध्यक्ष शैलेंद्र डागा ने दिया। अतिथि परिचय समाज सचिव नरेंद्र बाहेती ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. सतीश लड्ढा, डॉ. लक्ष्मण परवाल, गुंजन बाहेती, आदित्य डागा, भूपेंद्र चिचानी, रतन धूत, रमेश डारिया, घनश्याम लोहिया, दिनेश धूत, स्नेहलता माहेश्वरी, संतोष काकाणी, मधु एन. बाहेती, साधना तापड़िया आदि बड़ी संख्या में महिलाएं एवं समाजबंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश चोखडा व डॉ. बी. एल. तापड़िया ने किया। आभार अनुरूप सोमानी ने माना।



▶▶ **हैदराबाद।** माहेश्वरी समाज दिलसुखनगर (रजि.), माहेश्वरी समाज महिला मंडल दिलसुखनगर के तत्वावधान में माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक सुनील हेडा व कैलाश माहेश्वरी ने बताया कि भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा श्री वासवी कनिका परमेश्वरी मंदिर मारुति नगर चैतन्यपुरी से निकाली गयी। दोपहर 3 बजे चैतन्यपुरी स्थित श्वेता गार्डन में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता एवं म्यूजिकल तंबोला का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया गया।



▶▶ **सहारनपुर ( उ.प्र. )।** श्री माहेश्वरी समाज और उसकी सहयोगी संस्था श्री माहेश्वरी युवा मंडल के तत्वावधान में भगवान महेश का पूजन समाज के लगभग 51 महिला पुरुषों ने किया। महेश नवमी पर विभिन्न प्रतियोगिता जैसे क्रिकेट, बैडमिंटन, कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों व महिलाओं ने प्रस्तुति दी। ८० साल के वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया और प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले और एजुकेशन में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कार वितरित किए गए। उक्त जानकारी नीरज चांडक ने दी।




▶▶ **लक्ष्मणगढ ( सीकर )।** भगवान महेश की पूजा व मिल्क रोज वितरण कर महेश नवमी समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक रामस्वरूप सोमाणी ने बताया कि माहेश्वरी भवन में भगवान महेश व माता पार्वती की समाज के समस्त माहेश्वरी बंधुओ ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार सोमाणी, मंत्री प्रेम प्रकाश सोमाणी, कोषध्यक्ष विष्णु कांत काबरा सहित समस्त समाजजन मौजूद रहे।



▶▶ **हरियाणा।** हरियाणा पंजाब हिमाचल जम्मु-कश्मीर प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अंतर्गत सभी ज़िला सभाओं ने महेश नवमी के पर्व को बहुत धूमधाम से एक त्योहार के रूप में मनाया। प्रादेशिक युवा संगठन के अध्यक्ष सन्योग माहेश्वरी राष्ट्रीय युवा संगठन की 'महेश नवमी महोत्सव' संयोजक समिति के मुख्य संयोजक थे। ज़िला सभा अमृतसर ने भगवान महेश की पूजा-अर्चना की। बठिंडा ज़िला सभा के सदस्यो ने एक पहल करते हुए इस अवसर पर माहेश्वरी उत्पत्ति स्थल लोहार्गल धाम का परिवार सहित भ्रमण किया। लुधियाना ज़िला सभा द्वारा सामुहिक शिव रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। ज़िला सभा अबोहर-फाज़िल्का द्वारा भगवान महेश की पूजा पश्चात मीठे पानी की छबील लगाई गयी। ट्राईसिटी ज़िला सभा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ज़िला सभा हिसार द्वारा शर्बत की छबील लगाई गयी जिसके माध्यम से ८००० लीटर शर्बत का वितरण किया गया। सिरसा ज़िला सभा द्वारा मीठे पानी की छबील लगाई गयी। फरीदाबाद ज़िला सभा द्वारा सुबह-सवेरे वातावरण को जय महेश के जयघोष व नारों से गुंजायमान किया गया। फरीदाबाद ज़िला सभा द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ व मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। ज़िला सभा गुरुग्राम और रेवाडी में बडे उत्साह से उत्पत्ति दिवस मनाया गया। पानीपत ज़िलासभा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। ज़िला सभा बहादुरगढ ने भव्य शोभा यात्रा का आयोजन कर रखा था, जिसे एक वरिष्ठ सदस्य के निधन होने के कारण निरस्त कर दिया गया।



▶▶ **सूरत।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा 15 जून को महेश नवमी धूमधाम से मनाई गई। सुबह शोभायात्रा में लाल साड़ी पहनकर 500 महिलाओं ने भाग लिया। जिला युवती टीम द्वारा आरती की गई एवं सुबह और शाम अलग-अलग संभाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'शिव व्यवहार व्यक्तित्व में सुधार' नाटिका की प्रस्तुति दी गयी। नीरू साबू, रेखा पोरवाल, सुषमा जागेटिया, रेणु झंवर सहित समस्त सदस्याओं का सहयोग रहा।




**अहमदाबाद।** संस्कृतिसिद्धा - अध्यात्म व परंपरा समिति के अंतर्गत माहेश्वरी सखी संगठन अहमदाबाद और अहमदाबाद माहेश्वरी युवा संगठन ने मिलकर 16 जून (रविवार) को महेश नवमी के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। दोनों संगठन के अध्यक्ष निक्की राठी और मयूर पंसारी ने सभी का स्वागत किया। अ. भा. मा. महिला संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (मध्यांचल) उर्मिला कलंत्री, रा. संचार सिद्धा तकनीकी ज्ञान समिति सह प्रभारी मध्यांचल सुशीला माहेश्वरी, अ. भा. मा. महासभा संयोजक कृष्ण कुमार चांडक, गु. प्रा. मा. सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेशचंद्र मुंदड़ा, संगठन मंत्री राजेंद्र पेड़ीवाल, अ. भा. मा. युवा संगठन संयुक्त मंत्री (मध्यांचल) मनीष चांडक, गु. प्रा. मा.युवा संगठन के प्रदेश मंत्री मयंक बागड़ी, अहमदाबाद जिला सभा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश कासट और सचिव अरविंद जाजू, अहमदाबाद जिला अध्यक्ष तारा दम्मानी, सचिव संगीता मानधान्या, प्रगति मंडल महिला विभाग अध्यक्ष पुष्पलता मालपानी सहित सभी राष्ट्रीय, प्रांतीय, स्थानीय संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा भगवान शिवजी के जीवन के विभिन्न अंश दिखाये गए। प्रोग्राम में बच्चों से लेकर बड़ो तक सब के लिए प्रतियोगितायें रखी गयी। प्रतियोगिता में लगभाग 55 सदस्यों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 18-20 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



**हैदराबाद।** श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल चप्पल बाजार के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव धूमधाम से जैन भवन, ईडन बाग़, रामकोट में मनाया गया। मंडल के मंत्री भरत जाजू ने बताया कि प्रातःकाल 06:01 महारुद्राभिषेक, मुरलीधर रामगोपाल अट्टल परिवार द्वारा किया गया और प्रातः 08:31 बजे ध्वजारोहण मथुरादास बंग द्वारा किया गया। सायंकाल 06:31 से महेश नवमी महोत्सव के आयोजन में अजय मिश्रा IAS (रिटायर्ड) एवं श्यामसुंदर बाहेती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुऐ। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'अयोध्या में राम' अयोध्या में रामलला के 500 वर्ष के संघर्ष एवं कोठारी बंधु की शौर्य गाथा का सुन्दर प्रदर्शन किया गया। दसवीं एवं इंटरमीडिएट विद्यार्थियों में 85 प्रतिशत लाने वालो का सम्मान किया गया। मंच संचालन अमर जाजू एवं महेश असावा ने किया। सहभोज के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।




**उज्जैन।** श्री माहेश्वरी मारवाड़ी महिला मंडल एवं प्रगति मंडल तथा श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर उज्जैन द्वारा पांच दिवसीय महेश नवमी महोत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई। प्रथम दिवस नृत्य प्रतियोगिता एवं संदेशात्मक हास्य नाटिका प्रतियोगिता रखी गई। मुख्य अतिथि पश्चिमि मध्यप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की पूर्व अध्यक्ष वीना सोमानी थीं। द्वितीय दिवस श्री माहेश्वरी समाज प्रगति मंडल द्वारा ''हमारी संस्कृति आपका ज्ञान'' बच्चों के लिए और बड़ों के लिए ''हमारा माहेश्वरी परिवार'' प्रतियोगिता रखी गई। मुख्य अतिथि भारती कोठारी थीं। युवा संगठन द्वारा कई प्रतियोगिताओं के साथ श्री खाटूश्याम जी की भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। 15 जून को महेश नवमी के उपलक्ष्य में सुबह भगवान महेश का पूजन कर शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 15 जून को ही महिला मंडल द्वारा जिला अस्पताल में दिन का भोजन वितरित किया गया। 23 जून को माहेश्वरी समाज उज्जैन द्वारा महेश मेला का आयोजन किया गया जिसमें साइबर क्राइम के ऊपर नुक्कड़ नाटक का आयोजन एवं सभी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि रमेश साबू एवं आनंद बांगड़ उपस्थित रहे। साथ ही साथ समाज के वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया।



**मांडल ( भीलवाड़ा )।** नगर सभा व माहेश्वरी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 15 जून को महेश उत्पत्ति दिवस का सप्त दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम महेश नवमी की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, जिला संयुक्त मंत्री महेंद्र काकानी व जिला उपाध्यक्ष राम राय सेठिया बागोर के कर कमलो से आरंभ हुआ। उपाध्यक्ष श्री सेठिया ने प्रत्येक प्रतिभागी को पुरस्कार देकर उत्साहित किया। कार्यक्रम के विजेता व उपविजेता को पुरस्कार वितरण किए गए। महेश नवमी के दिन समाज के चिकित्सा व शिक्षा क्षेत्र के उत्कृष्ट व प्रतिभावान विद्यार्थिओं का सम्मान किया। मांडल समाज ने 80 वर्ष से ज्यादा के वृद्ध समाजजन का सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ। शोभायात्रा भवन से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई भवन तक पहुंची। कार्यक्रम में विजय माहेश्वरी, मनोज बसेर, महासभा सदस्य ओमप्रकाश बिड़ला, तहसील अध्यक्ष पवन मंडोवरा सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।



**अहमदाबाद।** श्री माहेश्वरी सेवा समिति शाहीबाग द्वारा समाज के 5157 वें वंशोत्पति दिवस 15 जून को महेश नवमी महोत्सव के रूप में मनाया गया। नर्मदेश्वर महादेव शाहीबाग से प्रभु महेश के रुद्राभिषेक के साथ सुंदर एवं नयनरम्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में 1000 पुरुष - महिलाऐं सम्मलित हुऐ। समिति प्रांगण में भी 101- पार्थिश्वर शिवलिंग का अभिषेक व अर्चना की गयी। श्री माहेश्वरी सेवा समिति की पूरी कार्यकारिणी, अ. भा. माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के उपाध्यक्ष शंकरलाल बाहेती, माहेश्वरी युवा संगठन, माहेश्वरी संगिनी संगठन, अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब, अ'बाद जिला माहेश्वरी सभा आदि संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारी मंचासीन हुऐ। गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा एवं श्री माहेश्वरी सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेशचन्द्र मूंदडा द्वारा समाज बंधुओ का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समाज के सभी शैक्षणिक वर्ग के प्रतिभाशाली एवं मेधावी लगभग 350 विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। मंत्री कैलाश ईनाणी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा भारतीय संस्कृति के अनुरूप साड़ी का महत्व प्रतिपादित करने तथा मंदिरों में इसे प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर देशभर में अपनी स्थानीय इकाईयों के माध्यम से ''साड़ी वॉकेथॉन'' का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संगठनों द्वारा इसका आयोजन कर मंदिरों में इसके महत्व को लेकर बोर्ड भी लगवाऐ गये।**

# देश भर में हुआ ''साड़ी वॉकेथॉन'' का आयोजन




**उज्जैन।** माहेश्वरी महिला संगठन नागदा (ज़िला उज्जैन) के तत्वावधान में साड़ी वॉक का आयोजन किया गया। यह वॉक रेलवे वाले शिव मंदिर से प्रारंभ होकर शिव मंदिर पर समाप्त हुई। वॉक का उद्घाटन पार्षद बबीता रघुवंशी ने फ्लैग दिखा कर किया। मंदिर के बोर्ड अनावरण कर वॉक का समापन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रीति मालपानी, मालवा अंचल उपाध्यक्ष हेमा मोहता, उज्जैन जिला माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष सीमा मालपानी, ज़िला संयुक्त मंत्री ज्योति गगरानी, स्थानीय अध्यक्ष ज्योति मोहता आदि के साथ संगठन की सभी सदस्याऐं उपस्थित थीं।




**कोल्हापुर।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन ने 8 जून को साड़ी वॉकेथॉन कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे हत्ती चौक हनुमान जी के मंदिर से प्रारम्भ किया। प्रमुख अतिथि महाराष्ट्र प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष विनीत तोषनीवाल, सम्मानीय अतिथि पश्चिमांचल उपाध्यक्ष कांता लाहोटी व सुनन्दा तोतला, जय श्री भट्टड़, तहसील सभाध्यक्ष रामगोपाल मालानी व स्थानीय अध्यक्ष नन्दकिशोर भूतड़ा द्वारा वॉकेथॉन बेनर का अनावरण हुआ। साड़ी वॉकेथॉन में महिलाओं ने वीरांगनाओं के रुप में भारत माता, सुषमा स्वराज, किरण बेदी, राणी लक्ष्मीबाई, डॉक्टर, वकील, सावित्री बाई फुले आदि की भूमिका निभाई। प्रभात फेरी में कोल्हापुर महिला तहसील, स्थानीय महिला मंडल, सखी सहेली मंडल, संस्कृति मंडल, मिडटाउन मंडल सहित समाज की 275 सदस्याऐं उपस्थित थीं। अष्टसिद्धा प्रमुख निर्मला भराड़िया ने सभी का आभार व्यक्त किया। पश्चिमांचल उपाध्यक्ष कांता लाहोटी ने शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया।




**सूरत।** राष्ट्रीय संगठन की अष्टसिद्धा एवं संस्कृति सिद्धा समिति द्वारा निर्देशित प्रोजेक्ट 'साड़ी वाकेथोन' का आयोजन सूरत ज़िला मा. म. संगठन द्वारा अपनी सहयोगी स्थानीय संस्थाऐं, श्री माहेश्वरी महिला मंडल सूरत, मुस्कान माहेश्वरी महिला मण्डल, मा. महिला मंडल (west) के साथ मिलकर 8 जून को हुआ। वाकेथोन सूरत के माहेश्वरी भवन से लेकर ओशिया माताजी के मंदिर तक किया गया। रा. भूतपूर्व अध्यक्षा विमला साबू द्वारा फ्लैग ऑफ किया गया। संदेश देने वाला बोर्ड अनावरण करके मंदिर में लगवाया गया। रा. भूतपूर्व अध्यक्ष विमला साबू गु. प्रा. निवर्तमान अध्यक्षा उमा जाजू, प्रांतीय संगठन मंत्री सरला मालू, प्रांतीय उपाध्यक्ष सरस्वती मालू, प्रांतीय सहसचिव भारती कासट, सूरत ज़िलाध्यक्ष बीना तोषनीवाल, अर्थमंत्री वंदना भंडारी सहित क़रीब 75 महिलाओं की उपस्थिति रही।




▶▶ **महू ( इंदौर )।** श्री माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में साड़ी वाकेथान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में हायर सेकेण्डरी स्कूल की प्रिंसिपल राधा तोषनीवाल एवं शिक्षा शिखर स्कूल की डायरेक्टर ज्योति लड्डा उपस्थित थीं। मुख्य अतिथियों का स्वागत मंडल अध्यक्ष कांता सोडाणी एवं मंडल सचिव रजनी सोडाणी द्वारा किया गया। इसमें कुछ महिलाएं ऐतिहासिक कैरेक्टर जैसे झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, जीजाबाई, सीता माता, सुषमा स्वराज आदि केरैक्टर बनकर आई और उन्होंने उत्साह दिखाया। कार्यक्रम का संचालन संगीता सोडाणी द्वारा किया गया। आभार किरण मारवाड़ी द्वारा माना गया। महिलाओ का लाल दुपट्टा एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसकी संयोजक उमा सोडाणी थी।




**निजामाबाद ( तेलंगाना )।** स्थानीय माहेश्वरी मंडल द्वारा साड़ी वॉकेथॉन का आयोजन किया गया।

With Best Compliments From

Since 1995

ADITYA GROUP

GSTIN: 24AAVFA2015Q1Z5

36, 1st Floor, Reshamwala Market,
Ring Road, Surat (Gujrat)
Ph:(A/C) 2365296 (O) 2325296, 2355296

Email: adityagroupsurat@ yahoo.com



▶▶ **फरीदाबाद।** हरियाणा पंजाब प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के अंतर्गत महेश नवमी पर्व पर साड़ी **वॉकेथॉन** कार्यक्रम को प्रदेश में संजोया गया। पारंपरिक परिधान एवं संस्कृति को सम्मान देने नव पीढ़ी और पाश्चात्य संस्कृति से भ्रमित समाज को जागृत करने का प्रयास किया और हमारे संस्कारों के प्रति सजग किया गया। अष्ट सिद्धा समिति के अंतर्गत साड़ी **वॉकेथॉन** में उन सदस्याओं को सम्मानित किया गया जो कि परिवार के साथ-साथ समाज एवं आर्थिक व्यय में भी योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम का समापन छबील सेवा के रूप में किया गया जिसमें ठंडे-ठंडे शरबत, ज्यूस-छाछ इत्यादि का वितरण किया गया। नारी शक्ति का परिधान साड़ी इसका महत्व बताया गया। साड़ी वॉकेथन में प्रदेश से 450 सदस्याओं ने भाग लिया। कई स्थानों पर ठंडे पानी की छबील लगाई गई और 1500 लोगों को लंगर प्रसाद खिलाया गया। संगठनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। रुद्राष्टकम एवं भजन के माध्यम से पूजा की गई।



▶▶ **कानपुर।।** महेश नवमी पर्व की उत्सव श्रृंखला का आगाज अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा पूरे भारतवर्ष में अष्टसिद्धा एवम संस्कृति सिद्धा समिति के माध्यम से किए गये प्रोजेक्ट साड़ी वाकेथान के साथ बहुत जोरशोर से हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड एवं महामंत्री ज्योति राठी ने बताया कि उनके आह्वान पर संपूर्ण भारत भारतवर्ष तथा नेपाल में सुबह एक साथ एक समय पर सूर्य की पहली किरण के साथ ही महिलाएं एकत्रित होकर साड़ी वॉक के लिए निकल पड़ीं। मॉर्निंग वॉक के रूप में मंदिर पूजन, सेवा प्रतिभा सम्मान से सजा यह बहुउद्देशीय कार्यक्रम सबके मन को लुभाने वाला रहा। सुबह 6.30 से 10.30 के मध्य ''साड़ी वॉकथॉन'' का शुभारंभ प्रशासनिक अतिथियों द्वारा फ्लेग दिखा कर किया गया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष किरण लड्ढा एवं संगठन मंत्री ममता मोदानी ने बताया कि पीली साड़ी, लाल दुपट्टा, माथे पर लाल बिंदी तथा हाथ में कलावा बांधे श्रृंगार के साथ सजी-संवरी भारतीय गौरव का मान बढ़ाती हमारे संगठन की सदस्याओं का जोश और हर्षोल्लास देखते ही बन रहा था।

॥ जय महेश ॥

# श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा (राज.)

## महेशनवमी महोत्सव 2024



अध्यक्ष
केदार गगरानी (एडवोकेट)
मो. : 98290 45291



मंत्री
संजय जागेटिया
मो. : 94141 15371



| | |
|---|---|
| श्री केदारमल जागेटिया | संरक्षक |
| अतुल राठी | व.उपाध्यक्ष |
| अभिजीत सारडा | उपाध्यक्ष |
| महावीर समदानी | उपाध्यक्ष |
| दिनेश पेडीवाल | उपाध्यक्ष |
| प्रहलाद नुवाल | उपाध्यक्ष |
| गोपाल नराणीवाल | अर्थ मंत्री |
| प्रमोद कुमार डाड | संगठन मंत्री |



| | |
|---|---|
| विनय माहेश्वरी | सयुक्त मंत्री |
| राजेश कोठारी | सयुक्त मंत्री |
| गिरीश बाहेती | सयुक्त मंत्री |
| राजेन्द्र तोषनीवाल | सयुक्त मंत्री |
| सुरेश आगाल | कार्यालय मंत्री |
| सुरेश पोरवाल | कार्यालय मंत्री |

### -: कार्य समिति सदस्य :-



कैलाश ईनाणी, नवीन काकाणी, दिलीप लाहोटी, मनोहर अजमेरा, दिनेश कचौलिया, अरविन्द राठी, रामगोपाल कोठारी, प्रदीप शारदा, मधुसुदन बागला



प्रदीप लाठी, अशोक मून्दड़ा, श्यामसुन्दर समदानी, कैलाश चन्द मून्दड़ा, अरविन्द चेचाणी, रामनिवास डाड, मनीष भदादा, अशोक चेचाणी, रमेश समदानी



आजाद अजमेरा, राकेश शारदा, रूपलाल लाहोटी, परमेश्वर बांगड़, मुकेश पलोड़, सुनील काबरा, ओमप्रकाश सोमानी, जगदीश सोनी, सुनील सोमाणी

### प्रभारी



| | |
|---|---|
| कैलाश अजमेरा | खेलकुद |
| सुमित जागेटिया | आई.टी |
| मनोज नवाल | समन्वय |
| कैलाश तोतला | प्रोफेशनल |
| राकेश काबरा | चिकित्सा |
| दिनेश राठी | चिकित्सा |
| दीपक समदानी | प्रचार प्रसार |
| सुभाष लढ़ा | प्रचार प्रसार |
| जगदीश काष्ट | स्वागत |
| पकंज पोरवाल | मिडिया |

**माहेश्वरी समाज के सर्वाधिक बाहुल्य वाला भीलवाड़ा इस बार भी महेश नवमी पर्व के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का साक्षी बना। महेश नवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा में ''जय महेश'' के उद्घोष से सम्पूर्ण शहर गूंज उठा।**

# भीलवाड़ा में महेश नवमी का भव्य आयोजन

## एमपीएल महिला क्रिकेट में भोपालगंज विजेता



श्रीनगर माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी महोत्सव 2024 के तहत महिलाओं को खेलों में आगे लाने के लिए एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता का आयोजन महेश स्पोर्ट्स एकेडमी मे हुआ। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि माहेश्वरी वूमेन प्रीमियर लीग के तीसरे दिन रात को आरकेआरसी और भोपालगंज के मध्य फाइनल मेच खेला गया। प्रथम भोपालगंज की टीम ने 30 रन बनाए आरकेआरसी की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 26 रन पर ऑल आउट हो गई। भोपालगंज फाइनल की विजेता रही। अविका सोमानी मैन ऑफ द मैच रही। प्रतियोगिता में मुख्य स्पॉन्सर केसर ग्रुप के कमल सोनी रहे। प्रभारी पल्लवी लढ़ा व निशा सोनी बताया कि माहेश्वरी वूमेन प्रीमियर लीग में कुल 13 टीमो ने भाग लिया। मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा, अर्चित मून्द्रडा, अंकित लखोटिया, रवि डाड, अंजना मालू, कल्पना सोमानी, रेनू कोगटा, रेखा हेडा आदि का सहयोग रहा। समापन के अतिथी ममता मोदानी, सीमा कोगटा, भारती बाहेती, राजेंद्र कचोलिया, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, संयोजक राधेश्याम सोमानी, सुरेश बिरला, केजी राठी, अभिजित सारड़ा, गोपाल नराणीवाल, प्रमोद डाड, सुरेश कचोलिया, कमल सोनी, सुमन सोनी, सोनल माहेश्वरी, उपस्थित रहे।

## शोभायात्रा में पानी बचाओ व स्वच्छता पर दिया जोर



श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वाधान आज महेश नवमी के महापर्व के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में वाटर हार्वेस्टिंग की एक विशेष झांकी अंत में शोभायात्रा में सम्मिलित की गई। साथ ही शोभायात्रा के दौरान अल्पाहार में फेके गए प्लेटो व गिलासों को हाथो हाथ साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। रामेश्वरम में माहेश्वरी समाज के भगवान शंकर के महाप्रसाद के महासंगम के अवसर पर झूठा नहीं छोड़ने का संदेश दिया। संयोजक राधेश्याम सोमानी व उपाध्यक्ष महावीर समदानी ने बताया कि शोभा यात्रा में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, कैलाश कोठारी लादूराम बांगड़, गोपाल राठी, राधाकिशन सोमानी केदार जागेटीया, केदार गगरानी संजय जागेटीया अशोक बाहेती, रमेश राठी सहित कई पदाधिकारी शामिल थे। हरनी महादेव रोड स्थित समाज के रामेश्वरम भवन में महेश नवमी के अवसर पर 18 हजार स्वजनों का भगवान महेश की महा प्रसादी का महासंगम हुआ।

## माहेश्वरी संतरगी मेले का आयोजन



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान व नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के सहयोग से महेश छात्रावास में आयोजित किए गए तीन दिवसीय माहेश्वरी संतरगी मेले का समापन रविवार देर रात महेश वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। नगर महिला टीम के साथ ही सभी 14 क्षेत्रीय महिला संस्थानों की अध्यक्ष व मंत्री ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मेले में आए दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान कई सरप्राइज गिफ्ट भी निकाले गए। माहेश्वरी सतंरगी मेले में भीलवाड़ा के साथ ही चितौड़गढ़ए राजसमंदए उदयपुरए ब्यावर से कई व्यापारियों ने भाग लिया। मेले में करीब 100 स्टॉल्स लगाई गई। मेला संयोजक अभिजीत सारडा ने बताया कि समापन समारोह में ममता मोदानी, नरेश पोरवाल, हेमराज जागेटिया, प्रदीप लाठी, कमल सोनी, नगर संरक्षक केदार जागेटिया, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक व पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमाणी, सह संयोजक सुरेश बिरला, केजी राठी आदि का आतिथ्य मिला।

## केरम प्रतियोगिता का समापन



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वाधान महेश में नवमी महोत्सव के तहत भोपालगंज क्षेत्रीय सभा द्वारा प्रायोजित कैरम प्रतियोगिता का समापन महेश स्पोटर्स एकेडमी में किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि अंडर 15 में प्रथम रामानन्द काष्ट, द्वितीय निमय दरक, तृतीय श्रीदर्श समदानी, 15 से अधिकमे प्रथम प्रमोद चेचाणी, द्वितिय दीपक चौधरी, तृतीय गौरव माहेश्वरी, 15 प्लस युगल मे प्रथम दीपक चौधरी - सुशील कुमार मुन्दडा, द्वितीय अनिल कुमार मुन्दडा - प्रमोद चेचाणी, तृतीय कैलाश सोमानी - ओम प्रकाश मालाणी, तथा महिला एकल मे प्रथम श्रीमती सरोज लढा, द्वितीय श्रीमती निशा बाहेती, मिश्रित युगल मे श्रीमती निशा अरुण बाहेती, द्वितीय श्रीमति आशित - मोहित असावा रहे। सभी विजेताओ को अतिथि जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बल्दवा, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक राधेश्याम सोमानी, प्रमोद डाड, मुख्य प्रभारी कैलाश अजमेरा व अर्चित मून्द्रड़ा, क्षेत्रीय सभा अध्यक्ष अनिल झंवर, दिनेश जागेटिया ने पारितोषिक प्रदान किये।

## कब्बड्डी के मुकाबले में आरकेआरसी जीता



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के तहत महेश स्कूल प्रांगण में आयोजित कब्बड्डी के फाइनल मुकाबले में आरकेआरसी टीम ने भोपालगंज टीम को पराजित करते हुए फाइनल में जीत प्राप्त की। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि कबड्डी मैच के दौरान नेट टू नेक फाइट चली। दर्शको की नजर खेल पर बनी रही। कबड्डी प्रतियोगिता बसंत विहार गांधीनगर क्षेत्र माहेश्वरी सभा द्वारा प्रायोजित कराई गई। प्रतियोगिता में मुख्य स्पॉन्सर केसर ग्रुप के कमल सोनी रहे। प्रतियोगिता के दौरान लादूलाल बांगड़, गोपाल राठी, गोविन्द प्रसाद सोडाणी, केदार जागेटिया, सत्यनारायण डाड, राजेंद्र कचोलिया अतिथि के रूप मे मौजूद रहे। इस दौरान नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, संयोजक राधेश्याम सोमानी, सुरेश बिरला, केजी राठी, अभिजित सारड़ा, प्रहलाद नुवाल, गोपाल नराणीवाल, प्रमोद डाड, सुरेश कचोलिया आदि का सहयोग रहा।

## महेश छात्रावास में रक्तदान शिविर



श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वाधान में महेश नवमी महोत्सव कार्यक्रम के तहत सातवां रक्तदान शिविर रविवार को महेश छात्रावास एसी हॉल में आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ रामपाल सोनी, राजकुमार काल्या, राधेश्याम चेचाणी, सत्येन्द्र बिरला, प्रदीप लढा, कैलाश कोठारी, अनिल बांगड़ ओम नराणीवाल आदि ने किया। रक्तदान प्रभारी तरूण सोमाणी ने बताया कि शिविर आरके आरसी व्यास क्षेत्रीय महासभा और युवा संगठन के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसमें अध्यक्ष नारायण लाल लढ़ा, मंत्री कमलेश लाठी, युवा अध्यक्ष अनूप समदानी, रक्तदान प्रभारी महेश जाजू व राकेश काबरा आदि का भी सहयोग रहा। शिविर में 125 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में राजेन्द्र कचोलिया, कृष्णगोपाल जाखेटिया, सत्यनारायण मून्द्रड़ा, सुरेश बिरला, विनय माहेश्वरी, राजेन्द्र पोरवाल, रामकिशन सोनी, मनोज नवाल, सहित नगर व क्षेत्रिय सभा के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया।

# वॉलीबाल शूटिंग प्रतियोगिता में आरकेआरसी पंचमुखी प्रथम



श्रीनगर माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी 2024 के तहत मरुधरा माहेश्वरी संस्थान के द्वारा प्रायोजित एवं संस्कार सुटिंग के सहयोग से वॉलीबाल शुटिंग प्रतियोगता के फाइनल मैच में आर केआरसी पंचमुखी व विजयसिंह पथिक नगर ए के बीच खेला गया। इसमे आरकेआरसी पंचमुखी ने 25-22 व 25-15से विजयसिंह पथिक नगर ए को हराया। तीसरे व चोथे नंबर के बीच हुए मुकाबले में भोपालगंज की टीम ने शास्त्री नगर बी को 25-23 व 25-19 से हराया। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि आरकेआरसी पंचमुखी टीम को प्रथम को 11000- नगद पुरस्कार के साथ ही ट्रॉफी, 8 खिलाड़ीयो को मॉमेन्टो व ट्रैवलिंग बैग, द्वितिय टीम विजय सिंह पथिक नगर ए को 7100 नगद पुरस्कार ट्रोफी, 8 खिलाड़ियों को मॉमेन्टो व ट्रैवलिंग, तृतीय टीम भोपालगंज को 5100 नगद पुरस्कार के साथ ही ट्रॉफी, 8 खिलाड़ीयो को मॉमेन्टो व ट्रैवलिंग बैग मौजूद अतिथियो द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य अथिति अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व अध्यक्ष रामपाल सोनी, सांसद दामोदर अग्रवाल व विशिष्ट अथिति जिला सभा अध्यक्ष अशोक बाहेती, नगर सभा अध्यक्ष केदार गगरानी, संस्कार सुटिंग के नरेश बियाणी, श्याम चांडक, राधाकिशन सोमानी, महेश नवमी महोत्सव के संयोजक राधेश्याम सोमानी थे।

# महेश नवमी महोत्सव 2024 स्मारिका का विमोचन



श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वाधान में महेश नवमी महोत्सव 2024 के 11 दिवसीय कार्यक्रम की मल्टी कलर स्मारिका का विमोचन अखिल भारतवर्षिय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, प्रदेश अध्यक्ष राधेष्याम चेचाणी, महासभा कार्यालय मंत्री जगदीश प्रसाद कोगटा के आतिथ्य व सभाध्यक्ष केदार गगरानी के नेतृत्व में किया गया। सभा मंत्री संजय जागेटिया ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव के 11 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही भगवान शंकर के महाभिषेक से लेकर चारभुजा नाथ के छप्पन भोग, शोभायात्रा, स्नेहभोज व अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा स्मारिका में समाहित है। संयोजक राधेश्याम सोमाणी थे। सह संयोजक सुरेश बिड़ला व कृष्णगोपाल राठी ने बताया कि स्मारिका विमोचन में सत्येंन्द्र बिरला, सुरेश कचोलिया, रमेश राठी, ओम प्रकाश गटयाणी, देवेन्द्र सोमाणी, राजेन्द्र कचौलिया, कृष्ण गोपाल जाखेटिया, सत्यनारायण मुन्द्रड़ा आदि उपस्थित थे।

# 16 शिवालयों में एक साथ किया महाभिषेक

श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वाधान महेश नवमी महोत्सव 2023 के आयोजनो के तहत जिला माहेश्वरी युवा संगठन के नेतृत्व में भोलेनाथ (भगवान महेश) का एक साथ 16 शिवालयो में दुग्ध अभिषेक 5 पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से किया गया। इस अवसर पर अभिषेक मुख्य प्रभारी अर्चित मून्दडा, मंत्री सीए अंकित लाखोटिया, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, जिला मंत्री रमेश राठी, संयोजक संयोजक व पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी, संरक्षक केदार जागेटिया, संगठन मंत्री प्रमोद डाड, पुराना शहर अध्यक्ष कैलाश बाहेती सहित समाज के कई वरिष्ठजन उपस्थित थे।



# माहेश्वरी सभा, बेंगलुरु

*Celebrating Glorious 50 years*

E-mail : mahsabblr@gmail.com | Website : www.msblr.org

**50वें स्वर्णिम वर्ष एवं माहेश्वरी समाज का 5157वाँ उत्पत्ति दिवस**
**महेश नवमी के पावन पर्व पर हार्दिक मंगल शुभकामनाएं**



**नवलकिशोर मालु**
अध्यक्ष

कार्यसमिति सदस्यगण

**अजय राठी**
सचिव

## माहेश्वरी महिला संगठन

श्रीमती श्वेता बियानी
अध्यक्षा

श्रीमती निर्मला काँकाणी
सचिव

## माहेश्वरी युवा संघ

दीपक मंत्री
अध्यक्ष

कुशल जाजु
सचिव

## माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित

मोहनलाल माहेश्वरी
चेयरमैन

गोपालदास इन्नानी
मैनेजिंग ट्रस्टी




# 3/4,Okalipuram Main Road, Bengaluru - 560 021.
Ph. : 080 - 2312 7597




# 11/12, 1st Main Road, Okalipuram 1st Stage,
Bengaluru - 560 021. Ph. : 080 - 2352 7672

## माहेश्वरी फाउण्डेशन द्वारा संचालित

राजगोपाल भूतड़ा
चेयरमैन

ललित मालानी
मैनेजिंग ट्रस्टी




# 336, Ideal Home Society, 17th Cross, Rajrajeshwarinagar,
Bengaluru - 560 098. Ph. : 080 - 2860 3734
e-mail : mfblr121@gmail.com

## माहेश्वरी सौहार्द्र को-ऑपरेटिव सो.लि.

लक्ष्मीनारायण डागा
अध्यक्ष

महेशचंद रांदड़
उपाध्यक्ष




# 69, Sirsi Road, Sirsi Circle, Chamrajpet, Bengaluru - 560 018
Ph. : 080-48544445/26704425 E : mscctd2016@gmail.com | W : www.msccl.in

**माहेश्वरी समाज समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टतम समाज है। इसी को अपने कृतित्व से सिद्ध कर रहा है समाज संगठन ''माहेश्वरी सभा बैंगलुरु''। 50 वर्ष पूर्व स्थापित यह संगठन अपने छह सहायक संगठनों के साथ समाज सेवा का वटवृक्ष बनकर इस वर्ष अपनी स्थापना का स्वर्ण जयंती महोत्सव मना रहा है।**

# स्वर्ण जयन्ती मनाता संगठन माहेश्वरी सभा, बेंगलुरु

लगभग 50 वर्ष पूर्व स्थापित समाज संगठन माहेश्वरी सभा बैंगलुरु की स्थापना तो एक लघु रूप में हुई थी लेकिन इन 50 वर्षों में इस संस्था ने विशाल वट वृक्ष का सा स्वरूप लेकर समाजसेवा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्तमान में इस संगठन के अंतर्गत माहेश्वरी महिला संगठन, माहेश्वरी युवा संघ, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, माहेश्वरी फाउण्डेशन व माहेश्वरी सौहार्द्र क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लि. जैसे सहयोगी संगठन भी कार्यरत हैं, जो समाज की चहुँमुखी सेवा कर रहे हैं। इन 50 वर्षों में समाज ने सीढ़ी दर सीढ़ी सफलता के कई सोपान पार किये। माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला संगठन एवं माहेश्वरी युवा संघ ने कैसी भी समस्या हो, कैसा भी कार्य हो, राष्ट्रीय आपदा हो या स्थानीय समस्या हो, सामाजिक जिम्मेदारी जिसमें स्थानीय, प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय स्तर से कार्य भी शामिल हैं, निभाई है। 14 अप्रैल 1974 को मात्र 50 परिवारों से शुरु हुआ संगठन स्वर्णिम यात्रा को पूर्ण कर आज 1400 परिवारों के साथ बेंगलोर की अग्रणी सामाजिक संस्थाओं में आरूढ़ हो चुका है।

## सभी संगठन पूर्ण सक्रिय

अपने सदस्यों के सर्वांगीण विकास हेतु संगठन को और सुदृढ़ करने के लिए युवा शक्ति को समाज की मुख्य धारा में प्रवाहित करने हेतु माहेश्वरी युवा संगठन का 1981 में गठन किया गया। आज के समाज में महिलायें जीवन के हर क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। समाज में संस्कार एवं संस्कृति को जीवित रखने हेतु 1992 में माहेश्वरी महिला संगठन की स्थापना की गई। इन 50 वर्षों में सभी संगठनों ने कई रचनात्मक, संगठनात्मक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्य किए। संगठन की तीनों इकाईयों ने 1981 से प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर की बैठकें, अधिवेशन, राष्ट्रीय स्तर पर अमृत महोत्सव, कौन बनेगा सुपरस्टार आदि कई आयोजनों को मूर्त रूप दिया। इन सब आयोजनों की सफलता हर माहेश्वरी बन्धुओं के मानस पटल पर ताजा है। माहेश्वरी सभा, महिला संगठन एवं युवा संघ समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इनमें मुख्यतः अपना उत्सव, अबीर गुलाल, धरती धोरा-री, गुंजन, कवि सम्मेलन एवं संस्कार शिविरों के सफल आयोजन शमिल हैं।

## मानवता के प्रति समर्पण

अपने लिए तो हर इन्सान जीता है, दूसरों के लिए कुछ करने में जो आत्मसंतोष मिलता है वो शब्दों में व्यक्त नहीं हो सकता। माहेश्वरी सभा, महिला संगठन एवं युवा संघ अपनी स्थापना के शुरु से ही मानव सेवा के कार्यों में संलग्न रही है। झुग्गी बस्तियों में मेडिकल कैम्प, यात्रियों के लिए बस शेल्टर, आँखों की चिकित्सा, रक्तदान शिविर, केन्सर परीक्षण केम्प, शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकलांग बच्चों की सहायता, पोलियो ड्राप, कृत्रिम पांव दान, अनाथ एवं वृद्धाश्रमों में सेवा के कार्य निरन्तर करती रहती है। 1995 में माहेश्वरी युवा संघ द्वारा राष्ट्रोत्थान परिषद् को एम्बुलेंस प्रदान की गई जो गरीब व असहाय परिवारोंके लिए वरदान सिद्ध हुई। 2001 में माहेश्वरी सभा द्वारा झुग्गी बस्ती में रहने वाले गरीब परिवारों के लिए एक बह उद्देशीय 'सामुदायिक भवन' का निर्माण कराया गया। माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा कैंसर अस्पतालों, अनाथ एवं वृद्धाश्रमों में निरन्तर अनुदान करती रहती हैं। कोविड-19 की दूसरी लहर में सभा एवं युवा संघ के कार्य समिति सदस्यों ने कोविड-19 से ग्रस्त बन्धुओं के लिए अस्पतालों में बेड उपलब्ध कराना एवं प्लाज्मा व दवाईयों की दिन रात लगकर सेवायें दी। 75वें स्वतंत्रता दिवस अमृतकाल महोत्सव के अन्तर्गत माहेश्वरी सभा ने 75 मानवीय सेवा कार्य के प्रोजेक्ट किये।

## खेल-आध्यात्म सभी में योगदान

माहेश्वरी युवा संघ खेल-कूद को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करती है। इसके खास समय-समय पर इंडोर गेम का भी आयोजन होता रहता है। प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल-कूद कार्यक्रमों में हमेशा भाग लेकर युवाओं को खेल-कूद के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है। माहेश्वरी महिला संगठन निरंतर आध्यात्मिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत श्रीमद्भागवत कथा, शंकर पुराण, नानी बाई का मायरा, भजन संध्या, आराधना आदि का आयोजन करता रहता है। माहेश्वरी सभा सदस्य निर्देशिका का प्रकाशन 1977, 1988, 1991, 1994, 1997, 2001, 2013 में कर चुकी है। विगत 13 वर्षों से माहेश्वरी कैलेंडर की 3500 प्रतियाँ का प्रकाशन किया जा रहा है। इसकी प्रतियाँ पूरे प्रदेश के समाज बन्धुओं एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं को वितरित किये जाते हैं। माहेश्वरी सभा द्वारा हर वर्ष देवदर्शन यात्रा आयोजन के अंतर्गत अभी तक दस ज्योतिर्लिंग, तीन कुंभ स्नान, तिरुपति, द्वारकाधीश, श्रीलंका (रामायण ट्रेल), नवग्रह मंदिर, धर्मस्थला, ऊड़पी, मुडेश्वर, कुके सुब्रमण्यम, पोरबंदर, अक्षरधाम, वैष्णो देवी, नौ देवी पीठ दर्शन, स्वर्ण मंदिर, चित्रकूट, विंध्याचल देवी, वाराणसी गंगा आरती आदि का सफलतापूर्वक आयोजन हो चुका है।

## सेवा से बनाये कीर्तिमान

▶▶ **माहेश्वरी भवन :-** माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अन्तर्गत 1995 में शहर के मध्य रेलवे स्टेशन से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर 30,000 वर्ग फीट में माहेश्वरी भवन निर्मित है। यह कुल 18 वातानुकूलित कमरें 2 वातानुकूलित सभागार, भोजनकक्ष, सुसज्जित रसोईघर, आवश्यक उपकरणों से युक्त है।

▶▶ **माहेश्वरी छात्रावास :-** उच्च शिक्षा हेतु पूरे भारवर्ष से आने वाले बच्चों को पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए माहेश्वरी फाउण्डेशन के अन्तर्गत सन् 2001 में 40 कमरों के साथ छात्रावास निर्मित किया गया। इसमें कुल 125 छात्रों के रहने की समुचित व्यस्था है। अभिभावकों के लिए भी दो कमरों का निर्माण किया गया है। सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित रसोईघर छात्रों को घर जैसा भोजन उपलब्ध कराता है। इस छात्रावास से शिक्षा ग्रहण कर आज 500 से अधिक छात्र देश की अनेक कम्पनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं, साथ ही कई छात्रों ने अपने पारिवारिक व्यवसायों कों नई उच्चाइयों पर पहुँचाया।

▶▶ **माहेश्वरी कन्या छात्रावास :-** उच्च शिक्षा हेतु भारतवर्ष से आने वाली लड़कियों के लिए घर जैसा वातावरण मिले इसे ध्यान में रखते हुए माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अन्तर्गत सन 2010 में माहेश्वरी कन्या छात्रावास का निर्माण किया गया। इसमें 55 छात्राओं के लिए पूरी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इसमें रसोईघर, भोजालय, टीवी कक्ष एवं मनोरंजन आदि की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।


▶▶ **माहेश्वरी सौहार्द्र क्रेडिट कोऑपरेटिव लिमिटेड :-** सन् 2016 में इस संस्था का शुभारम्भ किया गया जिसमें वर्तमान में 1500 से अधिक शेयर धारक हैं एवं सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हैं। यह संस्था निरन्तर प्रगति पथ पर सुचारू रूप से संचालित है।

## ये रहे संस्था के कर्णधार

1974 - रामजी साबू संस्थापक अध्यक्ष, मंत्री नारायण काबरा
1975 - स्व. श्री प्रयागचंद मालपानी अध्यक्ष, मंत्री पूरनचन्द गट्टानी
1976-81 - स्व. प्रयागचंदजी मालपानी अध्यक्ष, मंत्री रामगोपाल मूंदड़ा
1982-83 - इन्दरचन्द बागड़ी अध्यक्ष, मंत्री नन्दकिशोर राठी
1984-85 - स्व. श्री बालारामजी रान्दड अध्यक्ष, मंत्री कमल लगा
1986-87 - श्रीराम साबू अध्यक्ष, मंत्री घनश्यामदास बागड़ी
1988-92 - रामगोपाल मूंदड़ा अध्यक्ष, मंत्री विजयकुमार साबू
1992-94 - नन्दकिशोर मालू अध्यक्ष, मंत्री जगदीश गिलड़ा
1994-97 - नन्दकिशोर मालू अध्यक्ष, मंत्री मोहनलाल माहेश्वरी
1997-99 - राजाराम भूतड़ा अध्यक्ष, मंत्री गौरीशंकर सारड़ा
1999-01 - नन्दकिशोर राठी अध्यक्ष, मंत्री गौरीशंकर सारडा
2001-03 - नन्दकिशोर राठी अध्यक्ष, मंत्री विजय कुमार तोषनीवाल
2003-05 - गौरीशंकर सारडा अध्यक्ष, मंत्री देवकीनन्दन डागा
2005-07 - गौरीशंकर सारड़ अध्यक्ष, मंत्री अजित कुमार बिहानी
2007-11 - विजय कुमार साबू अध्यक्ष, मंत्री विजय कुमार मून्दड़ा
2007-11 - देवकीनन्दन डागा अध्यक्ष, मंत्री नवलकिशोर मालू
2013-15 - सुरेश कुमार लखोटिया अध्यक्ष, मंत्री चन्द्रप्रकाश मालपानी
2015-19 - वसंतकुमार सारड़ा अध्यक्ष, मंत्री निर्मल कुमार तापड़िया
2019-23 - निर्मलकुमार तापड़िया अध्यक्ष, मंत्री भगवानदास लाहोटी
2023 - नवलकिशोर मालू वर्तमान अध्यक्ष, मंत्री अजय राठी



www.rathi.com




ANANDRATHI

Call us on 1800 200 1002 / 1800 121 1003 or log on to www.rathi.com

**Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd. / AnandRathi Advisors Ltd.**
**Regd. Office:** Express Zone, A Wing, 9th Floor, Western Express Highway, Opposite Oberoi Mall, Goregaon (E). Mumbai - 400063. India. Tel: 022 6281 7000
BSE (Mem.ID.949) CM: INB011371557 FO: INF010676931 BSE CD: Exchange Regn. | NSE (Mem.ID.06769) CM: INB230676935 FO: INF230676935 CD: INE230676935 | MSE (Mem.ID.1014) CM: INB260676938 FO: INF260676938 CD: INE260676935 | DP- NSDL: IN-DP-NSDL-149-2000, CDSL: IN-DP-CDSL-04-99. | Research Analyst - INH000000834 | MCX: MCX/TCM/CORP/0525 Mem.ID.: ITCM8500 | NCDEX: NCDEX/TCM/CORP/0178 Mem.No.: TCM00147 | NCDEX SPOT: NCDEXSPOT/043/CO/08/10050 Mem.No.: 10050 | PMS: INP000000282 | MBD-INM000010478 | Investment Adviser: INA000000268 | AMFI: ARN-4478 is Registered under "Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd." | ARN-100284 is Registered under "AR Wealth Management Pvt. Ltd." | ARN-111569 is Registered under "AR Venture Fund management Pvt. Ltd." --We are a distributor of Mutual Fund. Anand Rathi Global Finance Limited is registered as NBFC Regn. No.: B-13.01682. Insurance is registered under "Anand Rathi Insurance Brokers Ltd." License No. 175. PMS registered under Anand Rathi Advisors Ltd. Insurance Products are distributed under Anand Rathi Insurance Brokers Ltd. PMS, PAS & Wealth Management are not offered in commodities segment. Commodities is registered under Anand Rathi Commodities Ltd. | *Anand Rathi Wealth Services Limited.

**Disclaimer:** Investment in securities market are subject to market risks, read all the related documents carefully before investing. Investments in Mutual Fund are subject to market risk, read all the related documents carefully before investing.

माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस श्री महेश नवमी के अवसर पर

## ॥ हार्दिक शुभकामनाएं ॥



# श्रीमती कौशल्या गट्टानी

**पूर्व कोषाध्यक्ष**

**अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन**

उदयपुर (राजस्थान)

प्रातः काल और संध्याकाल में देवों के देव महादेव की पूजा उपासना के लिए उत्तम समय है। माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी की पावन पर्व पर आप सबको हार्दिक शुभकामनाएं। जय श्री त्रिकालनाथ महाकाल... आप और आपके परिवार पर भगवान शंकर व गंगा मैया की असीम कृपा बनी रहे!

**पारिवारिक व्यवसाय चाहे वे कितने ही अच्छे चल रहे हों लेकिन आमतौर पर अगली पीढ़ी तक पहुँचते ही इनमें से 70 फीसदी असफल हो जाते हैं। इसका कारण होता है, अगली पीढ़ी में इनके हस्तांतरण में हुई गलतियाँ। यदि यहाँ सही तरीका अपनाया जाऐ, तो ये और भी फलते-फूलते हैं।**



# पारिवारिक व्यवसाय का सफलतापूर्वक कैसे करें हस्तांतरण



आर. एल. काबरा
निर्वतमान अर्थमंत्री
अ.भा.मा.महासभा

## सही उत्तराधिकार प्रक्रिया

उत्तराधिकार एक दीर्घकालिन प्रक्रिया है- एक बार की घटना नहीं। इस प्रक्रिया में कई वर्षों तक उत्तराधिकारियों की पहचान, चयन और विकास की आवश्यकता होती है। पारिवारिक व्यवसाय में राजा का बेटा राजा वाला सिद्धांत लागू होता है, जो किसी कंपनी के लिए ठीक हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है। इसलिये सही उत्तराधिकार प्रक्रिया अपनाने की जरूरत होती है।

## योग्यतानुसार जिम्मेदारी

पारिवारिक व्यवसाय में परिवार के सदस्य भी शामिल होते हैं इसलिए उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप ही उपचार मिलना चाहिए। कहने का आशय यह है कि किसी परिवार के सदस्य को सिर्फ इस बात के लिए विशेष उपचार नहीं मिलना चाहिए क्योंकि वह उस परिवार का सदस्य है। ऐसा रवैया उस परिवार के उस सदस्य का भी हौसला गिरा सकता है जो अपनी योग्यता के दम पर सम्मान पाने की कोशिश कर रहा हो।

## कार्पोरेट कानून की तरह व्यवस्था

एक परिवार में अलग अलग प्रकृति के लोग रहते हैं। इसलिए यह जरुरी नहीं कि जो बात किसी एक को या फिर अधिकतर परिवार के सदस्यों को अच्छी लगे या जो किसी एक बात के पक्ष में हों, जरुरी नहीं कि सभी उसी पक्ष में हों। परिवार के किसी सदस्य को यह बात गलत लग सकती है और वह परिवार में विभाजनकारी रेखाएं खींच सकता है। चूँकि यह एक पारिवारिक व्यवसाय होता है इसलिए हो सकता है कि परिवार के सदस्यों को उम्र की वरिष्ठता के आधार पर वरीयता दी जाय। इसमें पदानुक्रम एवं बाहरी कॉर्पोरेट कानूनों को अधिक महत्व नहीं दिया जाता है और यह व्यवसाय के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकता है।

## लक्ष्यों का आंकलन करें

पहला कदम अपने व्यवसाय और अपने परिवार के लिए अपने लक्ष्यों और अपेक्षाओं का आंकलन करना है। अपने व्यवसाय के भविष्य के लिए आपका दृष्टिकोण क्या है? आप कब तक इसमें शामिल रहना चाहते हैं? आप किसे अपने अधीन करना चाहते हैं? आप अपनी संपत्ति और देनदारियों को कैसे वितरित करना चाहते हैं? ये कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिनका उत्तर आपको अपने परिवार को शामिल करने से पहले देना होगा। आपको अपनी स्थिति और विकल्पों का मूल्यांकन करने में मदद के लिए किसी वित्तीय योजनाकार, वकील या एकाउंटेंट से भी परामर्श लेना चाहिए।

## कानूनी रूप में करें हस्तांतरण

अगर आप अपनी संपत्ति को ट्रांसफर करने के रास्ते तलाश रहे हैं तो इसे कानूनी तौर पर ट्रांसफर करने के लिए विभिन्य विकल्प मौजूद हैं। जैसे कि वसीयत बनाकर, सेल डीड, गिफ्ट डीड और त्यागनामा। इन विकल्पों में से आप किसी को यूं ही नहीं चुन सकते, क्योंकि इनमें से हर एक का रोल अलग है। भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए जरूरी है कि आप इनमें से किसी एक को जरूर चुनें।

## परिवर्तन का विरोध न करें

पारिवारिक व्यवसाय अक्सर परिवर्तन के अनुकूल ढलने के लिए संघर्ष करते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार 26% उत्तरदाता बदलाव के लिए अनिच्छुक हैं। ज्यादातर मामलों में ऐसा इसलिए होता है क्योंकि संस्थापक उन प्रथाओं में विश्वास करते हैं जो कंपनी वर्षों से कर रही है और वे उस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहते हैं। जबकि अगली पीढ़ी को लगता है कि यह नए दृष्टिकोण का समय है और वह नए विचारों के साथ प्रयोग करना चाहेगी। संघर्ष उत्पन्न होना स्वाभाविक है। लेकिन मुख्य बात यह है कि उनसे खुले तौर पर और लचीले ढंग से निपटा जाए। सभी संगठनों को ऐसा तरीका अपनाना चाहिए जो उस समय उनके व्यावसायिक हितों के लिए सबसे उपयुक्त हो। परंपराओं का सम्मान करने और आधुनिक रुझानों पर नजर रखने के बीच संतुलन भी बनाया जा सकता है।

## संघर्ष का उचित प्रबंधन

परिवार द्वारा संचालित व्यवसाय की संस्कृति अक्सर अनूठी हो सकती है और विभिन्न क्षेत्रों में टकराव उत्पन्न हो सकता है। इस संघर्ष में से कुछ आंतरिक कलह के कारण प्रकट हो सकते हैं जो तब उत्पन्न हो सकते हैं जब व्यवसाय बढ़ता है और अधिक लोग बोर्ड पर आते हैं लेकिन हर किसी की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जाता है। पीढ़ियों के बीच विश्वसनीयता के मुद्दों के साथ-साथ संचार अंतराल भी हो सकता है। दोनों अपेक्षाओं का विलय और संचार की कमी परिवार के सदस्यों के बीच तनाव पैदा कर सकती है जो निश्चित रूप से व्यवसाय को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। इसके लिए एक Risk Mitigation योजना स्थापित करना आवश्यक है जो समय-समय पर सही कदम लेने में दिशा निर्देश देगी।

## अगली पीढ़ी पर करें विश्वास

पारिवारिक व्यवसाय में विश्वास एक महत्वपूर्ण पहलू है। इन व्यवसायों को युवा पीढ़ी पर भरोसा होना चाहिए, जो तेजी से बढ़ती तकनीकी प्रगति और नई व्यावसायिक प्रथाओं से बनी दुनिया में इसे चलाने के कौशल से लैस हैं। नेक्स्टजेन को शामिल करने से विश्वसनीयता हासिल करने और व्यवसाय के भीतर योग्यता में सुधार करने में मदद मिल सकती है क्योंकि युवा लोग आज व्यवसाय संचालित करने का एक बिल्कुल नया तरीका लाते हैं। हाल के सर्वेक्षण के अनुसार, 32% पारिवारिक व्यवसाय निर्णय लेने और प्रबंधन में नेक्स्टजेन की भागीदारी बढ़ा रहे हैं।

## उत्तराधिकार को सही नेविगेट करना

जैसे ही नेक्स्टजेन के सदस्य पारिवारिक व्यवसायों की बागडोर संभालना शुरू करते हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि पीढ़ियों के बीच सद्भावना बनाए रखने के लिए अपने पूर्ववर्तियों के साथ उनका व्यवहार महत्वपूर्ण है। पारिवारिक व्यवसाय के उत्तराधिकार को नेविगेट करना एक नाजुक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन सही रणनीतियों के साथ, आप अपनी कंपनी के मूल्य को बनाए रख सकते हैं। उत्तराधिकार की योजना केवल नेतृत्व का अधिकार सौंपने के बारे में नहीं है; यह विरासत को संरक्षित करने और व्यवसाय की निरंतर सफलता सुनिश्चित करने के बारे में भी है।

## सही सलाहकारों की नियुक्ति

पारिवारिक व्यवसाय के उत्तराधिकार की जटिलताओं को सुलझाने में पेशेवर सलाहकार अमूल्य हो सकते हैं। वे कानूनी संरचना, कर निहितार्थ और संपत्ति नियोजन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करते हैं, जो सुचारु परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण हैं। सलाहकार चर्चा को सुविधाजनक बनाने और उत्पन्न होने वाले किसी भी पारिवारिक विवाद में मध्यस्थता करने के लिए तटस्थ पक्षों के रूप में भी काम कर सकते हैं। उनके ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाकर, आप एक व्यापक उत्तराधिकार योजना विकसित कर सकते हैं जो सभी संभावित मुद्दों का समाधान करती है।

## योजना का करें दस्तावेजीकरण

आपको अपनी उत्तराधिकार योजना का विवरण लिखना होगा, जैसे समयरेखा, मानदंड, प्रक्रिया और परिणाम एवं इसी क्रम में आपको अपनी उत्तराधिकार योजना को दर्शाने के लिए अपने कानूनी दस्तावेजों, जैसे कि अपनी वसीयत, अपना ट्रस्ट, अपना साझेदारी समझौता या अपना खरीद-बिक्री समझौता, को भी अपडेट करना होगा। आपको अपने दस्तावेज़ों का मसौदा तैयार करने और अंतिम रूप देने में मदद करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक वकील, एक एकाउंटेंट या एक मध्यस्थ के साथ काम करने की आवश्यकता हो सकती है।

## सभी स्टेक होल्डर्स का विश्वास भी जरूरी

पारिवारिक व्यवसाय को अगली पीढ़ी को सौंपना भी एक कला है जिसमे आपको सभी STAKEHOLDERS जैसे की अंशधारक, EMPLOYEES, LENDERS, COLLABORATORS, भागीदार इत्यादि का आश्वासन प्राप्त करना जरुरी है। जरूरी नहीं कि आपका उत्तराधिकारी आपके व्यवसाय को सम्हाले। आजकल नये युग में प्रोमोटर एवं मैनेजमेंट दोनों में दूरी रखी जाती है तथा मालिक लोग POLICY MATTERS पर निर्णय लेते है किन्तु उसे कैसे क्रियांवित करना MANAGEMENT का रोल रहता है।



*With Best Compliments From...*

VIDYA

**VIDYA WIRES PVT. LTD.**

(AN ISO 9001 :2015 Certified Company)



**Shyam Sundar Rathi**

excellence through experience

- Enamelled Copper Wires & Strips
- Paper Insulated Copper Conductors
( Mica / Nomex / Kraft / Crepe / Fibre Glass / Dauglass / Cotton / Polyester )
- MPCC - Connection Cables
- Bare Copper Wires
- Bunched & Stranded Copper Ropes / Earthing Cable
- Copper Tapes / PVC Copper Tapes



**DEALERS ENQUIRIES SOLICITED**

**Regd. Office & Factory**
123, G.I.D.C. Vithal Udyognagar,
Dist. Anand (Gujarat), INDIA
Ph.: +91 9228010700-09, +91 (2692) 236125.
Email: sales@vidyawire.com
www.vidyawire.com

**विश्व भर में 200 मिलियन से भी ज्यादा लोग धीमी पाचन क्रिया के कारण कम ऊर्जा का अनुभव करते हैं। इसका कारण है खराब दांत जिसे हम नजर अंदाज कर देते हैं। आज जरूरत है दंत चिकित्सा के महत्व को जानने व उजागर करने की, जिसे अक्सर उपेक्षित किया जाता रहा है। उचित तरीके से चबाना दंत स्वास्थ्य और समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आइये जानें कि दांत हमारे स्वास्थ्य के लिये इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं?**

# अच्छे स्वास्थ्य का आधार स्वस्थ दांत





बरखा राठी

दुनिया भर में लाखों लोग ऊर्जा की कमी से पीडित है। जो अक्सर धीमी पाचन क्रिया के कारण होता है। जब हमारा ऊर्जा स्तर कम हो जाता है तो शरीर बीमारी और संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है। इसका दंत स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। हमारे दांत ना केवल चबाने के उपकरण हैं बल्कि पाचन क्रिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उचित चबाने से भोजन छोटे छोटे टुकड़ो में टूट जाता है, जिससे पाचन एवं शरीर मे पोषक तत्वों का अवशोषण आसान हो जाता है। जब हम अपने दांतों की सुरक्षा को नजर अंदाज करते हैं और भोजन को सही तरीके से चबाने में असफल हो जाते हैं तो हम अपनी पाचन प्रणाली को खराब करते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप पोषक तत्वों की कमी होती है और प्रतिरक्षा (IMMUNE SYSTEM) कमजोर हो जाती है।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिये ठीक से चबाना जरूरी

सही तरीके से चबाने से न केवल पाचन में मदद मिलती है बल्कि हमारा मेटाबॉलिज्म भी बढता है। भोजन को अच्छी तरह चबाने से लार का उत्पादन बढ़ता है। इसमें एंजाइम होते हैं जो कार्बोहाइड्रेट और वसा को तोड़ने में सहायता करते हैं। यह उपापचय (METABOLISM) की प्रक्रिया को सुचारू रूप से शुरू करता है। परिणामस्वरूप हमारे शरीर मे भोजन का ऊर्जा में कुशल रूपांतरण सुनिश्चित हो जाता है।

## स्वस्थ्य दांतों के लिये स्वच्छता जरूरी

अच्छी दंत स्वच्छता (ORAL HYGIENE) बनाए रखने से ना केवल दातों में कीड़ा लगने की समस्या व मसूड़ों की बीमारी को रोका जा सकता है बल्कि यह हमारे समस्त स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिये भी महत्वपूर्ण है। कई शोध (RESEARCH) के अनुसार खराब दंत स्वास्थ्य (POOR ORAL HYGIENE) अनेक बीमारियों जैसे डायबिटीज, मधुमेह, हृदय रोग, श्वसन संक्रमण और सांस की बीमारी सहित अनेक बीमारियों के साथ जुड़ा है। अपने दांतों की सुरक्षा करके हम इन स्वास्थ्य समस्याओ के विकास के जोखिम को कम कर सकते हैं और अपने सम्पूर्ण स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं।

## दांतों को ऐसे बनाऐं सशक्त

अच्छी बात यह है कि हम अपने दांतो के स्वास्थ्य का ख्याल रखने में सक्षम हैं। नियमित रूप से ब्रशिंग और फलोसिंग करना, जाँच के लिए दंत चिकित्सक के पास जाना और अपनी चबाने की आदतों व खान पान के प्रति सजग रहने जैसी सरल आदतों को अपना कर महत्वपूर्ण अंतर ला सकते हैं। दंत चिकित्सा व देखभाल को प्राथमिकता देने से हमें जीवन शक्ति और ऊर्जा का एक नया एहसास मिल सकता है।

---

# नाम का पंगा? सब नाचने गए हैं...

चंद्रकांत जोशी

जैसलमेर से बीकानेर बस रुट पर बीच में एक बड़ा सा गाँव है, जिसका नाम है, ''नाचने''। वहाँ से बस आती है तो लोग कहते है कि नाचने वाली बस आ गयी..? कंडक्टर भी बस रुकते ही चिल्लाता है, नाचने वाली सवारियाँ उतर जाएं,बस आगे जाएगी..?

इमरजेंसी में रॉ का एक नौजवान अधिकारी जैसलमेर आया। रात बहुत हो चुकी थी, वह सीधा थाने पहुँचा और ड्यूटी पर तैनात सिपाही से पूछा - 'थानेदार साहब कहाँ हैं?'

सिपाही ने जवाब दिया- 'थानेदार साहब ''नाचने'' गये हैं..?'

अफसर का माथा ठनका, उसने पूछा, ''डिप्टी साहब कहाँ हैं..?''

सिपाही ने विनम्रता से जवाब दिया- हुकुम डिप्टी साहब भी नाचने गये हैं।

अफसर को लगा, सिपाही अफीम की पिन्नक में है, उसने एसपी के निवास पर फोन किया।

''एस.पी. साहब हैं?''

जवाब मिला- ''नाचने'' गये हैं..!!''

''लेकिन नाचने कहाँ गए हैं, ये तो बताइए?''

''बताया न नाचने गए हैं, सुबह तक आ जायेंगे।''

कलेक्टर के घर फोन लगाया वहाँ से भी यही जवाब मिला, साहब तो नाचने गये हैं..। अफसर का दिमाग खराब हो गया, ये हो क्या रहा है इस सीमावर्ती जिले में और वो भी इमरजेंसी में। पास खड़ा मुंशी ध्यान से सुन रहा था तो वो बोला - हुकुम बात ऐसी है कि दिल्ली से आज कोई मिनिस्टर साहब नाचने आये हैं।

इसलिये सब अफसर लोग भी नाचने गये हैं..!!''

**स्वस्थ तन-मन हर किसी की कल्पना होती है। इसके लिये लोग हजारों रुपये महीना खर्च कर रहे हैं। लेकिन यदि देखा जाऐ तो संतुलित पोषण अर्थात् आहार-विहार का उपयोग किया जाऐ तो आसानी से तन-मन को स्वस्थ बनाये रखा जा सकता है।**

# स्वस्थ तन-मन के लिये जरूरी संतुलित पोषण



शरीर व दिमाग की ग्रौथ, खेलकूद व भागदौड़ के लिए एवं बीमारियों से बचने हेतु हमें संतुलित आहार की जरूरत होती है। बढ़ती उम्र में हमें संतुलित आहार की ज्यादा जरूरत होती है, क्योंकि लड़कों में 50 प्रतिशत मांसपेशियां व लड़कियों में इस उम्र में चर्बी जमा होती है। संतुलित आहार हमें मोटापे, हाई ब्लडप्रैशर, दिल की बीमारियों, शुगर, हड्डियों की कमजोरी, एनीमिया व विटामिन डैफिशियंसी से बचाता है। हमारे खाने की मात्रा हमारे कार्य के आधार पर होनी चाहिए, अगर हम थोड़ा काम करके पूरी खुराक या ज्यादा खुराक लेंगे तो मोटे हो जाएंगे। अंदर जाने वाली कैलोरीज व कार्य के रूप में बाहर आने वाली कैलोरीज बराबर होनी चाहिए। हमारे संतुलित आहार में 50 प्रतिशत सलाद, सब्जियां व फल होने चाहिए। 25 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, जैसे रोटी, चावल व 25 प्रतिशत प्रोटीन जैसे दाल, मीट, दूध, आदि होने चाहिए। हमारे आहार में ज्यादा फाइबर डाइट होना चाहिए व सॉफ्टड्रिंक की हमारे आहार में कोई जगह नहीं है।

## क्या करें आहार-विहार में शामिल

**कार्बोहाइड्रेट -** यह हमारे भोजन में सबसे ज्यादा होता है, व ऊर्जा का अधिकतम स्त्रोत भी हैं। जैसे-फल, सब्जियां, धान, मक्की, चावल आदि में यह प्रचुर मात्रा में होती है।

**वसा -** यह एसैंशियल फेटी एसिड का स्त्रोत होते हैं। अनसैच्युरेटिड फैट खाना चाहिए जैसे- सरसों का तेल, मूंगफली का तैल, सोयाबीन का तेल व कॅाटनसीड ऑइल, आदि। सैच्युरेटिड फैट से कोलेस्टौल बढ़ता है।

**प्रोटीन -** बढ़ते लड़के-लड़कियों व खिलाड़ियों को प्रोटीन रोजाना लेना चाहिए। दाल, फलियाँ, सोयाबीन, डेयरी प्रोड्क्ट्स इसके मुख्य स्त्रोत हैं।

**आयरन -** इसकी कमी बढ़ती उम्र में एनीमिया का कारण बन सकती है। यह हमें हरी पत्तेदार सब्जियां, अनाज, फलियां, ड्रायफ्रूट व अंडों से मिलता है, इसलिए इनका सेवन प्रचुर मात्रा में करना चाहिए।

**कैल्शियम -** ज्यादातर हड्डियों की ग्रौथ युवावस्था में होती है। इस समय एक दिन में 1300 मिग्रा. कैल्शियम की जरूरत होती है, पर आम खाने में कैल्शियम की मात्रा कम होती है और कोल्ड्रिंक्स व कॉफी ज्यादा पीने से कैल्शियम की और कमी हो जाती है। कैल्शियम के मुख्य स्त्रोत- दूध, पनीर, दही, केला व डेयरी प्रोडक्ट्स हैं।

**जिंक -** यह आयरन के बाद हमारे शरीर में प्रचुर मात्रा में होता है और हमारी ग्रौथ के लिए आवश्यक भी है। यह दालों, मीट, पनीर, अंडे, आदि में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

**नाश्ता अति आवश्यक -** नाश्ता हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। यह हमारे दिमाग के लिए जरूरी है। नाश्ता करने से हमारी दिनचर्या चुस्तीभरी होती है, शरीर मोटा नहीं होता व स्वस्थ रहता है। इसको छोड़ने से मोटापा घटता नहीं, अपितु बढ़ सकता है।

**फास्टफूड नुकसानदायक -** इसमें कैलोरिज ज्यादा होती है, सोडियम भी ज्यादा होता है और फायबर्स की मात्रा बहुत कम । इसे खाने से मोटापा, उच्च रक्तचाप, दिल के रोग और शुगर की बीमारी आदि हो सकती है। साफ्ट ड्रिंक्स से दात खराब होते हैं, क्योंकि यह ड्रिंक अम्लीय होते हैं और हड्डियों को कमजोर करते हैं। इनमें कई नुकसानदायक केमिकल होते हैं जो हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं।

**हेल्दी स्नैक्स -** फ्रूटचाट, अंकुरित दालों की चाट, ड्रायफ्रूट, बगैर पिज्जा का बेस आटे का बनाएं, चीज की जगह पनीर इस्तेमाल करें, बर्गर में भरने के लिए ताजा सलाद इस्तेमाल करें, तलने की जगह बैक व ग्रिल का इस्तेमाल करें, मैदा ब्रैड की जगह आटा या ब्राउन ब्रैड इस्तेमाल करें, स्किड मिल्क या लो फैट दूध व इसके प्रोड्क्ट्स ही इस्तेमाल करें, कम फैट व कम उर्जा वाली चीजे ही खाएं।

**टी.वी. व मोटापा -** ज्यादा टी.वी. देखने वाले बच्चों में मोटापा इसलिए बढ़ता है, क्योंकि वे बैठे-बैठे जंकफूड खाते व कोल्ड्रिंक्स पीते हैं और ऊर्जा का व्यय नहीं हो पाता, अगर टी.वी. देखना है तो कसरत के साथ देखो और थोड़े जंकफूड का भी मजा लो।



**कसरत -** रोज 30 से 40 मिनट तक शारीरिक श्रम जरूर करना चाहिए। चाहे, फिर वह एक्सरसाइज हो या स्वीमिंग या फिर गार्डन में खेलकूद। आप 10-15 मिनट तक दिन में 3-4 बार कर सकते हैं। यही खुराक हमें बीमरियों से दूर रहने के लिए तथा हमारे शारीरिक विकास के लिए जरूरी है इसलिए इस पर विशेष ध्यान दें।

राह जिंदगी की...



प्रो. कल्पना गगडानी मुंबई

# महत्वाकांक्षा संग वास्तविकता का सामना

महेश नवमी विशेषांक में हम राह देख रहे थे उस विकास की,जो अब आधुनिक वैश्विक परिवेश में हमारे समाज को बुलंदियों पर पहुंचा सके। इस संदर्भ में हमने इस संक्रमण काल में अपनी पारिवारिक चुनौतियों पर विशेष ध्यान देने के अंतर्गत छोटे बच्चो की परवरिश में क्या बदलाव लाए यह समझने की कोशिश की । उसे ही आगे बढाते हुए युवाओ की ओर अब ध्यान देते है।

आज युवा वर्ग सबसे अधिक कठिन दौर से गुजर रहा हे। व्यावसायिक,सामाजिक और पारिवारिक तीनों ही क्षेत्र में बदलाव के कारण कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा हे। उसे संभालना सबसे बड़ी जवाबदारी हे। वह समाज का भविष्य है। शिक्षा के साथ शारीरिक और मानसिक संतुलन की राह उसे साधनी होगी। हमारी व्यवसायिक दृढ़ता को समझते हुए,व्यावहारिक शिक्षा भी उसके लिए बहुत जरूरी हे, किताबी ज्ञान इसके बिना न केवल अधूरा होगा अपितु घातक भी हो सकता है।उच्च शिक्षा संग जीवन मूल्यों का अहसास कराना होगा। महत्वाकांक्षा संग वास्तविकता का सामना करने और उसे समझने की भी राह दिखानी होगी। यह आज हमारी सबसे बड़ी चुनौती हे अन्यथा वह आधुनिक बीमारियों अर्थात टेंशन, फ्रस्टेशन,डिप्रेशन का शिकार हो जायेगा। उसे हार से भागना नहीं लड़ना सिखाना होगा। मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। नौकरी हो या व्यवसाय, उनके लिए जिस समझदारी, संतुष्टि, धैर्य, व्यावहारिकता की आवश्यकता हे, किताबी ज्ञान संग कदम - कदम पर वह भी समझना होगा। वैवाहिक जीवन के बदलते समीकरणों में परिवार को सुदृढ़ता से केसे संभाला जाए,बैलेंस बना कर जिया जाए इसका सारा दारोमदार उसके कंधे पर हे। उन कंधो को बहुत मजबूत बनाने का सामूहिक प्रयास करना होगा।

यथार्थ और आदर्श, पुरातन और आधुनिक, भारतीय और पाश्चात्य, व्यवसाय और नोकरी, आर्थिक और पारिवारिक इन सभी व्यवस्थाओ के बीच संतुलन बैठना आज की जिंदगी की राह की सबसे बड़ी चुनौतियां है। हमारे युवा वर्ग को बचपन से इसका सामना करने की राह दिखलाना अब हमारी सबसे बड़ी सामयिक,सामाजिक जबाबदरी हे। उन्नति और विकास की इस राह को सुदृढ़ बनाना हे।

सामूहिक प्रयास ही इसे संभव कर सकेगा । आइए शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम बढ़ाए।

राह जिंदगी की सहज और सफल बनेगी।

---

योग-मुद्रा

**यदि आप बार-बार छींकने और उबासी आने से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए अदिति मुद्रा करें। यह समस्या शरीर में पृथ्वी तत्व की कमी के कारण पैदा होती है। इसका कारण एलर्जी, संक्रमण, मौसम परिवर्तन या फिर प्रदूषण भी हो सकता है।**

## दूर होगी छींकें और उबासी

# अदिति मुद्रा





शिवनारायण मूंधड़ा
'वास्तु मित्र'
94252-02721

अदिति मुद्रा पृथ्वी और अग्नि तत्व के मिलन से निर्मित होती है। हमारी अनामिका उंगली पृथ्वी तत्व का प्रतिनिधित्व करती है और हमारा अंगूठा अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। यह मुद्रा पृथ्वी और अग्नि तत्वों की वृद्धि में मदद करती है।

**कैसे करें :** अगूठे के अग्रभाग को अनामिका के मूल पर रखकर, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका और कनिष्ठिका, इन चारों अंगुलियों को एक दूसरे के पास सीधी रखते हुए अदिति मुद्रा बनती है। अंगूठा थोडा सा तिरछा रहेगा।

**लाभ :** उबासी और छींक रोकी जा सकती है। साधना करते समय आये आलस को दूर करती है। इस मुद्रा से गहरे ध्यान में जाया जा सकता हैं, इसलिए इसे तीर्थकर मुद्रा भी कहते हैं। यह मुद्रा करके हथेली के पीछे के हिस्से को आसमान की ओर रखने से स्थापिनी मुद्रा बनती है। भगवान की प्रतिमा की स्थापना करते समय इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है। आदिति मुद्रा, दोनों हाथ पास में रखकर भी बनायी जाती है यानि कि दोनो हाथो से अदिति मुद्रा करके अंजलि बनाकर देवों का आवाहन किया जाता है। यह मूलाधार चक्र (रूट चक्र) को उत्तेजित और संतुलित करता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर की पाचन अग्नि बढ़ती है और चयापचय नियंत्रित होता है। यह कब्ज, पेट फूलना और पाचन संबंधी समस्याओं में मदद करती है। इससे व्यक्ति में दया, करुणा, क्षमा, कृतज्ञता जैसे भाव जाग्रत होते हैं। कातर भाव से अपने इष्ट देव के समक्ष इस मुद्रा का करने से व्यक्ति के समस्त कष्ट दूर होते हैं।

स्थापित : 1969 ॥ जय महेश ॥ ॥ जय श्री राम ॥ पंजीबद्ध संस्था

# श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन



प्रधान कार्यालय :- **महेश मार्ग, पुष्कर - 305022 (राजस्थान)**

फोन : 0145-2772038, 2772546 मो. 8769646438

Email : abmsevasadan@gmail.com Website : www.maheshwarisevasadan.com / www.abmssp.com



**श्री महेश नवमी पर सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं**



महेश मार्ग, रमणरेती रोड,
वृन्दावन-281124 (उत्तरप्रदेश)
फोन : 0565-2540421, मो. 6398836253

बस स्टेण्ड के पास,
बद्रीनाथ-246422 (उत्तराखण्ड)
मो. 9897125873

केलवाड़ा रोड़, चारभुजा-गढ़बोर-313333
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02954-248200, मो. 9116361993

परिक्रमा मार्ग, मुखारविन्द के पास, जतीपुरा-281502
वाया-गोवर्धन,जिला-मथुरा (उ.प्र.)

**सेवा सदन के सभी भवनों में शुद्ध सात्विक भोजन तथा वातानुकूलित, डीलक्स एंव कूलर-युक्त कमरें, डोरमैट्री एवं सभागार की सुविधाएं उपलब्ध है।**

दूधाधारी मंदिर के सामने, ऋषिकेश रोड,
हरिद्वार-249401 (उत्तराखण्ड)
फोन : 01334-261636, 261141 मो. 9897125873

नाथूवास रोड, नाथद्वारा-313301
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02953-232301, 231379 , मो. 7297933441

पोकरण रोड़, रामदेवरा-345023
जिला-जैसलमेर (राजस्थान)

प्लॉट नं. 7-8, रामसुख नगर, क्यूरियो क्राफ्ट रोड़ नं. 11
के पास, एम्स रोड़, बासनी, जोधपुर (राज.)
फोन : 0291-2744688, 2744588

## -: निर्माणाधीन :-

सर्वे नं. 48,
मखमलाबाद परिसर, रांका स्क्वेयर के आगे,
पंचवटी, नाशिक (महाराष्ट्र)

200 फीट बाईपास,
जगद्गुरु कृपालुजी महाराज के आश्रम के सामने,
जगन्नाथपुरी (उड़ीसा)

**दशरथ कुण्ड के पास, पुराना परिक्रमा मार्ग, अयोध्या (उ.प्र.)**

## -: शुभेच्छु :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| रामकुमार भूतड़ा | कैलाश सोनी | रमेशचन्द्र छापरवाल | मनोहरलाल पुंगलिया |
| अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | महामंत्री | कोषाध्यक्ष |

**उपाध्यक्ष :** प्रहलाद शाह राठी, अनिलकुमार बांगड़, जयकिशन बल्दुवा, शंकरलाल बाहेती, विजयशंकर मूंदड़ा

**मंत्री :** सोहनलाल मून्दड़ा, मुरलीधर झंवर, श्रीभगवान बंग, संजयकुमार जैथलिया, किशनगोपाल बंग

| | |
|---|---|
| भागीरथ भूतड़ा | मधुसुदन मालू |
| प्रचार मंत्री | कार्यालय मंत्री |

एवं समस्त कार्यकारिणी समिति सदस्य, मार्गदर्शकगण तथा विशेष आमंत्रित सदस्यगण

**श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर**

**असामाजिक तत्वों द्वारा युवाओं को निरंतर बरगलाकर गुमराह करने की घटनाएं निरंतर बढ़ती ही जा रही है। युवावर्ग का ब्रेनवॉश करके अपराधिक क्षेत्रों में धकेलना, उनके शिक्षा और कॅरियर के साथ खिलवाड़ करना जैसे षड्यंत्र दिनों-दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। अधिकांशतः यह घटनाएं घर परिवार से दूर रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले और कॅरियर बनाने वाले बच्चों के साथ अधिक होती है। माता-पिता और परिवार को जब तक बच्चों के अनैतिक क्रियाकलापों की खबर मिलती है, तब तक बच्चे उनकी पहुंच से बहुत दूर हो चुके होते हैं। यही वजह है कि आजकल मां-बाप का अपने संस्कारों से भरोसा उठने लगा है। जबकि दूसरी तरफ देखा जाऐ तो बच्चों का अच्छा कॅरियर व उनकी उन्नति यह भी माता-पिता का बहुत बड़ा सपना होता है, जिसके लिये वे जीवन भर की अपनी मेहनत व कमाई बच्चों पर खर्च करने के लिये तैयार रहते हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या बच्चों के भविष्य के लिए बच्चों को घर परिवार से दूर भेजना उचित है अथवा अनुचित? आइये जानें इस स्तम्भ की प्रभारी सुमिता मूंदड़ा से उनके तथा समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।**

# बच्चों को घर-परिवार से दूर भेजना कितना उचित अथवा अनुचित?



## अपने संस्कारों पर भरोसा बनाए रखें

अपने बच्चों को घर की ड्योढ़ी पार करके अपने करियर और कर्मक्षेत्र की तरफ कदम बढ़ाते देख जहां एक तरफ माता-पिता गर्वित होते हैं, वहीं दूसरी तरफ असामाजिक तत्वों के कारण भयभीत भी। दिन-प्रतिदिन हमारे आसपास इतनी अपराधिक घटनाएं देखने सुनने में आती हैं कि हमारे संस्कारों के ऊपर ही हमारा भरोसा डगमगाने लगता है। आवश्यकता होने पर बच्चों को शिक्षा और कॅरियर बनाने के लिए स्वयं से दूर स्थान पर भेजना ही पड़ता है। असामाजिक तत्वों के कारण हम बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं कर सकते। यहीं से शुरुआत होती है, अपने बच्चों पर विश्वास करने और विश्वास को बनाए रखने की। बच्चों से निरंतर संपर्क बनाए रखें, उनकी हर छोटी बड़ी बात को सुनें और समझें, उनके स्वभाव और व्यवहार में बदलाव को अनदेखा न करें, बच्चों की परेशानी को भी हल्के में न लें। जिस शहर बच्चों को भेज रहे हैं कोशिश करें कि वहां कोई स्थानीय अभिभावक हो, कोई दूरदराज का स्थानीय रहवासी हो तो भी उससे संपर्क बनाएं और अपने बच्चे को भी उसके साथ संपर्क में बनाए रखें। बच्चों को दूसरे शहर में भेजने के पूर्व उनसे इन सभी मुद्दों पर भी खुलकर बात करें। बच्चों को आश्वस्त करें कि अगर वो किसी भी मुसीबत में फंस जाए तो उनके माता-पिता ढाल बनकर उनके साथ रहेंगे। बच्चों पर निरंतर पारिवारिक मूल्यों और जिम्मेदारियों का अहसास बनाए रखें। बच्चों की शिक्षा और कैरियर के लिए समझौता न करें। बच्चों को उड़ने के लिए खुला आसमान दें, पर सतर्क रहें कि उनकी उड़ान आंखों से ओझल भी न हो।

❒ **सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव



## बच्चों से सम्पर्क बनाऐं रखें

घर-आँगन की खुशियाँ होते हैं बच्चे। यही बच्चे जब युवावस्था में शिक्षा के नये-नये अवसर तलाशने बड़े नगरों का रूख करते हैं, तब माता-पिता की चिन्ता बढ़ जाती है। बच्चो को बाहर भेजना समय के अनुसार आवश्यक है। प्रत्येक गाँव या छोटे नगरों में शिक्षा के समुचित अवसर उपलब्ध नहीं है, अतः स्वाभाविक है कि बच्चे दूर बड़े नगर में उच्च शिक्षा या नौकरी के लिये जाएँगे ही। अगर हम इस डर से बच्चों को बाहर नही भेजेंगे कि हमारे बच्चे बिगड़ जाएँगे तो यह उचित नहीं होगा। हमें अपने बच्चों पर विश्वास करना होगा। यदि पारिवारिक व्यवसाय अच्छा है तो बच्चा वही रहकर पिता का व्यवसाय कर लेता है लेकिन सभी के साथ परिस्थितियाँ समान नहीं होती है। कभी-कभी पिता साधारण व्यवसाय में होते हैं या बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में कुछ और नया करने की रुचि रहती है। फिर उच्च शिक्षा या नौकरी के लिए बच्चों को बाहर भेजना ही पड़ता है। हाँ, हम बच्चों को अपने संस्कारो की समय-समय पर याद दिलाते रहें। अपने त्योहारों से अवगत कराएँ। बच्चों को कभी अकेलापन अनुभव न होने दें, दिन-प्रतिदिन सम्पर्क में रहें। बच्चों से कहें कि सुबह-शाम समय निकालकर मन्दिर अवश्य जाएँ, अपने खान-पान में शुद्धता रखें, बुरे व्यसनों की ओर न भटकें। परिवार में कोई आयोजन हो तो बच्चों को अवश्य बुलाएँ। दूर रहकर भी बच्चे अपने परिवार के साथ रहेंगे तो निश्चित ही वे अपने संस्कारो को नही भूलेंगे। युवाओं का सही आयु में विवाह करवाना भी उनको परिवार के प्रति जिम्मेदार और सुव्यवस्थित बनाता है।

❒ **संगीता अजय दरक माहेश्वरी**, मनासा जिला नीमच



## बच्चों से लगाव बनाऐं रखें

घर से बाहर व्यवसाय के लिए जाना कोई नई बात नहीं है। पिछली कई पीढ़ियों में भी कई लोग व्यापार व्यवसाय के लिए घर से बाहर गए। राजस्थान के लोग तो पूरे देश में व्यापार व्यवसाय के लिए फैले हुए हैं। आजकल पढ़ाई और सर्विस के लिए बच्चे घर से बाहर जा रहे हैं। इन्हें भेजना माता-पिता की मजबूरी है। बाहर नहीं भेजो तो बच्चों के कॅरियर का सवाल है। घर से बाहर बच्चों का रहना बहुत ही जोखिम भरा हो गया है। गलत संगति से बच्चों के जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ता है। कॉलेज के अंदर भी असामाजिक तत्व अपनी घुसपैठ कर चुके हैं। आखिर माता-पिता क्या करें? अपने बच्चों को अकेलापन ना दें बाहर भेजने से पहले उन्हें उचित-अनुचित का भेद समझाएं। अकेलापन ही बच्चों को बुरी आदतों व बुरी संगति की ओर धकेलता है। अधिकतर माता-पिता बच्चों की फीस व अन्य सुविधा देकर समझते हैं कि हो गई कर्तव्य पूर्ति। बच्चों को पैसे से अधिक माता-पिता का भावनात्मक जुड़ाव चाहिए। नया माहौल-नए लोग, कब बच्चों का पैर फिसल जाए? इसलिए बच्चों से संपर्क बनाए रखें। उन्हें अकेला न रहने दें ताकि कोई उन पर अपना प्रभाव जमा ले। आजकल हमारे समाज में बच्चों की सफलता का पैमाना बाहर पढ़ाई, जॉब हो गया। बच्चे परिवार में रहकर पारिवारिक बिजनेस संभालें, तो उन्हें कमतर आंका जाता हैं। शादी ब्याह में ऐसे बच्चों को कितनी प्रमुखता दी जाती है, यह हम सब जानते हैं। मजबूरन माता-पिता को बच्चों को बाहर भेजना पड़ता है। समाज की यह मानसिक स्थिति बदलनी होगी। आज गांव में तो अधिकतर परिवार बच्चों से खाली है। अतः माता-पिता को घर से बाहर बच्चों को अच्छे भविष्य के लिए भेजना उचित है, पर बच्चों से लगाव बनाए रखें।

❒ **आशा मानधन्या**, इंदौर

## बच्चों में विकसित करें सही सोच



दुनिया की हर बात के दो पहलू होते है सकारात्मक और नकारात्मक। बच्चो को घर से दूर भेजना चाहें, वो उच्च विद्या ग्रहण के लिए हो या आजीविका के लिए अपने तो संस्कारों पर तो भरोसा रखना ही चाहिए। जब तक वह आपके पास है, उसे इतना काबिल बनाइए कि उसे अच्छाई और बुराई का अंदाज हो। यह आवश्यक नहीं है कि जब बच्चा आपसे दूर है तभी वह गलत दिशा की तरफ बहकेगा। अगर उसको गलत राह पकड़नी होगी तो वह आपके साथ रहकर भी पकड़ लेगा। घर से दूर रहकर उसमे जो सर्वांगीण विकास होना है वो अभिभावक की छत्रछाया में रहकर नहीं हो पाएगा। बच्चों में स्वयं निर्णय लेने की क्षमता का विकास भी घर से दूर रहकर ही होता है। अभिभावकों को बच्चों की दिनचर्या की जानकारी रखना ज़रूरी है। हमारे आसपास गैर सामाजिक तत्व तो हमेशा अनादिकाल से चलते आए है,पर हमें उसकी भेंट नही चढ़ना है। इसका अंदाज उन्हें खुद हो जाए, ऐसी मानसिकता हमारे बच्चों में होनी चाहिए।

❒ **राजकुमार मूंधड़ा,** मालेगांव, नाशिक

## सही उम्र में ही बाहर पहुँचाना उचित



हमेशा माता पिता की मनसा यही होती है, कि बच्चे उनकी आखों के सामने ही रहें। बचपन से जवानी के बीच के नाजुक पल में उनको ऊंच नीच की शिक्षा देते रहते है। समय की मांग और भविष्य को उज्वल बनाने हेतु दिल की ना सुनकर माता-पिता दिमाग की सुनते हैं, क्योंकि बच्चों को जमाने के साथ कदम से कदम मिलाने के लिए बाहर भेजना जरूरी हो जाता है। अब हमेशा यह चिंता सताए रहती है, कैसे होंगे, ठीक से अपने हॉस्टल पहुंच गए क्या? यहां तक कि कई बुरे ख्याल भी आते है। उनके साथ कोई अनैतिक कार्य तो नहीं हो रहा है? इसलिए किसी ना किसी बहाने बच्चो से संपर्क करते रहते हैं। बच्चे आत्मनिर्भर बनें और अपनी सुरक्षा स्वयं करें, इसलिए यह जरूरी है। छोटे शहरों में उच्च शिक्षा की असमर्थता,फिर नौकरी की कमी, आज कल पढ़ाई के क्षेत्र इतने सारे है, कि उसके अनुसार बच्चो को अलग अलग दिशाओं में जाना होता है। जिनका खुद का व्यापार या फैक्ट्री हो उनके बच्चे अगर उसी क्षेत्र की उच्च शिक्षा ले कर अपने पैतृक व्यवसाय में शामिल हों तो फिर से वे अपने घर में रह लेंगे। लेकिन जिनको आगे जॉब ही करना है, उनके लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। फिर भी यह बिल्कुल उचित नहीं कि क्लास 4-5 से बच्चो को दूर भेजें। वे बच्चे घर परिवार से और अपनी संस्कृति से भी दूर हो जाते है। 10th के बाद बाहर भेजने के लिए जब तैयार करें, साथ-साथ अपनी संस्कृति और संस्कार समय समय पर बच्चो को सिखाए तो बचपन की शिक्षा हमेशा याद रहती है। उससे कम से कम जो बच्चे भटक जाते हैं उन्हें अपने नैतिक मूल्य याद दिलाने से याद आ जाएंगे।

❒ **नीरा मल्ल,** पुरुलिया (प.बं.)

## माता-पिता भी निभायें अपनी जिम्मेदारी



प्रत्येक मां बाप का सपना होता हैं उनका लड़का/लड़की उन्नति करें और इसी उद्देश्य के मद्देनजर बच्चो को बाहर शिक्षा हेतु भेजते हैं। अगर बच्चों में अच्छे संस्कार डाले गए हैं तो 90% बच्चें अपने घर परिवार व कैरियर का ध्यान रखकर ही अपना भविष्य बनाते हैं। वो बच्चे ना तो गुमराह होते हैं, न ही किसी के बहकावे में आते हैं। लेकिन हां, संगत का असर तो जरूर होता हैं, इसमें सबसे ज्यादा ध्यान परिवारजनों को रखने की जरूरत है। बाहर नौकरी, पढ़ाई, या अपना काम करने वाले बच्चे पर नजर रखें। हो सके तो बच्चों को वहां भेजें जहां हमारे परिवार के सदस्य भी निवास कर रहें हो, साथ ही सुबह शाम क्या करता हैं, कर रहा है, कहां है, अपनी जिम्मेदारी समझ रहा है कि नहीं, दोस्त कोन हैं, कैसे हैं, पैसा कहां खर्च करता हैं, नित्य पाठ पूजा करता हैं क्या? इतनी जिम्मेदारी हमारी भी होनी चाहिए, जिससे बालक गुमराह नहीं होगा बल्कि परिवार समाज का नाम रोशन करेगा। बच्चों के साथ अपनी भागीदारी निभाने से कोई भी गलत लाइन पर नहीं चलेगा।

❒ **ललित लखोटिया,** सरदारशहर

## संस्कार ही सबसे बड़ी ढाल



मानव प्रगतिशील होता है, हर हाल में वह ऊंचाइयों पर पहुंचाना चाहता है। बुद्धिमान, मेहनती, तेज-तर्रार बच्चों को पढ़ाई-नौकरी के लिए घर छोड़ना पड़ता है। जमाना खराब है, अय्याशी, व्यसन-दारू, सिगरेट, ड्रग्स इनका इस्तेमाल बढ़ रहा है। हम कहां तक डर-डर के रहेंगे? घर पर ही रहेंगे तो भी बुद्धि गलत काम में लगेगी। उनका लक्ष्य उच्च शिक्षा का है, जो डर की वजह से हम पूरा कर नहीं पा रहे हैं। हमारे समाज में ऐसे भी व्यसनाधीनता बढ़ रही है, जो काफी हद तक छिपे स्वरूप में है। ये व्यसनी लोग ज्यादातर कम पढ़े लिखे होते हैं। उनको भी हम काबू में नहीं कर पा रहे हैं। उच्च शिक्षा ना कर पाए, मनपसंद जॉब ना कर पाए, तो यह बच्चे अवसाद-डिप्रेशन में जा सकते हैं। अगर हम पहले से ही अच्छे संस्कार, सनातन विचार अपनाते हैं; तो बिगड़ने के चांस कम हो जाते हैं। प्रवाह से लड़कर, प्रवाह के विरुद्ध जाने की प्रेरणा उन्हें बचपन से ही देनी चाहिए। अपने विचार, अपनी इच्छा का वह सम्मान करेंगे तो व्यसनों के जाल में नहीं फसेंगे। 'पुतलाबाई' ने 'मोहन' से व्यसन न करने का, मांस भक्षण न करने का वचन लिया था; तभी वह 'बैरिस्टर मोहनदास' और आगे चलकर 'महात्मा गांधी' बने।

❒ **कमल काबरा,** बुलडाना

## आवश्यकता अनुरूप निर्णय सही



इस विषय में सवाल उचित-अनुचित का नहीं है, सवाल है घर परिवार से दूर भेजने की कितनी आवश्यकता है? बच्चों को अच्छे कॅरियर व उनकी उन्नति के लिए यदि वाकई बाहर भेजने की आवश्यकता है तो फिर उचित अनुचित का प्रश्न गौण हो जाता है। हमारे बच्चे में वे जरूरी संस्कार मौजूद है, जो उन्हें घर से बाहर रहने पर क्या सही और क्या गलत है का मार्गदर्शन देते रहेंगे। साधारणतया यह तो निश्चित है कि घर से बाहर जाकर अकेला रहने वाला बच्चा अपना भला बुरा सोच सकता है। उस परिस्थिति में यह कहना मुश्किल है कि जिस उद्देश्य से वह बाहर जा रहा है उसमें उचित - अनुचित का निर्णय करना कितना प्रासांगिक है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि आधुनिक युग चाहे कितना भी आगे बढ़ गया हो बेटे-बेटी को बाहर रहने को एक ही तराजू पर तौलना जोखिम भरा कदम है। उनके साथ इस दौरान कोई अनचाही घटना घटने पर हम सामान्य प्रतिक्रिया नहीं दे सकते।

❒ **सुरेन्द्र बजाज,** जयपुर

## पारिवारिक पृष्ठभूमि अनुसार निर्णय उचित



वर्तमान समय है परिवर्तन का। आज के युग में चाहे लड़का हो या लड़की अपने पैरों पर खड़े होकर कुछ ना कुछ करने को सदैव आतुर रहते हैं। ऐसे में कुछ परिवारों का तो व्यवसाय होता है जिसमें बच्चे कुछ नया कर सकते में सक्षम होते हैं परंतु नौकरी पेशा लोगों को जो अपने बच्चों का कॅरियर बनाने को आतुर होना पड़ता है। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्ति के लिए घर से बाहर भेजने को मजबूर भी हो जाते हैं। ऐसे में बच्चों को शिक्षा के लिए घर से बाहर भेजना उचित या अनुचित यह निर्भर करता है उनके परिवार की पृष्ठभूमि पर। यदि घर का व्यवसाय है तो अच्छा होगा उसी में ही आगे बढ़ाएं अन्यथा नौकरी की चाह में अच्छी शिक्षा प्राप्ति के लिए घर से जाना आवश्यक ही हो जाता है।

❒ **ममता लखानी,** नापासर

IS:1786

CM/L - 6943589

# GBR TMT

THE STRENGTH WITHIN

www.gbrmetals.com

Manufacturers of High quality
MS Billets and TMT Bars





**Works:**
#295, G.N.T Road,
Peravallur Village,
Ponneri Taluk - 601 206
Tamil Nadu
Website: www.gbrmetals.com

**Registered Office:**
#4, Ramanan Road,
Chennai - 600 079
Tamil Nadu
Ph: +91 44 25292151
E-mail: sales@gbrmetals.com

## खुश रहें - खुश रखें

# मरना तो सभी को है, समझदार वही है जो बुढ़ापा, कमजोरी जैसे अंतिम समय के संकेतों को समझ लेता है



पं. विजयशंकर मेहता
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

**कहानी-** उपनिषदों में कई ऐसी कथाएं हैं, जिनमें राजाओं ने अपनी तपस्या से काल पर विजय पाने की कोशिश की है, लेकिन बचा कोई नहीं। ऐसे ही एक राजा ने भी काल को जीतने का प्रयास किया और उसने काल को अपना मित्र बना लिया।

राजा और काल की दोस्ती हो गई। राजा ने काल से कहा- 'तुम मेरे मित्र हो तो तुम मुझे मृत्यु से मुक्त कर सकते हो।'

काल ने कहा- 'ये तो संभव नहीं है।'

राजा ने पूछा- 'तो फिर तुम मेरी क्या मदद कर सकते हो?'

काल ने कहा- 'मैं तुम्हें सात बार अलग-अलग ढंग से सूचना दूंगा। तुम राजा हो, बहुत व्यस्त रहते हो तो इन संकतों को ध्यान रखना और आठवीं बार मैं तुम्हें लेने आ जाऊंगा।'

राजा इस बात के लिए मान गया। कुछ समय बाद काल राजा के सामने अचानक आ गया। राजा ने कहा- 'तुम मेरे मित्र हो और तुमने मुझे वचन दिया था कि तुम मुझे सात बार सूचना दोगे, लेकिन तुमने तो कोई सूचना नहीं दी और मुझे लेने आ गए।'

काल ने कहा- 'मैंने तुम्हें सूचनाएं दी थीं, लेकिन तुम अपने राजकाज में भूल गए। मैंने पहला संकेत तुम्हारे बालों के माध्यम से दिया था, जब ये सफेद होने लगे थे। दूसरा संकेत आंखों के माध्यम से दिया था जब तुम्हारी दृष्टि कमजोर हो गई। तीसरा संकेत कानों के माध्यम से दिया जब तुम्हें सुनाई देना कम हो गया।

चौथी बार में तुम्हारे दांत कमजोर हो गए। पांचवीं सूचना में तुम्हारी आंतें कमजोरी हो गईं। छठी सूचना तुम्हें तब दी, जब तुम्हारी हड्डियां कमजोर हो गईं। सातवें संकेत में तुम्हारी शक्तियां कम हो गईं। ये सब मेरी ही सूचनाएं थीं, लेकिन तुमने इन बातों पर ध्यान नहीं दिया। आठवीं बार मैं खुद तुम्हें लेने आया हूं।'

राजा को समझ आ गया कि काल किसी को छोड़ता नहीं है, लेकिन ऐसी सूचनाएं जरूर देता है।

**सीख-** इस कथा में बताए गए सात संकेत हमें भी ध्यान रखना चाहिए। जब ये संकेत मिलने लगे तो हमें अपने अधूरे कामों को तेजी से पूरा करना चाहिए। मृत्यु तो सभी की होगी, लेकिन जब अंतिम समय निकट आ रहा हो तो हमें तैयारी कर लेनी चाहिए। जीवन की तैयारियां तो सभी करते हैं, समझदार वही है जो मृत्यु की भी तैयारियां कर लेता है।


# जल देवता

वेद-पुराण-कुरान-बायबिल सहित सभी धर्मग्रन्थों ने भी कहा है- 'जल है तो कल है'। इन्हीं सन्दर्भों से सन्दर्भित **डॉ. विवेक चौरसिया** के जल पर केन्द्रित लेखों का संग्रह 'जल देवता'.



जिनमें आप पायेंगे न सिर्फ भारतीय संस्कृति बल्कि सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारी है जल की महत्ता.

**Rs. 150/-** डाक खर्च सहित

# खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद

55 के बाद की जिन्दगी सपनों का अन्त नहीं बल्कि उन्हें साकार करने का स्वर्णिम समय है. बस इसके लिए जरूरी है खूबसूरती से जीना कैसे जीएँ... इसी के सूत्र बताती है



**डॉ. एच.एल. माहेश्वरी** की पुस्तक "खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद".

**Rs. 120/-** डाक खर्च सहित

**आपसे कहा जाता है -**

- संकट निवारण हेतु पानी में नारियल बहा दें।
- सांप दिखे तो काम टालें।
- नल को पानी टपकता न छोड़ें।

... और भी बहुत कुछ **तो फिर...**

# ऐसा क्यों?

a i s a k y o n

जिसमें छुपा है आपके हर क्यों का जवाब



प्रश्न उठना स्वाभाविक है - **"ऐसा क्यों?"** लेकिन इसका उत्तर देगा कौन? **इसका उत्तर देगी गहन अध्ययन से संजोई पुस्तक**

**Rs. 100/-** डाक खर्च सहित

**ऋषिमुनि प्रकाशन**

90, विद्यानगर, साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) फोन - 0734-2526561, 2526761, मो. 094250-91161







## रूसी सलाद

**सामग्रीः** फ्रेंच बींस, गाजर, हरी मटर और आलू प्रत्येक 100 ग्राम एक छोटा कैन पाइनएप्पल के स्लाइस, दो एप्पल, 100 ग्राम ताजी क्रीम और मेयोनीज़। उबला हुआ चुकंदर, सलाद की पत्तियों का गुच्छा, स्वाद के लिए नमक, काली मिर्च और चीनी।

**विधिः** सब्जियों के छोटे टुकड़े कीजिए और उबालिए। अनानास और सेव के टुकड़े कीजिए । फलों और सब्जियों को एक साथ मिलाइए, नमक, काली मिर्ची डालिए। मेयोनेज़ और क्रीमें आपस में मिलाइए। इस मेयोनीज़ को सब्जियों में खूब अच्छी तरह मिलाएं। नमक, काली मिर्च व चीनी डालीये। एक सलाद के बर्तन में सलाद की पत्तियां रखिये और बीच में सलाद की ढेरी (PILE ) लगाइए। चुकंदर के स्लाइस से सजाकर एकदम ठंडा करके पेश करें।

## बंदगोभी और पाइनएप्पल सलाद

**सामग्रीः** एकदम पतली कटी हुई पत्ता गोभी दो कप, एक कैन के पाइनएप्पल के स्लाइस 4- 5, एक सलाद पत्तियों का गुच्छा, एक शिमला मिर्च, एक पका हुआ चुकंदर, 4 सैलरी स्टिक, स्वाद के लिए नमक,काली मिर्च और चीनी।

**विधिः** बन्दगोभी को खूब पतला काट लीजिए। सैलरी और शिमला मिर्च को भी काट लीजिए । सजावट के लिए एक स्लाइस को छोड़कर बाकी अनानास के टुकड़े कर लीजिए । बंद गोभी, सैलरी और शिमला मिर्च को 30 मिनट तक बर्फ के पानी में रखिये। परोसने से के ठीक पहले बंदगोभी और अनानास के टुकड़े, सैलरी, शिमला मिर्च, चीनी और नमक मिलाइए। दो टेबलस्पून अनानास का सिरप डालिए। चुकंदर के स्लाइस काटिये, उसमें नमक और काली मिर्ची डालिए। सलाद की पत्तियां बिछा कर उसे पर सलाद रखिये। चुकंदर के स्लाइस से सजाकर और बीच में अनानास का एक स्लाइस रखिए उसके ऊपर एक चेरी भी रखिए।




**शेफ पूनम राठी, नागपुर**
**विविधा कुकिंग क्लासेस**
9970057423




माहेश्वरी समाज की सबसे पुरानी
और सफल वैवाहिक सेवा

www.maheshwari.org

हमारी अन्य सेवाएं
www.jain2jain.org
www.agarwal2agarwal.org

निःशुल्क
पंजीकरण
9312946867

# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

## दूसरे घर सूं लाई बेटियों री बुराई क्यों?

खम्मा घणी सा हुकुम आज आपा बात कर रियाँ हा समाज में बहुओं री बुराइयां पर ...

हुकुम आपाणे समाज में या प्रथा पुरानी है कि जण कोई बेटी आपरे घर सूं विवाह करने आवे, तो विनी बुराई करण में लोग पीछे नहीं हटे। यूँ बुराई करें ज्यों वाणें बुराई करण सूं समाज री बौद्धिक और मानसिक स्थिति में सुधार हूँ जावेला ।

जण नई बहू घर में आवे, तो सबसूं पेहला बहु री बुराई करण रो जिम्मों पड़ोसियों रो हुवें । 'देखो, केड़ा कपड़ा पहनियाँ है.. लागे है घर में कुछ संस्कार नहीं मिळीयाँ !' या पड़ोसी वे ही हुवें जो एक हफ्ते पेहली तक अखबार में फैशन रे पन्ने पर नज़रा गड़ावता रेवता था.. और तो और, सासू मां रो तो केवणों ही कांई! वाणें वास्ते तो नई बहू रो आगमन मानो स्वर्ग सूं उतर ने आई कोई परी नहीं, बल्कि कोई गलती सूं वाणें दरवाजे माथे कोई विपदा हो। 'अरे, या कांई बणा लाई ? म्हाणे घर में तो एडों खाना नहीं खावे !' अब कांई बहू सूं या उम्मीद की जावें कि वा हर राज्य रा व्यंजन बणावण में महारत हासिल करयोड़ी हुवें ?

और हुकुम बेटी रे मायके वालों रो कुछ अलग ही नज़रियों हुवे। 'अरे, आपाणी बेटी रो चेहरों क्यों मुरझायोड़ों लागे है? कुछ ठीक सूं खिला-पिला नहीं रियाँ कांई?' अब बेटी कीकर समझावें कि ससुराल वाळा खाणों खिलावने नहीं, रेस्टोरेंट वाली बेटी चा रियाँ हैं!

समाज में जीति चटकारा लेने बुराई करें, अगर उती तारीफ कर लेवे तो शायद हर बेटी ने नई जिंदगी में ढेर सारी खुशियाँ मिळ जावें... लेकिन नहीं, अठे तो लोग दूसरों री खुशी में खुश हुवण री बजाय वाणि बुराई में ही आनंद लेवे।

हुकुम अगर कणेई इण बुराई करण वाळो ने कोई आईनों दिखा देवे, तो शायद वाणि बुराई करण री आदत छूट जावें। समाज री भलाई रे वास्ते सबसूं पहला मन में व्याप्त नकारात्मकता ने खत्म करणी पड़ेला। आखिरकार, एक बेटी आपरे घर ने छोड़ नए घर में आवें, उने प्यार और समर्थन री जरूरत हुवे, न कि नकारात्मकता और आलोचना री।

हुकुम अगली बार जण आप किन्ही दूसरे घर सूं लाई बेटी री बुराई करण रो मन बणाओं, तो एक बार सोच लिज़ो कि कांई आपरी कोई बात बहु रे दिल ने चोट तो नहीं पहुंचा रही है ?

**प्यार और सम्मान दो...** शायद, इणसूं आपा एक बेहतर और प्यार भरा समाज बणा सका ।

हुकुम करम रो सिद्धांत भारतीय संस्कृति रो प्राण है या अनुभवजन्य सत्य है कि बेटियां वाणि खुश रेहवें जो घर री बहुओं ने आदर देवे। बहू री बहुआ न तो बेटी ने फलण दे न ही ससुराल ने। आप कुए में ज्यों बोलो वाही आवाज़ पाछी आवेला। जो देवो वो ही मिळेला अगर आप बेटी ने प्रसन्न देखणी चाहो तो पेला बहू ने प्रेम एवं सम्मान दो। इस गूढ़ रहस्य को समझणों कठिन है पर या एक कठोर सत्य भी है।

# मुलाहिज़ा फ़रमाइये





▸▸ *ज्योत्सना कोठारी*
*मेरठ*

- सफ़र में गर हो तो पड़ावों पर भी नज़र ज़रूर रखना,
ठहर कर खुशनुमा नज़ारों का लुत्फ़ भी ज़रूर चखना।
- सफ़र के मुश्किलात तेरे हौसलों को न डगमगा सके,
दिल में मंजिल का इतना तेज तूफ़ान ज़रूर रखना।
- मंज़िल पर पहुंच कर थमने का रिवाज़ अब बीती बात है,
हर बार नई मंजिलों का मुसलसल इंतजाम ज़रूर रखना।
- तजुर्बो का खज़ाना भी पाओगे, मंजिलों के साथ तुम,
सिर्फ़ दिल ओ दिमाग पे कोई खाली स्थान ज़रूर रखना।
- तन्हाई की सिसकियां भी पहुंचती नही जहां,
घबराई सी हिचकियां भी कहीं राह में गुम है।
- अहम ओ अना की बुलंदी का सफ़र होगा कैसे,
ज़मीदोज़ हो चुके समझौतों की सांसें मद्धम है।
- दोनों को ज़िद है आगाज़ ए पहल अगला करे,
दोनों वाकिफ है कि इस बात की उम्मीद कम है
- धड़कनों में कैद हुए है जो खूबसूरत लम्हात कई
उनके सजदे में आंसुओं से आंखें थोड़ी नम है।

# कार्टून कौतुक



# नहीं रहे समाजसेवी शिक्षाविद्
# देवकरण गग्गड़



**भीलवाड़ा।** ख्यात शिक्षाविद् व समाजसेवी देवकरण गग्गड़ का देहावसान 13 जून को हो गया। इस खबर से समूचे समाजसेवा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दक्षिण राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के समस्त पदाधिकारीयो ने माहेश्वरी समाज के प्रमुख शिक्षाविद एवं प्रमुख समाजसेवी श्री देवकरण गग्गड़ के निधन पर श्रद्धांजलि पत्र उनके निवास पर परिजनों विनोद, शुभम गग्गड को आज समर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी ने बताया कि श्री गग्गड का निधन न केवल माहेश्वरी महासभा बल्कि पूरे माहेश्वरी समाज के लिए एक गहरी अपूरणीय क्षति है। उनके मार्गदर्शन में समाज ने अनेक उपलब्धियां हासिल की। उनके योगदान को समाज हमेशा स्मरण करेगा। श्री चेचानी ने इस अवसर पर बताया कि महेश शिक्षा सदन की स्थापना उनके अथक प्रयासों और समर्पण से हुई अनेक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने के साथ ही शिखर पर पहुंचे हैं। 91 वर्षीय श्री गग्गड ने सादा जीवन उच्च विचार का जीवन अनुसरण करते हुए अपना संपूर्ण जीवन समाज की सेवा और शिक्षा के प्रसार में समर्पित किया। समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, प्रदेश मंत्री रामगोपाल सोमानी राजसमंद, अर्थ मंत्री दीनदयाल मारू शाहपुरा, संगठन मंत्री ओमप्रकाश गट्टियाणी, उपाध्यक्ष शंकर मुंन्दडा उदयपुर, सत्येंद्र बिरला, मुकेश गग्गड बस्सी चित्तौड़गढ़, डॉ एस एन माहेश्वरी उदयपुर, जिला अध्यक्ष उदयपुर राम नारायण कोठारी, संयुक्त मंत्री कैलाश मंत्री चित्तौड़गढ़, अनिल मंत्री सदस्य प्रादेशिक सभा, प्रदेश मीडिया प्रभारी महावीर समदानी, महेंद्र काकानी कार्य समिति सदस्य, बृज गोपाल चांडक जिला संगठन मंत्री उदयपुर, पुरुषोत्तम मंडोवरा उदयपुर जिला मंत्री, सुरेश जाजू मान्डल सहित प्रदेश सभा पदाधिकारी, समस्त कार्य समिति एवं कार्यकारी मंडल सदस्यों ने स्व. श्री गग्गड के उत्कृष्ट कार्यों और योगदान का सदैव स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### समाज को समर्पित था जीवन

श्री गग्गड़ के माहेश्वरी समाज के लिए किये गये उल्लेखनीय कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। श्री देवकरण गग्गड का जन्म आसोज शुक्ल पूर्णिमा संवत 1989 में रायला ग्राम में हुआ। उन्होंने एम.कॉम. उन्नत लेखापाल एव बीएड परीक्षा रीजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की एवं उनका विवाह श्रीमती अयोध्यादेवी के संग हुआ। आपने महेश शिक्षा सदन की स्थापना की। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए आप भीलवाडा नगर मातेश्वरी सभा एवं जिला सभा के संस्थापक सदस्य रहे। 6 वर्षों तक नगर माहेश्वरी सभा के मंत्री व 7 वर्ष तक जिला महासभा के मंत्री रहे। राजस्थान सरकार द्वारा आपको श्रेष्ठ शिक्षक के रुप में भी सम्मानित किया गया है। आप बांगड माहेश्वरी मेडिकल रिलिफ फण्ड में सचिव भी रहे। अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा के सदस्य, कार्यालय मंत्री एवं दक्षिणांचल के उपाध्यक्ष भी रहे। अनेक कार्यक्रम तथा सामूहिक विवाह, प्रादेशिक सम्मेलन आयोजन में सचिव के रूप में आपने सेवाएं प्रदान की। जिला महेश निधि के कोषाध्यक्ष एवं माहेश्वरी होस्टल कोटा के ट्रस्टी भी रहे। राजस्थान प्रदेश में दो बार कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन का श्रेय भी श्री गग्गड को जाता है। श्री गग्गड ने माहेश्वरी समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए चिंतित रहकर उन्हें उच्च शिक्षा एवं रोजगार प्रदान करने एवं विधवा महिलाओं की सहायता के लिए कार्य किया। श्री गग्गड अपने परिवार में एक पुत्र विनोद गग्गड, तीन पुत्रियां एवं पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोडका गये है।

# नहीं रहे
# चंद्रप्रकाश मालपानी



**चैन्नई।** ख्यात समाजसेवी श्री चंद्रप्रकाश मालपानी का गत दिनों देहावसान हो गया। माहेश्वरी समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज की बहुत बड़ी क्षति श्रद्धांजलि स्वरूप उपस्थितजनों ने बताया। उक्त जानकारी देते हुए प्रेम बिसानी ने बताया कि वे शख्स नहीं, शख्सियत थे वो अपने आपमें एक संस्था थे। चेन्नई की राजस्थान एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, आरएसएस के प्रचारक, अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के खेल कूद समिति के अध्यक्ष रहकर बहुत सेवाएँ दी। अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी सभा के कार्यसमिति सदस्य भी रहे, तमिलनाडु केरल पॉण्डिचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी सभा में हमेशा सक्रिय रहें, चेन्नई की माहेश्वरी सभा की लगभग हर एक संस्था में उनकी अहम भूमिका रही। एससीएस अकादमी में भी उनकी सेवा अविस्मरणीय है। उन्होंने समाज उपयोगी कई लेख लिखे, कविता लिखी। गायन में भी उनकी रुचि थी। पारंपरिक भजन में उनका संग्रह विशेष था। आपने चेन्नई की सभी उत्तर भारतीय रिहायशी कॉलोनियों में आरएसएस कार्यकर्ताओं की टीम के साथ व्यक्तिगत रूप से भ्रमण कर जनजागरण किया। साथ ही हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के समय भी सभी प्रवासियों को राष्ट्र हित हेतु मतदान करने के लिए प्रेरित किया।




# राशिफल संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326

## मेष

मेष राशि के जातकों के लिए यह महीना मिश्रित परिणाम वाला रहेगा। परिवार एवं कुटुंब में सकारात्मक रहेगी। घर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। धन लाभ होगा, घर के वरिष्ठजन प्रसन्न रहेंगे। इस महीने आपका अपने कार्य क्षेत्र के प्रति विशेष रुझान रहेगा एवं कार्य क्षेत्र में किए गए प्रयास आपको स्थाई सफलता दिलाएंगे। नौकरी करने वाले जातकों के लिए भी अपने कार्य क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। इस महीने आपको अपनी वाणी पर संयम रखना है एवं अपनी आक्रामकता पर भी नियंत्रण रखना है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यह महीना आपसे शारीरिक परिश्रम की भी मांग कर रहा है। अधिक से अधिक पैदल चलें, वाहन का उपयोग कम करें एवं योग व्यायाम इत्यादि करें।



## वृषभ

वृषभ राशि के जातक लंबे समय से जिस समय का इंतजार कर रहे थे, वह जुलाई में आने वाला है। वृषभ राशि के जातक इस महीने संतुष्टि का अनुभव करेंगे। रुके कार्य होंगे। प्रयासों में सफलता मिलेगी। लंबी दूरी की यात्राओं के योग बनेंगे। परिश्रम अधिक मात्रा में करना पड़ेगा और परिश्रम का पूर्ण फल मिलेगा। पति-पत्नी के संबंधों में कुछ तनाव हो सकते हैं किंतु उनका भी हल निकल आएगा। इनकम में वृद्धि होगी तथा बचत करने एवं इन्वेस्ट करने में सफल होंगे, जो जातक विदेश से संबंधित कार्य कर रहे हैं उन्हें विदेशी स्त्रोतों से आय होगी। जो जातक संतान के बारे में प्लानिंग कर रहे हैं, उनके लिए अनुकूल समय है तथा अविवाहित जातकों के संबंध होने के योग बनेंगे।



## मिथुन

मिथुन राशि के जातक इस महीने में बड़े उत्साह से प्रवेश करेंगे। लंबे समय से जिन योजनाओं को वह क्रियान्वित करने का प्रयास कर रहे हैं, उनमें सफलता मिलेगी। एक नई ऊर्जा का संचार होगा एवं जीवन के प्रति एक बेहद सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा। आपके उत्साह और अतिउत्साह की सीमा का इस महीने ध्यान रखना होगा, नहीं तो बनते काम बिगड़ भी सकते हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। जो जातक लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, उन्हें स्वास्थ्य लाभ होने की संभावना रहेगी। जो जातक व्यापार कर रहे हैं, उन्हें उनसे बड़े व्यापारियों का अप्रत्याशित सहयोग मिलना प्रारंभ होगा तथा जो जातक नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। यह महीना आपसे शारीरिक श्रम की भी मांग करता है अतः व्यायाम इत्यादि नियमित रूप से करें।



## कर्क

कर्क राशि के जातकों के लिए यह महीना आध्यात्मिक रुझान एवं रहस्य में विषयों के प्रति लगाव वाला रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। विचारों में सकारात्मक रहेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। साहस, पराक्रम बढ़ा हुआ रहेगा और अप्रत्याशित रूप से किसी मार्गदर्शक से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका नाम चलेगा। इस महीने यदि आप अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह एवं उनकी राय के अनुसार चल सकें तो विशेष धन लाभ होगा। आकस्मिक धन व्यय की संभावना भी है। यद्यपि धन अच्छे कामों में ही लगेगा।



## सिंह

सिंह राशि के जातक जो व्यापार जगत से जुड़े हैं, उन्हें इस महीने विशेष सजग रहने की आवश्यकता है। अति उत्साह में आकर आर्थिक दृष्टि से ऐसा कोई निर्णय न लें जो पश्चाताप का कारण बने। इस महीने आपको अप्रत्याशित रूप से लाभ एवं हानि दोनों होने की संभावनाएं हैं। भूमि, भवन, वाहन खरीदी के योग हैं। नियमित रूप से आय जो हो रही है, वह निरंतर होती रहेगी। बाहर के लोगों का जो सहयोग मिल रहा है उसमें बढ़ोतरी होगी। दांपत्य जीवन में तनाव संभावित है।



## कन्या

कन्या राशि के जातकों के लिए यह महीना सजग रहने का है। स्वास्थ्य एवं कर्ज संबंधी सजगता, अपने सहयोगियों के कार्य व्यवहार संबंधी, आपको विशेष तौर पर अपने खान-पान की आदतों के प्रति सजग रहना है, जो स्वास्थ्य में अचानक परेशानी उत्पन्न कर सकती है। साथ ही मानसिक रूप से कोई ऐसा निर्णय न लें, जो बिना विचार मंथन के लिया गया हो। सामाजिक मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, कार्य क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। हां लेकिन एक बात याद रखें कि यदि सफलता के लिए किसी शॉर्ट कट का प्रयोग करने वाले हो तो अभी समय उपयुक्त नहीं है।



## तुला

तुला राशि के जातकों के लिए यह महीना संतान से संबंधित शुभ समाचार एवं सुख वृद्धि, संतान की सफलता से संबंधित रहेगा। शत्रुओं पर रणनीति कारगर रहेगी। दांपत्य जीवन में मन मुटाव होगा। व्यापारी हो, चाहे नौकरीपेशा जातक कार्य क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। आध्यात्मिक रुझान रहेगा एवं खर्च संबंधी कोई गलत निर्णय पश्चाताप का कारण बन सकता है।



## वृश्चिक

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह महीना भूमि, भवन, वाहन की खरीदी बिक्री से संबंधित रहेगा। सुख में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों की अपने विषय के प्रति रुचि जागृत होगी। शत्रुओं के ऊपर आपकी रणनीति सफल रहेगी। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। घर पर धार्मिक कार्य होंगे। पिता के सुख में वृद्धि होगी। आकस्मिक रूप से धन लाभ की संभावना बनेगी।



## धनु

धनु राशि के जातकों के लिए यह महीना साहसिक निर्णय से भरा हुआ रहेगा। बहुत लंबे समय से आप जिन योजनाओं को क्रियान्वित करने की योजना बना रहे थे, वह मूर्ति रूप रूप ले सकती है। विशेष कर जो विदेश से संबंधित व्यापार व्यवसाय कर रहे हैं उन जातकों को इस दृष्टि से सफलता मिलेगी। परिवार में कुछ मतभेद संभावित है, विरासत में मिलने वाली प्रॉपर्टी से संबंधित मतभेद हो सकते हैं। जीवन साथी के स्वास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है।



## मकर

मकर राशि के जातक इस महीने धन संचय में सफल रहेंगे एवं इस महीने में संचित किया धन लंबे समय तक संचित रहेगा। पराक्रम व साहस बढ़ा हुआ रहेगा। कठोर निर्णय ले सकेंगे। जमीन/मकान खरीदी संभावित है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। शत्रुओं पर सफलता मिलेगी। पिता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।



## कुम्भ

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह महीना आध्यात्मिक रुझान वाला रहेगा। गूढ़ रहस्यमय ज्ञान के प्रति रूझान बढ़ेगा। परिवार में सामंजस्य का माहौल रहेगा एवं धार्मिक आयोजन होंगे। साहसिक निर्णय लेंगे। संतान के निर्णय से हो सकता है आप संतुष्ट न हों। आकस्मिक रूप से खर्च के अवसर भी आ सकते हैं, कर्ज लेने से बचें।



## मीन

मीन राशि के जातक को सलाह दी जाती है कि इस महीने अधिक से अधिक आध्यात्मिक जीवन जीएं। नकारात्मक विचारों को अपने ऊपर हावी न होने दें। कुटुंब में विवाद करने से बचें। छोटे भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। सुख में न्यूनता रहेगी। संतान से संबंधित सुखद समाचार मिलेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आवश्यक कार्यों पर अधिक मात्रा में धन व्यय होगा।



ORANGE

# LEVEL UP YOUR PRINTING GAME !

Direct Textile Printers
upto
1000-50000
linear meter/day

Sublimation Printers
upto
1500-11000
linear meter/day




15+
YEARS OF EXPERIENCE

75+
SERVICE ENGINEERS

500+
INSTALLATIONS ACROSS COUNTRY

24x7
READY INVENTORY SUPPORT

3CR.+
LINEAR METER PRINTING ON OUR MACHINE EVERY MONTH

## ASSOCIATION

Digital Textile Printers
COLORIX MS KoloRado HOMER Digital Textile Printer

Digital Printing Inks
Flotec KIIAN HUNTSMAN

Calender Machines
pengda transmatic

Software
nS

**ORANGE O TEC PVT LTD**
Shed No. A2/7111, Road No.71, Gate No.: 01 G.I.D.C Sachin, Surat - 394230, Gujarat, India.
+91 74900 43336 sales@orangeotec.com www orangeotec.com


भेषजामृत
नए उत्पादन
धूतपापेश्वर
आयुर्वेद श्रेष्ठता के १५० से अधिक वर्ष
१५०
पाचोज्जय™
आयुर्वेदिक प्रोप्रायटरी मेडिसीन
डाइजेस्टिव केयर
पचन सुधारे
भूख बढाए
रक्तोज्जय™
आयुर्वेदिक प्रोप्रायटरी मेडिसीन
स्किन केयर
रक्तदुष्टि दूर करे
त्वचा का स्वास्थ्य सुधारे
मेदोज्जय™
आयुर्वेदिक प्रोप्रायटरी मेडिसीन
मेदो केयर
विकृत मेद पाचन में सहायता करे
प्राकृतिक वजन बनाए रखे
PACHOJJAY
RAKTOJJAY
MEDOJJAY
गाउटोज्जय™
आयुर्वेदिक प्रोप्रायटरी मेडिसीन
गाउट केयर
दर्द से राहत दे
गतिविधियों में सुधार लाए
पीडोज्जय™
कषाय
आयुर्वेदिक प्रोप्रायटरी मेडिसीन
पेन केयर
जोडों के दर्द एवं जकडाहट से राहत दे
शुगर फ्री
में भी उपलब्ध
न्युरोज्जय™
आयुर्वेदिक प्रोप्रायटरी मेडिसीन
न्युरोमस्क्युलर केयर
वातनाडी तथा मांसपेशियों की शक्ति पुनर्स्थापित करने में सहायता करें
GOUTOJJAY
PEEDOJJAY
NEUROJJAY
© All Copy Rights Reserved
केवल पंजीकृत चिकित्सक, अस्पताल या प्रयोगशालाओं के लिये
शास्त्रशुद्ध, मानकीकृत, सुरक्षित एवं उत्तम गुणवत्ता के आयुर्वेद दवाईयों के निर्माता
श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड
१३५, नानुभाई देसाई रोड, खेतवाडी, मुंबई -४०० ००४.
फोन नं.:+९१-२२-६२३४ ६३००/२३८२ ५८८८
विस्तार
कंज्यूमर आयुर्वेद
Toll Free : 1-800-2 AYUSH
(Dial AYUSH as in 29874
during working hrs 9.00 to 17.00)
SDL/VS/Maheshwari/H/S/0624
E-mail : healthcare@sdlindia.com • www.sdlindia.com




## Aditya Birla Group: Making a life changing difference

We work in 7,000 villages. Reach out to 9 million people. A glimpse:

**HEALTHCARE**

Over 100 million Polio vaccinations

5,000 Medical camps / 22 Hospitals: 1 million patients treated

Over 75 deaf and mute children moved from the world of silence to the sound of music through the cochlear implant.

Reach out to over 4,000 children. Extending financial support for the chemotherapy sessions. Encouraging them in a holistic manner to get back quickly on the road to recovery.

Engaged in prevention of cervical cancer through the administration of the HR-HPV vaccine in Maharashtra. Over 4,000 girls have been vaccinated.

More than 6,600 persons had their vision restored through the Vision Foundation of India

100,000 persons tested on 32 health parameters through HealthCubed

**EDUCATION**

Our 56 schools accord quality education to 46,500 students

Mid-day meals provided to 74,000 children

Solar lamps given to 4.5 lakh children in the hinterland

Foster the cause of the girl child through 40 Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas

**SUSTAINABLE LIVELIHOODS**

100,000 people trained in skill sets

45,000 women empowered through 4,500 SHGs

200,000 farmers on board our agro-based training projects

And much more is being done through the Aditya Birla Centre for Community Initiatives and Rural Development, spearheaded by Mrs. Rajashree Birla. Because we care.

**NUMBERS MEAN A LOT**
**BUT A SMILE MEANS EVERYTHING!**

ADITYA BIRLA GROUP
Engage. Uplift. Empower






RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2023-2025
**Despatch Date - 02 July, 2024**

If Undelivered Please Return To
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com

https://www.facebook.com/smtmagazine/
https://srimaheshwaritimes.com